समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-196
लखनऊ, सोमवार 04 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अपराध मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : ब्रजेश पाठक 03

यह समय जीत प्राप्त करने का है : भागवत 12

क्षतिग्रस्त फसलों का चौबीस घंटे के अन्दर मिलेगा मुआवजा : योगी

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। यूपी में किसानों के लिए खुसी की खबर है। योगी सरकार ने बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान को लेकर एक ऐलान किया है। सरकार ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों की नुकसान की भरपाई सरकार प्राथमिकता पर करेगी। अब असमय बारिश और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का 24 घंटे के अंदर मुआवजा मिलेगा।

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश भेज दिया है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों कुछ जिलों में कहीं-

कहीं बेमौसम भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान और ओलावृष्टि हुई है। इससे फसलों को क्षति पहुंची है। फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को कृषि निवेश अनुदान योजना के तहत राज्य आपदा मोचक निधि से सहायता देने का फैसला किया गया है।

इस संबंध में जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कैंप लगाकर सर्वे कराया जाए। इसमें जिन किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान हुआ है, उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। इसके लिए किसानों का डाटा एकत्र किया जाएगा और उसे राहत आयुक्त की वेबसाइट पर जल्द फीड किया जाएगा। ताकि किसानों को फसलों की क्षति की भरपाई हो सके।

यूपी में प्रकृति का कहर, आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि के बाद बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को चार लोगों की मौत हो गयी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि बिजली गिरने से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की खबर है। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि हुई। आयुक्त के अनुसार अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं ,बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बरेली, देवरिया, एटा, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कानपुर नगर, रामपुर, संभल, संत कबीर नगर, भदोही, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र, सुलतानपुर, उन्नाव, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, मऊ और रायबरेली जिलों में भी बारिश की खबर है। उन्होंने बताया कि मथुरा में अत्यधिक बारिश के कारण एक मकान गिरने की सूचना है, जहां जांच के लिए तहसीलदार को भेजा गया है। सहारनपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।

अभी भी बारिश के आसार, ओलावृष्टि की भी संभावना

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और तीन दिनों से स्थानीय स्तर पर बारिश हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी भी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही मेघ गर्जन और ओलावृष्टि भी स्थानीय स्तर पर होने की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि मौसम की गतिविधियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में आगामी दो दिन स्थानीय स्तर पर लगभग सभी जनपदों पर बारिश की संभावना है। मेघ गर्जन और ओलावृष्टि फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव के आसार हैं।

शस्त्रागार लूट मामले में सीबीआई ने सात के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में सात आरोपियों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन उर्फ थपकपा, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत उर्फ किशोरजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा उर्फ माइकल, कोंथौजम रोमोजीत मेइती उर्फ रोमोजीत और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं। भीड़ ने पिछले साल तीन अगस्त को बिष्णुपुर के नारानसीना में द्वितीय इंडिया रिजर्व बटालियन मुख्यालय के दो कमरों से 300 से अधिक हथियार, 19,800 गोला-बारूद और अन्य सामान लूट लिया था। अधिकारियों के मुताबिक, भीड़ ने 9,000 कारतूस, एके श्रृंखला की एक असॉल्ट राइफल, तीन 'घातक राइफल, 195 सेल्फ-लोडिंग राइफल, पांच एमपी-4 बंदूक, 16.9 एमएम की पिस्तौल, 25 बुलेटप्रूफजैकेट, 21 कार्बाइन, 124 हथगोले सहित अन्य हथियार लूट लिए थे।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने की राजनीति से संन्यास की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने कैरियर का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे।

भाजपा ने किया असम लोकसभा क्षेत्रों के नाम की सूची में संशोधन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सूची में असम से जुड़ी सीटों के नामों में संशोधन जारी किया है। भाजपा ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसमें मंगलदाई और कलियाबोर सीटें भी शामिल थीं। यह दोनों सीटें हाल ही में हुए परिसिमन के बाद अब लोकसभा क्षेत्र नहीं हैं। नई संशोधित सूची में लोकसभा क्षेत्र दारंग उदालगुरी से दिलीप सैकिया, दीफू (एसटी) क्षेत्र से अमर सिंह तिस्सो, करीमगंज क्षेत्र से कृपानाथ मल्लाह, काजीरंगा क्षेत्र से कामाख्या प्रसाद तासा, सोनितपुर क्षेत्र से रंजित दत्ता उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र से बिजुली कलिता मेधी, लखीमपुर से प्रदान बरुआ, सिलचल (एससी) से परिमल शुक्लाबैद्य, डिब्रूगढ़ से सर्बानंद सोनोवाल, नौगांव से सुरेश बोरा और जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से तोपोन कुमार गोगोई उम्मीदवार होंगे।

छत से गिरी ग्रिल, दो लोगों की मौत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के एक मॉल में लोगों के ऊपर मलबा गिरने से बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, ब्लू सफायर मॉल की छत से ग्रिल गिरने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। पीड़ितों की पहचान हरेंद्र भाटी और शकील के रूप में हुई, जिनकी उम्र 35 वर्ष थी। छत की ग्रिल गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गाजियाबाद के रहने वाले थे। इस घटना से मॉल जाने वालों में दहशत फैल गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मी फिलहाल घटनास्थल पर मौजूद हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एसआई ने गोली मारकर की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक उप-निरीक्षक ने पूर्वी दिल्ली में अपने फ्लैट में कथित तौर पर पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. गणेश के रूप में हुई है, जो वर्तमान में यहां मधुर विहार पुलिस थाने में तैनात थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में लगभग दो बजे एसआई के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को फोन किया और कहा कि अधिकारी उनकी कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को होगी जेल : योगी

समृद्धि न्यूज।

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए आज कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा।

आश्वासन

- प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता
- सीएम ने 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन किए वितरित

आज देश बदल चुका है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश बदल चुका है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। जबकि पहले युवा, आस्था, समृद्धि और सुरक्षा की चर्चा नहीं होती थी। 2014 के पहले यही हालात थे। आज देशए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया और कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने का मतलब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

आंखें दिखाने वाले को सबक सिखाया जायेगा

सीएम ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्मार्ट क्लास का उपयोग जरूर करें, पूरी दुनिया इससे जुड़ रही है। इसे लगाने वाली कंपनी कुछ समय तक फ्री सर्विस देगी। उन्होंने कहा कि जब आप सीखना प्रारम्भ करेंगे तो कहीं भी मात नहीं खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नई हो रही है। सरकार इसी हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। सरकार का संकल्प है कि यूपी का युवा दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार ने हर जिले में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की है। सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति और भारत को विकसित बनाना है। मोदी सरकार में कोई दुश्मन आंखें नहीं दिखा सकता अगर दिखाएगा तो उसे सबक भी सिखाया जाएगा।

विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें

सीएम योगी ने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार पैसा दे रही है इसलिए कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। उन्होंने कहा कि आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। योगी ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रीमियम स्मार्ट क्लास की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए सीएसआर फंड से पैसा दिलाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास को डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़कर इसे और उपयोगी बनाया जा सकता है।

एक साल में 300 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण होगा : आईटी मंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश न केवल 2029 तक सेमीकंडक्टर की अपनी मांग को पूरा करेगा, बल्कि एक साल में 300 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण करते हुए उनका निर्यात भी शुरू कर देगा। मंत्री ने कहा कि भारत अब ऐसी स्थिति में है जहां डिजाइन को असेंबली, परीक्षण, मार्किंग, पैकेजिंग (एटीएमपी) और निर्माण क्षमताओं द्वारा पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरी सेमीकंडक्टर श्रृंखला को भारत में लाएगा। मंत्री ने कहा कि हमारी (सेमीकंडक्टर) आवश्यकताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भारत में बनाया जाएगा। हम भी प्रमुख निर्यातक बन जाएंगे, जैसे हम मोबाइल फोन के प्रमुख निर्यातक बन गए हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए लगभग 26 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के पास हैं।

अब छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान

आश्वासन

- विधानसभा में किसान आंदोलन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे सरकार : पंधेर

एजेंसी।

चंडीगढ़। शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी रविवार को किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी।

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण की अंतिम अरदास के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर के किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बजाए रेलगाड़ियों, बसों तथा अन्य साधनों से 6 मार्च तक दिल्ली पहुंचने का आहवान किया गया है। शंभू, खनौरी व अन्य स्थानों पर धरना दे रहे किसान भी 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। पंधेर ने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आए या फिर पैदल आए। वे सभी दिल्ली के लिए कूच करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि क्या वह किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के दिल्ली आने देगी। हरियाणा-पंजाब के खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ऐसे ही आंदोलन चलेगा।

दस मार्च को देशभर में रोकी जाएंगी रेलगाड़ियां

पंधेर ने कहा कि देशभर के किसान संगठनों की मदद से 10 मार्च को भारत में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलगाड़ियां रोकी जाएंगी। रेलगाड़ियों को कहां-कहां रोका जाएगा, इसका कार्यक्रम बहुत जल्द जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि ट्रेन-बस से किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली जा रहे बिहार-कर्नाटक के किसानों को पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार किया। अब दोनों संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने फैसला लिया कि 6 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली कूच करेंगे। पंजाब सरकार को भी घेरते हुए पंधेर ने कहा कि शुभकरण केस में एफआईआर दर्ज करने के नाम पर खानापूर्ति की गई है। जो किसान घायल हैं और अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं, उनके बयान लेकर अलग से एफआईआर दर्ज की जाए। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार इसी सत्र के दौरान विधानसभा में किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए भी प्रस्ताव पारित करे।

नौसेना के जहाज से नाविक साहिल वर्मा लापता, बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश

दुर्भाग्यपूर्ण घटना

- बड़े पैमाने पर खोज अभियान के बावजूद छह दिन से पता नहीं चल पाया

एजेंसी।

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के जहाज से लापता नाविक साहिल वर्मा का छह दिनों बाद भी पता नहीं चल पाया है। उनकी खोज के लिए नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। इस बीच पश्चिमी नौसेना कमान ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये हैं।

भारतीय नौसेना का एक नाविक 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता है और उसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में साहिल वर्मा सीमैन II के 27 फरवरी से तैनाती के दौरान समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। घटना की सटीक परिस्थितियों का तत्काल पता नहीं चल पाया है।

पवन सिंह का चुनाव लड़ने से इनकार

एजेंसी।

कोलकाता। भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के कोयलांचल क्षेत्र आसनसोल से उम्मीदवार के तौर पर घोषित किए गए भोजपुरिया स्टार और मशहूर सिंगर पवन सिंह ने यू टर्न ले लिया है। शनिवार शाम जब उन्हें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का आभार जता रहे थे और कहा था कि वह आसनसोल की जनता पर भरोसा करते हैं। इसके बाद रविवार दोपहर उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

सूत्रों ने बताया कि भोजपुरी गानों को लेकर हुए विवाद के बाद ही उन्होंने यह निर्णय लिया है। रविवार दोपहर पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

यू टर्न

- किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा : पवन सिंह

इधर, दूसरी ओर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पवन सिंह के इस पीछे हटने के कदम पर भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि खेला शुरू हो गया है।

शाहबाज शरीफ चुने गये पाकिस्तान के नये पीएम



एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार शाहबाज शरीफ को रविवार को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री चुना गया। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने घोषणा की कि संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में रविवार को हुए मतदान में जीत हासिल करने के बाद श्री शरीफ को प्रधानमंत्री चुन लिया गया। पीएमएल-एन अध्यक्ष शरीफ ने मतदान के दौरान डाले गये कुल 293 वोटों में से 201 वोट हासिल करके चुनाव जीता। उन्होंने बताया कि श्री शरीफ के एकमात्र प्रतिद्वंद्वी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संयुक्त उम्मीदवार उमर अयूब खान ने 92 वोट हासिल किये।

लोकसभा चुनाव 20 सांसदों की धुकधुकी तेज, सहयोगी दलों को मिलेंगी आधा दर्जन सीटें

यूपी की 29 सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी का संशय बरकरार

रालोद को मिल सकती है दो सीटे

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। बीजेपी की दूसरी लिस्ट आने का सबको बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि असल असमंजस तो इन्ही सीटों पर है। किसका टिकट कट जाए,कहा नही जा सकती है। पहली सूची में तो ज्यादातरदिग्गज शामिल हैं। लोंगो को पहले से उम्मीद थी कि इनका टिकट नहीं कटेगा ।भाजपा ने अभी उत्तर प्रदेश की जिन 29 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं, उनमें रायबरेली सहित पार्टी की सात हारी सीटें शामिल हैं। शेष 22 सीटों में दो उसके सहयोगी अपना दल एस के पास हैं जबकि बाकी 20 सीटें भाजपा के कब्जे में हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश से अपने 64 में 44 सांसदों को फिर टिकट दिया है। पार्टी के बाकी 20 सांसदों की धुकधुकी तेज है। बची हुई सीटों में से कुछ ऐसी हैं जिन पर वर्तमान सांसद की आयु 75 वर्ष के दायरे में होने, उनके विवादों में घिरे होने या फिर किसी उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश के कारण अभी मंथन जारी है। पहली सूची में जिन 29 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं उनमें 20 सीटों पर उसके सांसद हैं उनमें गाजियाबाद से विजय कुमार सिंह, मेरठ से राजेन्द्र अग्रवाल, बागपत से डा. सत्यपाल सिंह, हाथरस से राजवीर दिलेर, बदायूं से संघमित्रा मौर्या, फिरोजाबाद डा. चन्द्र जादौन सेन, कानपुर के सत्यदेव पचौरी, पीलीभीत से फिरोज वरुण गांधी, मछलीशहर से भोला सिंह बीपी सरोज, भदोही से रमेश बिंद, सुलतानपुर से मेनका संजय गांधी, बरेली से संतोष गंगवार, अलीगढ़ से सतीश कुमार गौतम, इलाहाबाद रीता बहुगुणा जोशी, कौशाम्बी से विनोद कुमार सोनकर, बहराइच से अक्षयवर लाल, कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह, फूलपुर से केसरी देवी पटेल, देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी और बलिया से वीरेन्द्र सिंह हैं।विभिन्न कारणों से इनमें से कई सांसदों के टिकट कटना तय है। राबर्ट्सगंज व मीरजापुर लोकसभा सीट से एनडीए में शामिल अपना दल एस के सांसद हैं। बिजनौर, सहारनपुर, मुरादाबाद, मैनपुरी, रायबरेली, गाजीपुर और घोसी सीटों पर भाजपा पिछले चुनाव में हार गई थी। अपना दल एस को उसकी दो मौजूदा सीटेंराबर्ट्सगंज, मीरजापुर देने के अलावा भाजपा एनडीए में शामिल अपने नए सहयोगी रालोद को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दो सीटें बागपत और बिजनौर दे सकती है। रालोद तीन सीटों की मांग करता रहा है। पूर्वांचल की एक-एक सीट सुभासपा और निषाद पार्टी के खाते में जायेगी। गाजीपुर व घोसी सीट इन दलों को दी जा सकती है। अन्य हारी सीटों में पार्टी कुछ पर बसपा व सपा के मौजूदा सांसदों को भी मौका दे सकती है। पिछले चुनाव में अमेठी सीट पर कब्जा जमाने के बाद भाजपा की नजर कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली रायबरेली सीट पर है। 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव से पहले विधान सभा में सपा के मुख्य सचेतक पद से त्यागपत्र देकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में क्रास वोटिंग करने वाले ऊंचाहार के विधायक मनोज कुमार पांडेय को भाजपा रायबरेली से उम्मीदवार बना सकती है।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए भरी हुंकार

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

लोक सभा चुनाव 2024 में पूरे देश के लोग चाहते थे कि भाजपा को हराने के लिए एक सशक्त गठबंधन बने और इंडिया गठबंधन बन गया हमारे नेता का नारा पी.डी.ए. है जो घर-घर पहुंच गया है पी.डी.ए. अब जाग गया है अब देश से किसान युवा महिला विरोधी युवा विरोधी फिरकापरस्त ताकतों को जाने में देर नहीं लगेगी हमारा समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता आगे निकलकर कंधे से कंधा मिलाकर गठबंधन के प्रत्याशी के साथ चलेगा हमारे तीन विधायक हैं लोकसभा क्षेत्र में पीडीए भरा पड़ा है हमे 200 वोटो से चुनाव हरा दिया गया था लेकिन हम कुर्सी विधानसभा से 10000 वोटो से तनुज पुनिया को जिताकर भेजेंगे।

उक्त उदगार पूर्व कारागार मंत्री समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता राकेश वर्मा ने आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में स्थानीय लखपेड़ा बाग स्थित नोवेल्टी लॉन में समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनों की सामूहिक बैठक में व्यक्त किया बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज तथा संचालन समाजवादी पार्टी के महासचिव हिमांशु यादव तथा प्रीतम सिंह ने संयुक्त रूप से किया बैठक में पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, फरीद महफूज किदवई, गौरव रावत, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व विधायक रतनलाल राव, रामगोपाल रावत, राजलक्ष्मी वर्मा, राममगन रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, तथा इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया विशेष रूप से मौजूद थे।

पूर्व लोक निर्माण मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने की अपील के साथ कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी का गठबंधन हुआ है। पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने गठबंधन एवं चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव देश में लोकतंत्र तथा संविधान को बचाने का चुनाव है और आज हमें समाजवादी पार्टी के साथियों का साथ मिला है हम हर हाल में भाजपा को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा को हराना ही इंडिया गठबंधन का उद्देश्य है संसदीय क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए समाजवादी पार्टी के मुखिया ने यह सीट कांग्रेस पार्टी के लिए छोड़ा है मैं समाजवादी पार्टी तथा अपने कांग्रेस के साथियों को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर अपेक्षा पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई, सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने पूर्व सांसद रामसागर रावत पूर्व मंत्री नकुल दुबे रतनलाल राव राजलक्ष्मी वर्मा पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू राममगन रावत राम गोपाल रावत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर इरशाद अहमद कमर सिकंदर अब्बास रिजवी रामकुमार लोधी नेक चंद त्रिपाठी आदि वक्ताओं ने फिरकापरस्त ताकतों को हराने के लिए गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जीतने की अपील की।

कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटो वाला ने बैठक में आए पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, अध्यक्ष, प्रमुख जिला पंचायत सदस्यों, सभासदों, पूर्व प्रमुख सहित सभी समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने की अपील की।

स्वास्थ्य विभाग की मनमानी, ग्रामीणों पर पड़ रही भारी

हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

सरकार जहां स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है वहीं इसी विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी सरकार की इस मंशा को नाकाम करने का काम कर रहे हैं। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत सहावर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का है जहां 3: 00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद मिला। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर स्वास्थ्य मेला की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई है जिसमे अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और समाज में हर किसी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप हर गांव/कस्बे में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण करने के लिए की गई है। परंतु स्वास्थ्य विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के चलते ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। जब भी संबंध में अधीक्षक डॉक्टर प्रणव श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहावर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन तो किया गया है। जल्दी अस्पताल बंद होने के बात पर अधीक्षक ने कहा कि इस पर स्वास्थ्य मेले में मौजूद कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

टिकट व जलवा बरकरार, बाराबंकी में उपेंद्र रावत दूसरी बार

- टिकट मिलने के बाद सांसद उपेंद्र रावत ने महाभारतकालीन श्री औसानेश्वर महादेव पहुंचकर किया पूजन अर्चन

हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

भाजपा ने बाराबंकी में अपने सांसद उपेंद्र सिंह रावत पर दोबारा विश्वास जताते हुए उन्हें पार्टी का टिकट दिया है।

इसकी घोषणा होते ही भाजपाइयों व श्री रावत के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। टिकट मिलने के पश्चात सांसद उपेंद्र रावत ने सुप्रसिद्ध औसानेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर बाबा महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया और पुनः टिकट देने पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह युवा नेता शक्ति सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू हितेंद्र विजय सिंह कुंवर रामानंद सिंह आशाराम वर्मा अभय प्रताप सिंह गुड्डू अजय प्रताप सिंह भानू बाजपेई भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान पंकज सिंह मनोज सिंह अतुल सिंह रावत लक्ष्मी नारायण साहू पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ननकऊ साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर मिश्रा युवा नेता मोहित सिंह एसपी सिंह सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गन्ना घटतौली के साथ उतराई की मार झेल रहे किसान

मितौली खीरी। क्षेत्र में गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना उतराई के नाम पर किसानों से अवैध वसूली किए जाने के कारण किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कुंभी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों से गन्ना उतराई के नाम पर 50 रु से 100रु प्रति ट्राली लिया जाता है जिसके कारण किसानों में रोष व्याप्त है । जबकि इस क्रम में जब मिल कर्मचारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया गन्ना उतराई के नाम पर एक भी पैसा नहीं लिया जा रहा है बरूई, गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना उतराई के नाम पर किसानों से कुछ नहीं लिया जा रहा है। किंतु किसानों की माने तो बरूई बीएबरुई सी तथा तथा बबौना बी गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना उतराई के नाम पर किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है।

सांसद उपेन्द्र को टिकट मिलने के बाद बधाइयों का लगा तांता

सिद्धौर बाराबंकी। भाजपा सांसद उपेंद्र सिहं रावत को बाराबंकी लोकसभा से भाजपा पार्टी द्वारा दुबारा टिकट दिए जाने के बाद रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत सिद्धौर आए वहां मौजूद सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया आदि ने सिद्धौर के मील चौराहे पर सांसद श्री रावत को ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने पुष्प गुच्छ भेंट किया व कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। स्वागत पश्चात सिद्धौर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत व सांसद उपेन्द्र रावत ने भगवान भोले शिव की पूजा आराधना किया। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा,सिद्धौर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, प्रधान सुरेंद्र कुमार, कौशलेंद्र, सर्वेश कुमार, सौरभ वर्मा, जय प्रकाश, जितेंद्र वर्मा मीनू संदीप पांडे, मदन लाल समेत पार्टी के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हेल्पेज इंडिया के तत्वावधान में लगे स्वास्थ्य शिविर में 393 मरीजों का हुआ परीक्षण

मसौली, बाराबंकी। हेल्पेज इंडिया एवं इफको-एमसी के तत्वाधान मे रविवार को ग्राम गोछौरा टिकरा मे एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विशेयज्ञ चिकित्स्को द्वारा 393 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाए एव बुजुर्गो को उपकरण वितरित किये गये। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे हड्डी रोग विशेषज्ञ रवि चोपड़ा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेणुका जनरल फिजिशियन डॉ. अमन नक्की कान नाक गला रोग. विशेषज्ञ डॉ. अर्पित सक्सेना ने खून की जांच, ब्लडशुगर एवं ब्लड ग्रुप की जांच करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण निः शुल्क दवाईयां एव बुजुर्ग लोगों को स्टिक, वॉकर का किया। इस मौके पर हेल्पज इंडिया से राज्य कार्यक्रम प्रबंधक धीरज सिंह इफको-एम.सी. से उत्कर्ष कुमार , एस एन त्रिपाठी व क्षेत्रीय प्रतिनिधि नरेंद्र यादव एवं ग्राम प्रधान मनीष वर्मा, सेनानी कृषि सेवा केंद्र प्रभारी भारत भूषण उपस्थित रहे।

तीन की बस से कुचलकर हुई मौत

मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज

शादी समारोह मे बाइक से जा रहे मां, बेटे व पोते की बस से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी मितौली शमशेर बहादुर सिंह व थानाध्यक्षा नीमगांव श्रद्धा सिंह ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

कस्ता गोला मार्ग पर गुलौला गांव के पास गौरिया कला सदर कोतवाली सीतापुर से गांव भूपतिपुर थाना नीमगांव खीरी शादी समारोह में जा रहे तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक रामगुनी (55) पत्नी जगदीश प्रसाद,पंकज शर्मा (28) पुत्र जगदीश प्रसाद व शानू (13) पुत्र पंकज शर्मा की बस से कुचलकर मौत हो गई। राहगीरों के मुताबिक गोला तरफ से आ रही बस गुलौला गांव के पास ट्रक को पास कर रही थी। बस को देखकर बाइक चला रहे पंकज ने सड़क किनारे कच्चे में बाइक उतार दी। बरसात के कारण गीली मिट्टी से बाइक सड़क पर पलट गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर गये। ट्रक को पास कर रही बस तीनों के ऊपर चढ़ गई। जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीछे से आ रहे मृतकों के परिजनों में शवों को देखते ही कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची नीमगांव थानाध्यक्षा श्रद्धा सिंह व क्षेत्राधिकारी मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

किसानों के ऊपर आफत बनकर बरस रहा पानी

- आलू, तिलहन सहित गेंहू की फसलों का हो रहा नुकसान

सिद्धौर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के चलते दलहनी और तिलहनी फसलों के अलावा गेहूं आलू आज की फसलों के नुकसान को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही है। क्षेत्र के किसानों ने आलू, सरसों, गेहूं ,चना,मसूर आदि की फैंसले की खेती की थी। खेतों में आलू खोदने की तैयारी चल रही थी। सरसों की फसल भी पक चुकी है। कुछ खेतों में तो सरसों की फसल काटी पड़ी हुई है। बारिश और तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल भी गिर जाने के कारण पैदावार पर काफी असर पड़ेगा। जिसको लेकर किसान काफी परेशान हैं। कन्हवापुर गांव निवासी राम प्रकाश वर्मा धर्मेंद्र कुमार वर्मा का कहना है मौसम की मार के चलते सरसों की फसल पहले से ही खराब हो चुकी थी।लेकिन जो कुछ बचा था लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के चलते उम्मीद ही खत्म हो चुकी है। यही हाल दुरौधा निवासी वीरपाल सिंह, कुलदीप सिंह ने बताया कि पांच बीघा आलू की फसल लगाई थी।खोदने की तैयारी चल रही थी। लेकिन बारिश के चलते यदि पानी रुक गया।तो खेत में ही आलू सड़ जाएगा जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

विराट दंगल में सन्दीप पहलवान विजयी, हुए सम्मानित

सिद्धौर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत सिद्धौर के पूरे मक्का वार्ड में दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।आज दूसरे दिन गैर प्रांत के भी पहलवानों ने हिस्सा लिया। आयोजक मंडल कमेटी द्वारा संदीप पहलवान कोटवा धाम बाराबंकी व मुन्ना टाइगर पंजाब के बीच माला पहनकर कुश्ती का शुभारंभ किया गया जिसमें संदीप पहलवान विजय हुए कमेटी द्वारा 5100 पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नगर पंचायत सिद्धौर के पूरे मक्का वार्ड में आयोजित दो दिवसीय दंगल में संदीप पहलवान बाराबंकी,मुन्ना पहलवान हरियाणा के बीच कुश्ती में कड़ा मुकाबला हुआ।इसके बाद बाराबंकी के संदीप पहलवान ने मुन्ना टाइगर को पटखनी दी,दूसरी कुश्ती विक्की पहलवान राजस्थान व मोहम्मद वकार मेरठ के बीच हुई। जिसमें मोहम्मद वकार ने बाजी मारी। तीसरी कुश्ती शमशेर पहलवान राजस्थान और कालू सिंह हरियाणा के बीच हुई जिसमें कालू पहलवान विजई हुए।लकी थापा नेपाल व ज्वाला सिंह पहलवान राजस्थान के बीच हुई जिसमें लकी थापा विजई हुए।चौथी कुश्ती महिला पहलवान प्रीति गोरखपुर व नम्रता गाजीपुर के बीच हुई जिसमें प्रीति पहलवान विजई हुई। लगातार रुक-रुक कर बारिश होने के चलते दंगल में आए कुछ पहलवान को कुश्ती दिखाने का मौका भी नहीं मिल पाया। जिसके चलते उन्हें मायूस होना पड़ा। दो दिवसीय दंगल में नगर पंचायत समेत आसपास के दर्शकों ने कुश्ती का भरपूर आनंद लिया और ताली बजाकर स्वागत किया।

बारिश से नगर के मुख्य मार्ग जलमग्न, आवागमन बाधित

मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज

शुक्रवार की आधी रात से शुरू हुई तेज बारिश रविवार तक देर शाम तक होती रही। रविवार को बारिश और तेज हवा के साथ ओले भी गिरे। रूक.रूककर तेज हुई बारिश ने नगर पालिका के सफाई के दावो की पोल खोलकर रख दी। शनिवार और रविवार को रूक रूककर हुई बरसात से पूरा नगर जलमग्न हो गया। नगर में गन्दे जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के चलते शनिवार और रविवार को हुई वर्षा से नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा, पश्चिमी लखपेड़ा, नई बस्ती सहित अधिकांश मोहल्लो में जल भराव के साथ साथ नगर के मुख्य मार्गो गुरूद्वारा रोड से जमा मस्जिद रोड मध्य उत्तर व नई बस्ती में तो यह गन्दा जल लोगो के घरो तक में घुस गया जिससे लोगो को खासी कठिनाईयो का सामना करना पड़ा। लखपेड़ा, मध्य उत्तर के लोगो कहना है कि कई बार जिम्मेदारो को जल भराव की समस्या से अवगत कराने के साथ साथ वार्ड के सभासद से भी कहा। सभासद का कहना है कि हर बार मीटिंग में मेरे द्वारा मोहल्लेवासियो की समस्या को उठाया जाता है परन्तु जिम्मेदार ध्यान नहीं देते।

जीप-बाइक की टक्कर में बाइक सवार चोटिल

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

जनपद में बीती देर रात गस्त कर रही एक पुलिस की जीप और एक बाइक को टक्कर मारी गई है जिससे बाइक चलाक व बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार स्थानीय थाने के सीयूजी नंबर के पर लोगों ने कई बार फोन भी किया लेकिन फोन नहीं उठा और हादसे की जानकारी होने के बावजूद थाना प्रभारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे जिसे लोगों में रोष भी दिखाई दिया । मिली जानकारी के अनुसार यह घटना लखीमपुर खीरी जिले के मझगई थाना क्षेत्र के पलिया निघासन मार्ग की बताई जा रही है । बताया जा रहा है कि बीती देर रात एक शादी समारोह से घर लौट रहे पति.पत्नी अपनी बाइक से अपने घर क्षेत्र के ही ग्राम बम्भनपुर ग्राम जा रहे थे इसी दौरान सामने से एक तेज रफ्तार आ रही सरकारी पुलिस की जीप ने उनका जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर बैठे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा निघासन सीएचसी पहुंचाया गयाए जहां उनका इलाज किया जा रहा है ।वही बताया जा रहा है दोनों घायल अध्यापक और अध्यापिका है। फिलहाल प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि थाना प्रभारी को कई बार कॉल की गई लेकिन उन्होंने फोन नही उठाया और

एडिशनल एसपी नेपाल सिंह ने मामले से संबंधित बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल पर भी नहीं पहुंचे। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए मझगई थाना इंचार्ज को फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। सीओ पलिया यादवेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस गेस्त कर रही थी। बारिश का समय था। सामने से गलत साइड से बाइक आ रही थी। बाइक सवार ने अचानक ब्रेक मारी जिसके चलते बाइक स्लिप होकर गिर पड़ी। दोनों पक्षों को मामूली चोटे आई हैं किसी भी तरफ से कोई लिखित कार्यवाही के लिए तहरीर नहीं दी गई है। दोनों पक्षों से चोटिल लोगों का इलाज चल रहा है। यदि कोई तहरीर आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

तक्षशिला गुरुकुल में आयोजित की ईएनटी परीक्षण कार्यशाला

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

विश्व श्रवण दिवस 3 मार्च के मौके पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा लखीमपुर स्थित तक्षशिला गुरुकुल में ऑडियोलॉजी स्क्रीनिंग प्रोग्राम हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में आईएमए से जुड़े हुए चिकित्सकों ने गुरुकुल में अध्यनरत छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों के नाक, कान एवं गले के परीक्षण किए। जिन छात्रों एवं सदस्यों में स्वास्थ्यगत समस्याएं पाई गई चिकित्सकों ने उनकी नैदानिक चिकित्सा हेतु गुरुकुल प्रबंधन को आवश्यक परामर्श एवं दिशा.निर्देश प्रदान किए। गुरुकुल परिषद के आधारभूत सदस्य मयंक शकुन अवस्थी के आमंत्रण पर गुरुकुल में आयोजित हुए उक्त कार्यक्रम में डॉ अरविंद दीक्षित, डॉ.मनोज शर्मा, डॉ अखिलेश खरे, डॉ. पवन वर्मा, डॉ शिव शंकर द्विवेदी, एवं डॉ. एसके मिश्रा सहित एक दर्जन से अधिक आईएमए के वरिष्ठ चिकित्सकों का प्रतिनिधि मंडल सम्मिलित हुआ।

कबीर साहेब की भक्ति के बिना शांति मोक्ष सम्भव नही संत रामपाल जी महाराज

लखीमपुर खीरी। रविवार को सहदेवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का वेद गीता, श्री मद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि हम सभी कबीर परमेश्वर की संतान हैं और इस लोक में आने से पहले कबीर परमेश्वर के साथ सतलोक में सुखमय जीवन जीते हुए रहा करते थे जहां न जन्म था न मरण था न दुखों का पहाड़ था न पिता की मृत्यु होती थी न बेटे की और न ही अपना परिवार अलग होता था सतलोक चलने के लिए कबीर परमेश्वर की ही भक्ति करनी होगी और कबीर परमेश्वर ही दयालु परमेश्वर हैं।

खीरी से टेनी तो धौरहरा से रेखा वर्मा को मिला भाजपा का टिकट

बेलरायां,लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

तमाम अटकलों के बाद लखीमपुर खीरी की दोनों सीटों क्रमशः खीरी से अजय मिश्र टेनी सहित धौरहरा लोक सभा सीट से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा पर भाजपा नेतृत्व ने तीसरी बार भरोसा जताते एक बार फिर टिकट दे दिया है जिससे समर्थकों में एक बार खुशी की लहर दौड़ गई है।

मजबूत इतिहास के चलते अजय मिश्र टेनी भाजपा के रहे लोकप्रिय प्रत्याशी

सांसद अजय मिश्र टेनी ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत सन् 1993 से भारतीय जनता पार्टी से की थी। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रहते हुए सन् 1998 में जिला सहकारी बैंक का चुनाव लड़ा और डीसीबी के उपाध्यक्ष चयनित हुए फिर सन् 2005 में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा और पुनः रिकार्ड मतों से जीत कर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मत प्राप्त करने में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निघासन पलिया संयुक्त विधानसभा क्षेत्र का चुनाव सन् 2007 में भाजपा प्रत्याशी के रुप में लड़ा। सन् 2009 में खीरी 28 लोकसभा चुनाव में 163800 मत प्राप्त किये। सन् 2012 में निघासन में भाजपा विधायक प्रत्याशी के रुप में 35000 मतों से विजयी हुए। सन् 2014 में पुनः भाजपा ने खीरी 28 लोकसभा प्रत्याशी के रुप में अजय मिश्र टेनी पर विश्वास जताया और 110000 मतों के अन्तर विजयी हुए। सन् 2019 में खीरी 28 लोकसभा से 2,18000 मतो के अन्तर से विजयी जीत हासिल की और भारतीय जनता पार्टी ने उनके कार्यो से लगातार प्रभावित होकर दिनांक 07 जुलाई 2021 को भारत सरकार में गृह राज्यमंत्री के पद का निर्वहन करने का दायित्व दिया। बता दे खीरी सांसद अजय मिश्रा ट्रेनिंग की सदन में 96 प्रतिशत उपस्थिति रही जिसमें 246 बहसों में हिस्सा लिया। ट्रनी ने 464 सवाल पूछे और 6 निजी बिल लेकर आए। टेनी ने 2024 की लोकसभा के लिए फिर जनता के बीच पहुंचकर चुनावी बिगुल बजा दिया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में अजय मिश्रा टेनी ने सपा प्रत्याशी पूर्वी वर्मा को 218257 पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी तो वहीं धौरहरा सीट से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी बसपा प्रत्याशी अरशद सिद्दीकी को 160611 मतों से पराजित किया था। उसके बाद मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय गृहराज्य मंत्री के पद से भी नवाजा था। अजय मिश्रा टेनी को फिर से प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा होते ही जहां कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है तो दूसरी तरफयह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित गृह मंत्री अमित शाह के खासमखास रहे हैं। लोकसभा सीट क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं पर दमदार पकड़ बनाए रखने के चलते भाजपा ने फिर टिकट दे दिया है।

टेनी के टिकट मिलते ही जिले भर में उनके समर्थकों के बीच में जहां खुशी का माहौल उमड़ गया वहीं उनके समर्थकों द्वारा बधाई देने का ताता लगा रहा। बेलरायां में पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान हरीशंकर वर्मा पूर्व प्रधान, चेयरमैन क्रय विक्रय समिति वीरेन्द्र वर्मा चेयरमेन सहकारी संघ हरीश पटेल, गौरव पटेल जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नरायन वर्मा, प्रधान कुलदीप सिंह केडी व वीरेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान भैरमपुर प्रमोद वर्मा पूर्व प्रधान हरद्वाही ने मिठाई बाटी और पटाखे फोड़कर खुशी व्यक्त की।

अधेड़ का मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग भारत पेट्रोल पंप के पास पास रविवार को अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कन्जा निवासी महेश पुत्र गिरवर ;50 शनिवार की शाम लगभग 4:00 बजे गांव के ही ऋषि पाल के साथ साइकिल पर रतनपुर तक आए मृतक के भतीजे सुशील के मुताबिक वहां से बाइक सवार दो लोगों उनको मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। जिसके बाद शाम होने तक वह घर लौटकर नहीं आए। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने हर जगह पता किया लेकिन कहीं सुराग नहीं मिला।

रविवार को परिजन उनको ढूंढते खोजते हुए उचौलिया आ पहुंचे। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग भारत पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे उनका शव मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेजा।

शादी नहीं होने के कारण रहता था भतीजे के पास

वर्जन : इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मृतक शराब का आदी था। मृतक के भतीजे सुशील की तहरीर के आधार पर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के ही बाद घटना का पता चल पाएगा।

मृतक महेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था शादी न होने के कारण वह अपने भतीजे सुशील के साथ रहता था। भतीजे सुशील ने हत्या की आशंका जताई। मृतक के भतीजे सुशील के मुताबिक मृतक की गर्दन में सूजन थी हाथ और पैर में चोट थी और कान से खून भी निकल रहा था।

इजरायल में श्रमिकों की भर्ती के लिए लगी लंबी लाइन

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। इजरायल जाने के लिए रविवार को 5 हजार की संख्या में श्रमिक आईटीआई अलीगंज पहुंचे। बारिश और तेज हवाओं के बावजूद बड़ी संख्या में श्रमिक आईटीआई परिसर में मौजूद रहे। इजरायल से आए एक्सपर्ट डेलिगेशन की निगरानी में 4 कैटेगरी में ट्रायल चल रहा है। ये स्किल टेस्ट 7 मार्च तक चलना है।

इस दौरान 5 हजार श्रमिकों के चयन का लक्ष्य है। इससे पहले फर्स्ट फेज सिलेक्शन में 5 हजार 87 श्रमिकों का चयन किया गया था। आईटीआई अलीगंज के प्रिंसिपल राजकुमार ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा बनाए गए शेड्यूल के मुताबिक ही पहले से रजिस्टर्ड श्रमिकों को अंदर एंट्री दी जा रही हैं। फिलहाल 4 कैटेगरी में ही भर्ती की जा रही है। इनमें प्लास्टर का काम करने वाले राजगीर मिस्त्री, शटरिंग का काम करने वाले कारपेंटर, टाइल्स लगाने वाले मिस्त्री और आयरन बेंडिंग का काम करने वाले कारीगर शामिल हैं। आज सुबह से ही बारिश हो रही हैं। इस दौरान जो भी श्रमिक आईटीआई परिसर के पार्क या अन्य भाग में खुले में मौजूद हैं, उन्हें अंदर लाया गया हैं। इजरायल से आई टीम की निगरानी में चयन प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं।

हर पात्र व्यक्ति को मिले पीएम-सीएम आवास योजना का लाभ : मुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए।

यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान नहीं मिल पाया है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए।

सुबह हल्की बारिश होने के कारण लोगों की सहूलियत के लिए इस बार

जनता दर्शन का आयोजन मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें।

उन्होंने कहा कि पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकने पाएगा : योगी

इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

खबरें एक नजर में

रानी पक्षालिका सिंह बनीं यूपी रोइंग एसो. की अध्यक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की रविवार को हुई आमसभा की बैठक में हुए चुनावों में भाजपा विधायक रानी पक्षालिका सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया है। रविवार को होटल गोल्डन ट्यूलिप में हुए चुनावों में राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा पुन रू मुख्य संरक्षक के पद पर चुने गए जबकि सचिव के पद पर सुधीर शर्मा पुनरू निर्वाचित हुए है। कोषाध्यक्ष के पद पर कविता अग्रवाल को चुना गया। चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (आईपीएस) बने। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी (ओएसडी), उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी (क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ) व रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया के पर्यवेक्षक केके सिंह की निगरानी में हुए इन चुनावों में सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग आफिसर रविन कपूर व सहायक रिटर्निंग आफिसर अखिलेश तिवारी (एडवोकेट हाईकोर्ट) ने परिणामों की घोषणा की। इसके साथ रेणुका मिश्रा (आईपीएस) चेयरमैन के पद पर बनीं।

मुस्लिम समाज के लोग करेंगे रामलला के दर्शन

लखनऊ। मुस्लिम समाज के एक हजार लोग राम लला के दर्शन करेंगे। लखनऊ से अयोध्या के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आज रवाना हुए। इस मौके पर लोगों ने बताया कि सरयू नदी में स्नान करने के बाद श्री राम जन्म भूमि मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के बैनर तले यूपी के विभिन्न जिलों से लोग अयोध्या पहुंच रहे। इस दौरान समाज के लोग राम लला के विग्रह के दर्शन करेंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक इस्लाम अब्बास के साथ समाज के लोग अयोध्या जा रहे। उन्होंने कहा कि भगवान राम का चरित्र आदर्श है। वह हम सभी के ईश्वर हैं। श्रद्धा के साथ दर्शन करने जा रहे। भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलते हुए लोग अयोध्या के लिए रवाना हुए। मुस्लिम समुदाय के लोग अयोध्या के राम घाट पर इकट्ठा हो रहे। इसके बाद दर्शन करेंगे। ताहिर अब्बास नकवी ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़े हुए हैं। भगवान श्री राम हिंदुस्तानियों के खुदा हैं। हिंदू मुस्लिम सब एक हैं। सरयू में नहाने के बाद करेंगे दर्शन करेंगे। इससे हिंदू मुस्लिम के बीच में बढ़ाई गई दूरियों को कम करने में मदद मिलेगी।

आईएएस अफसर डॉ. हीरा लाल को मिला रमन पुरस्कार

लखनऊ। वरिष्ठ आईएएस अफ़सर डॉ. हीरा लाल को उत्तर प्रदेश सरकार की अद्वितीय योजना के तहत राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने वार्षिक पुरस्कार समारोह के विशिष्ट रमनलाल अग्रवाल रमन पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सम्पन्न हुआ। डॉ. हीरा लाल की उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए उन्हें इस गर्वित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ हीरा लाल को अद्वितीय नेतृत्व और परिवर्तनात्मक कार्यों के लिए जाना जाता है।उनकी पहचान पुस्तक डायनेमिक डीएम के लेखक के रूप में भी हैं। रमनलाल अग्रवाल रमन पुरस्कार, उनकी असाधारण उपलब्धियों की सराहना करता है और उनके सर्वोत्कृष्ट सेवा और प्रेम की कड़ी की पुनरावृत्ति करता है। अपने स्वागत भाषण में डॉ हीरा लाल ने पुरस्कार के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और उन्होंने अपने अद्वितीय योगदान के लिए आम लोगों को, उनके सहकर्मियों, गुरुओं और शुभचिंतकों को समर्पित किया।

खड़ी कार में मिला पशु अधिकारी का शव

लखनऊ। बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड पर एक कार के अंदर मिले युवक के शव की कुछ ही घंटे में शिनाख्त कर ली गई। युवक हरदोई में तैनात पशु अधिकारी के रूप में की है।
थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड स्थित बड़ी बाजार के सामने कार में औंधे मुंह एक युवक पड़ा हुआ है। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त के लिए तलाशी ली गई। जेब से मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान इंदिरानगर के पटेल नगर योजना सेक्टर-आठ विमल कुमार सिंह (44) के रूप में की। वह हरदोई में पशु अधिकारी के रूप में तैनात था। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

सड़क धंसी, कार गड्ढे में लटकी, दो राहगीर गिरे

लखनऊ। सरकार एक तरफगड्ढा मुक्त सड़क अभियान चला रही है, दूसरी तरफ लखनऊ के विकास नगर में ही 30 फीट चौड़ी सड़क में 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। विकास नगर में सेक्टर चार के पास बनी सड़क बारिश में रविवार को 20 फीट धंस गई। इसमें दो राहगीर भी गिर गए, जबकि एक कार गड्ढे में फंस गई। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। लोगों की परेशानी बढ़ने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया। पावर हाउस की ओर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है। यहां रहने वाले पीके सिंह ने बताया कि यह सड़क पहले भी एक बार धंस चुकी है।

अपराध मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : ब्रजेश पाठक

- उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का अधिवेशन संपन्न,
- सेवा पथ पत्रिका का विमोचन

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शामिल हुए।

अपने सम्बोधन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अपराध मुक्त समाज बनाने का कार्य जो संस्था के द्वारा किया जा रहा है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। अपराध मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। समिति मानव जाति की कल्याण एवं राष्ट्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है।

उन्होंने कारागार में बंदीयो के कल्याण मुक्त बंदी, निराश्रित महिलाएं एवं असहाय बच्चों के पुनर्वास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जेल मंत्री तथा सरकार से समिति की बात रखने का आश्वासन दिया। ताकि सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिल सके।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना उच्च न्यायालय प्रयागराज ने अपने संबोधन में कहा कि नैसर्गिक न्याय के तहत समाज को जागरूक करना होगा, ताकि लोग अपराध की तरफन बढ़े और समाज अपराध मुक्त रहे। कमलेश श्रीवास्तव अध्यक्ष आप्रध निरोधक समिति ने कहा कि इस समिति की स्थापना सन 1938 में हुई थी।

समिति लगातार 86 वर्षों से अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रही है। जाति, धर्म, संप्रदाय के भेदभाव मूलक बंधन से स्वयं को अछूता रखते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। इं. हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम बहुत चल रहा है। इस पर सरकार और समिति को समन्वय के साथ जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

एसपी मिश्रा 'सेनानी' एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज को अपराध मुक्त करने के लिए हमें टीम भावना से हर मंडल, हर जिले, हर गांव में जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार आयोजित करने होंगे। जब समाज जागरूक होगा, तो अवश्य ही अपराध मुक्त समाज होगा।

सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी आरएस वर्मा ने संस्था के आए हुए सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को हर प्रकार की हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर सेवा पथ पत्रिका का विमोचन समस्त अतिथियों द्वारा किसान गया। यह पत्रिका समाज को एक नई दिशा देने में सहायक होगी। कार्यक्रम का के सफल आयोजन में संतोष श्रीवास्तव, प्रथमेश मिश्रा, डॉ. संजय कुमार, श्रीकृष्ण अवस्थी एवं समस्त जिलों से आए हुए पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

मंत्री ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसागंज में वृहद स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया। मेले में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभागों के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और जनता को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

स्वास्थ्य विभाग की स्टॉलों पर पहुंचकर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वह क्षेत्र में भ्रमण कर सरकार द्वारा लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करें और उन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करे। उन्होने बताया कि सिरसागंज में 50 बैड का आयुर्वेदिक अस्पताल स्वीकृत कराया है, जिसके लिए सिरसागंज क्षेत्र में जमीन भी चिन्हित कराई जा चुकी है। इस अस्पताल में आयुर्वेदिक, यूनानी पद्धति से क्षेत्रवासी व जनपद वासियों का इलाज किया जाएगा, इससे हमारी ऋषि मुनियों की आयुर्वेदिक धरोहर को बढावा मिलेगा। इसी प्रकार से उन्होने फिरोजाबाद से सिरसागंज की ओर आने वाले एन एच 2 पर सिरसागंज के प्रवेश मार्ग पर साढे बारह फुट ऊची

- देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश तो उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन बनेगा फिरोजाबाद : जयवीर

प्रतिमा को स्थापित कराया है, जिसका वह 10 मार्च को लोकार्पण करेंगे और उसके बाद से वह स्थान महाराणा चौक से जाना जाएगा। उन्होने कहा कि देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश बन रहा है तो वहीं उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन फिरोजाबाद बनेगा, इसके लिए फिरोजाबाद में 2 हजार 500 करोड़ का इंवेस्ट धरातल पर है और अभी यूपीडा द्वारा लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के किनारे उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन भी अधिग्रहित की जा रही है, जिसमें बडे-बडे उद्योग स्थापित होंगे और हमारा फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन बनेगा।

प्राणी उद्यान में विश्व वन्यजीव दिवस समारोह का आयोजन

- वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा : अरूण

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ स्थित सारस प्रेक्षागृह में विश्व वन्यजीव दिवस-2024 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा अरूण कुमार की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने सारस प्रेक्षागृह के सामने लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। निदेशक प्राणी उद्यान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा अरूण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमें धरती पर मौजूद अद्भुत वन्य जीवों के महत्व को याद दिलाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सभी इस पृथ्वी के सहयोगी हैं और इसका हमारे वन्य जीवों के साथ एक संवाद और समर्थन निभाने का दायित्व है। आज, हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर वन्य जीवों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। हमें अपनी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने के लिए जुटना होगा, क्योंकि वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा है।

सपा : नरेश, बलराम और गुड्डू जमाली को भेजेगी विधान परिषद

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने विधान परिषद चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी तय कर लिए हैं। समाजवादी पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलराम यादव और पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को विधान परिषद में भेजेगी। सहमति बन चुकी है, सिर्फ घोषणा बाकी है।भाजपा के यशवंत, विजय बहादुर पाठक, विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजनी अग्रवाल, अशोक कटारिया, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, महेंद्र कुमार सिंह, निर्मला पासवान, मोहसिन रजा, अपना दल एस के आशीष पटेल, बसपा के भीमराव आंबेडकर और सपा के नरेश उत्तम पटेल का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इन सदस्यों की सीट पर चुनाव प्रक्रिया चल रही है।विधान परिषद के इस चुनाव में विधानसभा सदस्य वोट देंगे। पांच मई को13 सीटें रिक्त होंगी, जिनके लिए चुनाव कराया जा रहा है। विधायकों के संख्या बल के लिहाज से सपा तीन प्रत्याशियों को विधान परिषद भेज सकती है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल वर्तमान में एमएलसी हैं और उनका कार्यकाल भी पांच मई को खत्म हो रहा है। वह तीन बार एमएलसी और दो बार विधायक चुने जा चुके हैं। पार्टी ने उन्हें चौथी बार विधान परिषद भेजने का फैसला किया है।हाल में सपा में शामिल हुए बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को विधान परिषद में भेजने का निर्णय लिया गया है। 2022 में आजमगढ़ में हुए लोकसभा उप चुनाव में गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिले थे और सपा के धर्मेंद्र यादव करीब 8 हजार मतों से हार गए थे। आजमगढ़ सीट जीतने की रणनीति के साथ जमाली को विधान परिषद भेजा जा रहा है। आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का लड़ना तय माना जा रहा है।अखिलेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री रहे बलराम यादव को भी सपा इस बार विधान परिषद भेजेगी। आजमगढ़ निवासी बलराम यादव छह बार विधायक और तीन बार एमएलसी रह चुके हैं। उनके बेटे संग्राम सिंह यादव सपा से विधायक हैं।

समाजवादी पार्टी

13 सीटों पर होने जा रहा है चुनाव

एमएलसी चुनाव के लिए बीजेपी ने भेजा 36 नामों का पैनल

- सहयोगियों को भी देंगे मौका, 10 सीटों पर एनडीए की जीत तय

भा. ज. पा.

उत्तर प्रदेश में कल से एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन शुरू होने वाला है। इस चुनाव को लेकर राज्य में फिर से एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच रोचक जंग देखने को मिलेगी। बीजेपी फिर सपा विधायकों के बागी तेवर का फायदा उठाने की कोशिश करेगी तो दूसरी ओर अखिलेश यादव के लिए अपने सहयोगियों को मनाना चुनौती होगी। बीजेपी ने इस चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम पर मंथन शुरू कर दिया है। राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद पार्टी आगे की रणनीति को धार देने में लगी है। सीएम आवास पर कल शनिवार को यूपी बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक हुई है। बैठक के बाद एमएलसी चुनाव के लिए 36 नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा गया है। विधान परिषद की 13 सीटें छह मई को खाली हो रही हैं,इसके लिए चुनाव का एलान हो चुका है।13 सीटों में से अभी बीजेपी गठबंधन के पास 10 सीटे हैं। जिन उम्मीदवारों का कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल भी हैं। बीजेपी की इस चुनाव में फिर दस सीटों पर जीत तय मानी जा रही है। एक सीट पर फिर आशीष पटेल को मौका मिलने वाला है। एक सीट अपना दल एस के खाते में जाना तय है। 9 सीटों के लिए बीजेपी की कोर कमेटी ने हर सीट के हिसाब से चार-चार नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व को भेजा है। शनिवार को हुई बैठक में सीएम योगी के अलावा यूपी बीजेपी के प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के अलावा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद थे।

सियासी रंग — कुछ सीटों पर जिनके खिलाफ लड़े, उन्ही के लिए 24 में मांगेगे वोट

यूपी की 23 सीटों पर होगी सपा-भाजपा के बीच कड़ी जंग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। राजनीति में न कोई स्थाई मित्र और न दुश्मन,जिसके खिलाफचुनाव लड़ चुके ,उन्ही का अगले चुनाव में प्रचार करते अक्सर श्नेताजीश्दिखते हैं। कभी अपने पिता अजित सिंह के लिए जिसके खिलाफ वोट मांग रहे थे जयंत चौधरी, उन्ही संजीव बालियान के पक्ष में 2024 के चुनाव में मंच साझा करेंगे ।यह अकेली सीट नही है, कई जगहों पर ऐसा दिखेगा। बाराबंकी समाजवादी गढ़ रहा है लेकिन इस बार सपाई कांग्रेस के प्रत्याशी पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया के लिए वोट मांगेंगे। देश में 23 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर भाजपा और सपा दोनों दलों ने प्रत्याशी उतार दिए हैं। बस्ती में एक बार फिर मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी और राम प्रसाद चौधरी आमने-सामने होंगे। पिछली बार हरीश द्विवेदी भाजपा के टिकट पर जीते थे, जबकि बस्ती सीट सपा-बसपा गठबंधन के तहत बसपा के खाते में गई थी। बसपा ने राम प्रसाद चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया था जो इस बार सपा के टिकट पर मैदान में है। लखनऊ में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह और सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के बीच भिड़ंत होनी है। मोहनलालगंज में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर का मुकाबला सपा के आर के चौधरी करेंगे ।सपा 31 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। संभल सीट के प्रत्याशी शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो चुका है, जबकि वाराणसी सीट गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में जाने के कारण सपा ने अपने प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह पटेल को हटा लिया है। सपा के 29 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। 23 सीटों पर शनिवार को भाजपा ने भी प्रत्याशी उतारकर राजनीतिक जंग साफ कर दी कि कौन किसके मुकाबिल होगा ।जिन 23 सीटों पर सपा-भाजपा में टक्कर होनी है उनमें कैराना, मुजफ्फरनगर, एटा, आंवला, शाहजहांपुर सुरक्षित, खीरी, धौरहरा, हरदोई सुरक्षित, मिश्रिख सुरक्षित, उन्नाव, मोहनलालगंज, लखनऊ, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, अकबरपुर, बांदा, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर व चंदौली हैं। मुजफ्फरनगर में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के डॉ. संजीव बालियान का मुकाबला रालोद के अजित सिंह से हुआ था। इस बार रालोद के एनडीए के साथ आ जाने से पार्टी प्रमुख जयंत चौधरी डॉ. संजीव बालियान का प्रचार करते हुए दिखेंगे। बालियान का मुकाबला सपा के हरेंद्र मलिक से होगा। उन्नाव में साक्षी महाराज के सामने अनु टंडन हैं ।एटा में पूर्व सीएम कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह राजू भैया का मुकाबला पिछली बार सपा के देवेंद्र यादव से हुआ था, लेकिन इस बार सपा ने अपनी रणनीति बदलते हुए वहां यादव जाति का प्रत्याशी देने के बजाय देवेश शाक्य को उतारा है। उन्नाव में सपा ने इस बार अनु टंडन को टिकट दिया है, जो पिछली बार कांग्रेस की प्रत्याशी थीं। अनु टंडन भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज के मुकाबले में होंगी। फैजाबाद सीट पर भाजपा के लल्लू सिंह का पिछली बार सपा के आनंद सेन यादव से मुकाबला हुआ था, इस बार पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को सपा ने यहां से टिकट दिया है। गोंडा में भाजपा प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह के मुकाबले पूर्व मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा सपा प्रत्याशी के रूप में होंगी। फर्रुखाबाद में भाजपा के मुकेश राजपूत के सामने इस बार सपा के डॉ. नवल किशोर शाक्य होंगे। आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी व सांसद दिनेश लाल निरहुआ का मुकाबला सपा चीफअखिलेश यादव से हो सकता है। ये बात और हैं कि अभी तक सपा ने अखिलेश के नाम की घोषणा नहीं की है।



एआई में परिवर्तनकारी शक्तियां हैं : डॉ. सुबी

- उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को उच्च स्तरीय एआई क्षमता निर्माण कार्यशाला से हुआ लाभ

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश - कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता उपयोग में लाने के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के लगभग 270 मंत्री और विधायक एक गहन एआई क्षमता निर्माण कार्यशाला के लिए लखनऊ में एकत्र हुए।

प्रसिद्ध वैश्विक एआई विशेषज्ञ और इनमोबी कंपनी में मुख्य कॉर्पोरेट मामले एवं सार्वजनिक नीति अधिकारी - डॉ. सुबी चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों को प्रशासन में एआई को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से लैस करना था।

अपने संबोधन में, इनमोबी की ग्लोबल एसवीपी, मुख्य कॉर्पोरेट मामले और सार्वजनिक नीति अधिकारी, डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि एआई में परिवर्तनकारी शक्तियां हैं और यह हर क्षेत्र में क्रांति लाएगी और इसके महत्व, इसके अनुप्रयोगों और संभावित उपयोग के मामलों को समझना महत्वपूर्ण है।÷ किसी भी देश के लिए आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए, एआई अब एक विकल्प नहीं है, यह एक अवसर और एक आवश्यकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कल्याण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सरकार के सक्रिय रुख की सराहना की, जिससे लखनऊ अपने नागरिकों के लिए परिवर्तनकारी लाभों का उपयोग करने वाला पहला एआई शहर बन गया, और इस कार्यशाला को प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में देखा जा सकता है।

बच्ची के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

मोहल्ले से अपहरण कर इंटर कॉलेज के निकट वारदात को दिया अंजाम

बहराइच,समृद्धि न्यूज।

जिले में अचानक मासूमों के साथ दरिंदगी बढ़ गई है। पहले नानपारा फिर कैसरगंज और अब बहराइच शहर के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र में सिरफिरे युवक ने एक मासूम बालिका को अपनी हवस का शिकार बनाया है।

बालिका को गंभीर हालत में जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी युवक को पुलिस ने दबोच लिया है वहीं पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी होते ही देर रात जिला महिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बालिका का हाल-चाल लिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बालिका की हालत स्थिर है।

दरगाह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी छह वर्षीय बालिका को शनिवार को दोपहर में एक 18 वर्षीय युवक अपहरण कर चौकी के निकट स्थित इंटर कॉलेज के निकट पहुंच गया। इसके बाद उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। दुष्कर्म की वारदात के बाद बालिका की हालत खराब हो गई। इस पर आरोपी फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से बालिका को बरामद कर पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद परिवार के लोग पहुंचे। पुलिस ने घायल बालिका को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने रात आठ बजे जिला अस्पताल पहुंच कर बालिका का हाल जाना।

दुष्कर्म का केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार: एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बालिका की हालत में सुधार है। उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद जेल भेज दिया जायेगा।

दुष्कर्म के मामले में चौकी इंचार्ज समेत तीन निलंबित

शहर के जीआईसी चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस कर्मियों को एसपी ने ड्यूटी में कोताही बरतने पर निलंबित कर दिया है। इससे महकमे में हड़कंप मच गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी छह वर्षीय बालिका को 18 वर्षीय युवक अपहरण कर जीआईसी इंटर कॉलेज के निकट ले गया। शनिवार दोपहर में युवक ने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। चंद कदम की दूरी पर स्थित जीआईसी चौकी के पुलिस कर्मी कुछ नहीं कर पाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वृंदा शुक्ला ने सीओ सिटी राजीव सिसोदिया से जांच करवाई। सीओ सिटी की जांच रिपोर्ट रविवार को एसपी वृंदा शुक्ला को मिली। जिस पर एसपी ने चौकी इंचार्ज विनय कुमार मिश्रा और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं बालिका का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

सर्राफा की दुकानों का शटर तोड़कर चोरी, जांच शुरू

सोने और चांदी के जेवरात समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी की

विशेश्वरगंज, बहराइच,समृद्धि न्यूज।

जिले के गोंडा मार्ग पर स्थित पुरैना बाजार में शनिवार रात को चोरों ने सराफा की दुकानों का शटर तोड़ दिया। इसके बाद सभी नकदी और जेवरात सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। कुछ दूरी पर स्थित तालाब में तिजोरी टूटा मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।नगर पंचायत पयागपुर के नूरपुर निवासी शिवा राव पुत्र ननके पासवान की सराफा और बर्तन की दुकान विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना बाजार में संचालन करते हैं। शिवा राव ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि शनिवार रात को वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने तिजोरी तोड़ा। फिर सोने और चांदी के जेवरात समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी की। तिजोरी गांव में स्थित तालाब में पड़ा मिला।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। उधर इसी थाना क्षेत्र के पुरैना मोड़ निवासी कमलेश सोनी पुत्र संतराम सोनी की दुकान का शटर तोड़कर चोर 15 हजार रूपये नकदी समेत तीन लाख रूपये से अधिक की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर व्यापारियों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। निरंतर हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोगों में दहशत है। सभी ने पुलिस के गश्त पर सवाल उठाया।

बाग में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर होगी आगे की कार्यवाही

बहराइच,समृद्धि न्यूज।

जनपद के ग्राम पंचायत अरई पंडितपुरवा में रविवार सुबह एक युवक का शव बाग में पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी होने पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची।

जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरई के मजरा पंडितपुरवा में बाग स्थित है।इस बाग के निकट से लोग रविवार सुबह निकले तो एक व्यक्ति का शव देखा। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाने में शव मिलने की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक युवक की पहचान के लिए जिले के अन्य थानों को फोटो भेज कर पहचान के प्रयास किए गए। जिससे मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नियामतपुर निवासी राम नरेश पुत्र राम दास के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने विद्या विलास

बहराइच,समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ चित्तौरा के तृवार्षिक अधिवेशन में विद्या विलास पाठक चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। शहर के बसंत विहार कॉलोनी रायपुर राजा संघ के सभागार में संपन्न हुए निर्वाचन में क्षेत्रीय मंत्री के रूप में भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष अनीश अहमद निर्वाचन घोषित किए गए। पर्यवेक्षक के रूप में अध्यक्ष शिवपुर एवं जिला प्रवक्ता राधेश्याम कनौजिया एवं जिला उपाध्यक्ष, अध्यक्ष मिहींपुरवा, बलवंत सिंह ने निर्वाचन कराया। निर्वाचन में मुख्य अतिथि प्रांतीय मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ राधा कृष्ण पाठक रहे। पाठक ने कहा शिक्षक एक रहें और अपने हको की लड़ाई लड़ते रहें। संगठन को हमारी एकता मजबूती प्रदान करती है। सभी सदस्यों को उन्होंने निर्विरोध निर्वाचन संपन्न करने पर बधाई दी और कहा की बहराइच का नेतृत्व ऐसा सशक्त नेतृत्व है जो शिक्षक हितों के लिए सदैव तत्पर रहता है। जिला महामंत्री डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया।

जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला विश्व रत्न सम्मान

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद गोण्डा अन्तर्गत विकास खण्ड परसपुर के ग्राम सीरपुरवा हरदिहा सपौर में एक साधारण परिवार में जन्मे जादूगर मिस्टर इंडिया अपने अनोखे हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये निरन्तर आसमान की ऊंचाइयों को छूने का प्रयास कर रहे है। उसी मेहनत और प्रयास की देन है जोकि इनको इस मुकाम तक पहुंचा दिया।और विश्वविख्यात जादूगर के रूप में जाने पहचाने जाने लगे।

बताते चलें कि अभी हाल में इन्हें परम् भूषण एवॉर्ड से नवाजा गया था। और जादू की दुनिया मे अब एक के बाद एक हैरतअंगेज कारनामों के माहिर कलाकार के रूप में अपनी ख्याति हाशिल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने अनोखा धमाल मचाया।जिसके फलस्वरूप उन्हें वर्थी वेलनेस फाउंडेशन नीति अयोग्य भारत सरकार द्वारा विश्व रत्न सम्मान से नवाजे गये। पूर्व में जादू भूषण राष्ट्रीय अवॉर्ड महाराष्ट्र, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल मैन अवार्ड,एशिया बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड बैंगलौर,प्रेसिडेंटल अवार्ड न्यूयॉर्क अमेरिका,भारत भूषण अवार्ड मध्यप्रदेश सहित सैकड़ो अवार्डों से सम्मानित होकर अपने क्षेत्र व जनपद के नाम रोशन किया। इस बावत अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने बताया कि जादू कला मनोरंजन का साधन होने के साथ साथ एक अनोखी कला है।उन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता एवं क्षेत्रवासियों को देते हुये कहा कि दुनिया मे हर चीज सम्भव है बस लक्ष्य मजबूत होने के साथ बड़ो के आशीर्वाद होना चाहिये। इस दौरान चेयरमैन वासुदेव सिंह,प्रमोद मिश्रा (जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी),अजय शुक्ल (प्रधान प्रतिनिधि चरहुंआ), देवेंद्र सिंह काका,राजेश पाण्डेय,केबी सिंह,डॉ. भास्कर पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार सेन,डॉ. एसपी सिंह, देवेंद्र दत्त मिश्रा,अमिताभ सिंह, शिवनन्दन पाण्डेय,गिरीश नारायण सिंह,डॉ. दलजीत सिंह, रामदीन विश्वकर्मा, हनुमान प्रसाद कुशवाहा,राजकुमार मिश्रा,सहदेव चौहान मुंसी,पवन शुक्ला सहित अन्य तमाम क्षेत्रियजनों ने बधाई देते हुए अपने जनपद के नाम रोशन करने के लिये शुभकामनाएं दी है।

प्रवचन कार्यक्रम में बोले सोहम महाराज शब्द से दुखों का होता है निवारण

वजीरगंज /गोण्डा। विकास खण्ड वजीरगंज में एक निजी विद्यालय में पधारे सोहम महाराज जहां पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें भागवत गीता के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य सोहम महराज ने अपने संबोधन में कहा कि शब्द एक ऐसा शब्द जिससे सारे दुखों का दूर हो जाते हैं। नमः शिवाय कहने से दुःखों का निवारण होता है।वहीं उक्त कार्यक्रम में हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में यथार्थ गीता पुराण का वितरण 251 लोगों में किया गया। इस दौरान सुशील कुमार जायसवाल प्रधान वजीरगंज ,शिव कुमार तिवारी, आशीष द्विवेदी,ओम द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, कुमार झा सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र रहे।

राजा भैया को टिकट देने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व ने लगातार तीसरी बार भरोसा जताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए फिर गोण्डा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इस पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों ने पटाखे फोड़े तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

शनिवार को भाजपा द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की सूची में गोण्डा सीट से मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया का नाम आते ही पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह के नेतृत्व में तमाम लोगों द्वारा पटाखे फोड़े गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान शेष चौरसिया सभासद / कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा शांति देवी चौरसिया पूर्व सभासद पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोण्डा एवं सचिन चौरसिया सेक्टर संयोजक भाजपा गोंडा आर्यन प्रशांत श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रामू पासवान, वीरू कनौजिया, निहाल वर्मा, रवि कांत श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, रवि नंदा, विक्की कश्यप, विपुल यादवआदि लोग शामिल हुए।

शनिवार को भाजपा द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की सूची में गोण्डा सीट से मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया का नाम आते ही पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह के नेतृत्व में तमाम लोगों द्वारा पटाखे फोड़े गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। शनिवार को भाजपा द्वारा जारी की गई प्रत्याशियों की सूची में गोण्डा सीट से मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया का नाम आते ही पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह के नेतृत्व में तमाम लोगों द्वारा पटाखे फोड़े गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

आखिर कौन होगा कैसरगंज से भाजपा सांसद प्रत्याशी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

बृजभूषण शरण सिंह अपने दखल से किसी उम्मीदवार को जिता तो नहीं सकते हैं लेकिन हराने का जरूर माद्दा रखते हैं। ऐसे में बीजेपी आलाकमान बृजभूषण के विधायक बेटे प्रतीक भूषण सिंह को उम्मीदवार बना सकती है। या फिर बीजेपी सांसद के परिवार के किसी अन्य सदस्य को टिकट देने पर विचार कर सकती है।

जाने किस मिल सकता है टिकट: गोंडा की सदर सीट से विधायक प्रतीक भूषण के अलावा करनैलगंज से विधायक अजय कुमार सिंह को भी टिकट दे सकती है। अजय कुमार सिंह बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेहद करीबी बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रेम नारायण पांडेय का नाम भी तेजी से चल रहा है। प्रेम नारायण पांडेय कई बार के विधायक हैं।

इसके साथ ही प्रेम नारायण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी भी बताए जा रहे हैं। प्रेम नारायण पांडेय कैसरगंज, तरबगंज, कटरा ऐसी विधानसभा सीट है जहां डेढ़ लाख के करीब ब्राह्मण वोट है। यह सीट भी ब्राह्मण बहुल सीट है। इसलिए प्रेम नारायण भी प्रबल दावेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक यूपी से पैनल ने कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए बृज भूषण शरण सिंह, प्रेम नारायण पांडेय और अजय कुमार सिंह का नाम भेजा है।

बीजेपी सांसद बोले कौन कटवा रहा है मेरा टिकट, नाम बताइए बीजेपी सांसद ने पत्रकारों से कहा कि कटवा सकते हो तो कटवा लेना

पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद मामला गंभीर: दरअसल कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ देश के जाने-माने पहलवानों ने गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद बीजेपी सांसद पर मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसी के चलते बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी देना पड़ गया था। हालांकि, बाद में कुश्ती महासंघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर बीजेपी सांसद के करीबी ने जीत दर्ज कर ली थी। इसके बाद भी काफी बवाल हुआ था।

टिकट कटने के सवाल पर बीजेपी सांसद दे चुके जवाब: इसी प्रकरण को लेकर कई बार ऐसी चर्चा जोरो पर चलने लगी कि इस बार बीजेपी बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट सकती है। इस सवाल को लेकर जब पत्रकारों ने बीजेपी सांसद से सवाल किया तो बृजभूषण ने हाजिर जवाबी के साथ कहा कि कौन कटवा रहा है मेरा टिकट, नाम बताइए। बीजेपी सांसद ने पत्रकारों से कहा कि कटवा सकते हो तो कटवा लेना। साथ ही वहां मौजूद पत्रकार से बीजेपी सांसद ने पूछा कि क्या आप मेरा टिकट कटवा रहे हैं?

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किया प्रचार वाहन का स्वागत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान के तहत एलईडी वैन का शुभारंभ राजधानी लखनऊ से किया गया। गोंडा जनपद में इस प्रचार वाहन का स्वागत हलधर मऊ ब्लाक के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला हलधर मऊ बालपुर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक स्वयं जागरूकता वाहन के स्वागत के लिए उक्त पॉइंट पर मौजूद थे साथ में मेजर राजेश द्विवेदी प्रधानाचार्य, शिक्षक रामरेखा सहित समस्त शिक्षक गण एनसीसी और स्काउट के छात्र-छात्राएं स्थानीय लोग ने स्वागत किया। इसी क्रम में एलबीएस डिग्री कॉलेज चौराहे पर एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर दिलीप शुक्ला एवं पवन सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता गायन, नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

राजकीय इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर एनसीसी और स्काउट के छात्रों ने स्लोगन और नारे के साथ गीत गाते हुए वैन का स्वागत किया। प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे। बड़गांव चौराहे पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक मतदान पर गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में इटियाथोक बाजार में मतदाता वैन के द्वारा जनमानस को जागरूक किया गया। छेतौनी आर्य नगर बाजार में लोगों को जागरूक किया गया। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने इस प्रचार वैन को बहराइच जनपद हेतु रवाना किया।

जीपीपीएफटी फोरम के निर्माण से होगा पंचायतों का सर्वांगीण विकास

बहराइच समृद्धि न्यूज। विकासखण्ड फखरपुर के ग्राम पंचायत टेडवा महंत के ग्राम प्रधान प्रवेश कुमार की अध्यक्षता में पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में पंचायत को सदृढ़ करने के लिए पंचायत के सभी कर्मियों और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत करते हुए पिरामल फाउंडेशन की टीम ने अपनी फाउंडेशन और इसके उद्देश्य के बारे में बताया की हम शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में कैसे योगदान दे रहे हैं। बैठक मे उपस्थित लोगों ने पंचायत से संबंधित समस्याओं को रखा जिसमे शिक्षा और स्वास्थ्य,पोषण जल निकासी इत्यादि रही।

सीएम ने 51 परियोजनाओं का किया वर्चुअल शिलान्यास

प्रोजेक्ट अलंकार से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में होगा अवस्थापना सुविधाओं का विकास

बहराइच,समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक/बालिका शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपर्पज हॉल, राजकीय/ अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण हेतु गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत 3713.15 लाख लागत की 51 परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरान्त मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, डीआईओएस नरेन्द्र देव, कार्यदायी संस्था यूपी सिडको अधि.अभि. घनश्याम बिड़ला व अन्य के साथ कलेल्ट्रेट में शिलालेख का अनावरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद बहराइच में प्रोजेक्ट अलंकार योजनातर्गत वर्ष 2023-24 में माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित राजकीय विद्यालयों में जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण/जीर्णोद्धार/अवस्थापना सुविधाएँ आदि कार्य हेतु कुल धनराशि 3713.15 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष प्रथम किश्त में धनराशि 1856.575 लाख अवमुक्त हुई है। जिसके अन्तर्गत 02 राजकीय इन्टर कालेज बहराइच एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज नवाबगंज के विद्यालय भवन का निर्माण कार्य एवं इसके अतिरिक्त 21 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके अलावा 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य, 04 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य, 03 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा कार्य, 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे मल्टीपरपज हाल एवं ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण कार्य तथा 01 राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण, ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा का कार्य प्रस्तावित है।

निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा यूपी सिडको कार्यदायी संस्था नामित है।डीएम ने बताया कि जनपद में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 1009.64 लाख की लागत से राजकीय इण्टर कालेज बहराइच एवं 498.33 लाख की लागत से राजकीय बालिका इण्टर कालेज नवाबगंज के विद्यालय भवन का निर्माण, प्रति विद्यालय 22.03 लाख की लागत से राजकीय बालिका इण्टर कालेज नूरपुर, लखैयाकला, बसाहियापाते व कैसरगंज में ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण तथा 26.60 लाख की लागत से जीआईसी चकसौगना में स्वच्छ पेयजल की सुविधा एवं ट्वायलेट ब्लाक का निर्माण तथा प्रति विद्यालय कक्षा 4.57 लाख की लागत से राजकीय माडल इण्टर कालेज बड़ागांव, जीजीआईसी हुजूरपुर व राजकीय हाईस्कूल बदरौली में स्वच्छ पेयजल सुविधा कार्य प्रस्तावित है।इसी प्रकार प्रति विद्यालय 47.46 लाख की लागत से राजकीय हाई स्कूल रामपुर धोबियाहार, पटना, पतरहिया, भगतापुर, चाकूजोत, किशुनपुर, गंगापुर, सेमरौना, सेमरियावां, विशेश्वरगंज, राजापुर कला, सलारपुर, पुरैना रघुनाथपुर, परगहवा, सोनवरसा, गोड़हिया नं-4, अहाता, परसेण्डी, मुस्तफाबाद, राजकीय इण्टर कालेज रमपुरवा व जीजीआईसी अचौलिया मल्टीपर्पज़ हाल, प्रति विद्यालय 52.03 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल इटहा, ऐलिहा, समसातरहर, भोपतपुर चौकी, जिगनिया छतरपाल, गंगाजमुनी, बसन्त टेपरा, चहलवा, उर्रा बाज़ार, रामपुर मटेही, पकड़िया दीवान, टेण्डवा सिस्टीपुर, बहोरिकापुर, नकाही, मैकूपुरवा, बौण्डी, गुलरिहा गाज़ीपुर, कुरसण्डा में स्वच्छ पेयजल की सुविधा एवं मल्टीपर्पज़ हाल, 74.06 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल नरौंदा में स्वच्छ पेयजल की सुविधा, ट्वायलेट ब्लाक एवं मल्टीपर्पज़ हाल तथा 69.49 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल उमरी में ट्वायलेट ब्लाक एवं मल्टीपर्पज़ हाल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

एमएलसी-डीएम ने निर्माण कार्यों का बटन दबाकर किया शिलान्यास

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

रविवार को जिला पंचायत सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग गोंडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अंतर्गत जनपद के 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवनिर्माण एवं मरम्मत,जीर्णोद्धार, अवस्थापना, निर्माण आदि कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा सांसद गोंडा प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, विधायक प्रतिनिधि तरबगंज मनोज कुमार पांडेय ने बटन दबाकर किया। वहीं बताते चलें कि यह कार्यक्रम लखनऊ में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उप्र के कर कमलों द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत जनपद के 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार, पुनर्निर्माण, मरम्मत एवं अवस्थापना सुविधाओं के कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम किया। उन्होंने बताया है कि जनपद के कुल 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 06 मदों में-स्वच्छ पाईप पेयजल सुविधा, बालक / बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक से शौचालय ब्लाक्स की स्थापना, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हाल एवं पुस्तकालय कक्ष के निर्माण हेतु प्रथम किश्त की धनराशि कार्यदायी संस्था-यूपी सिडको गोण्डा को अवमुक्त किया जा चुका है। इसके साथ ही जनपद के कुल 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के सहयोगी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवनिर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु शासन सहयोगी अनुदान एवं विद्यालय के मैंचिग धनराशि सम्बन्धित विद्यालय के कार्यदायी संस्था-प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य को अवमुक्त किया जा चुका है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि गोंडा रमाशंकर मिश्र, विधायक प्रतिनिधि तरबगंज मनोज कुमार पांडेय, एक्सईएइएन यूपी सिडको डीके सिंह, एई यूपी सिडको अतुल कुमार मिश्रा सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक तथा विभाग के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने रायबरेली को दी बड़ी सौगात

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत 34 माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली को बड़ी सौगात दी हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत रायबरेली जिले में 1849.50 लाख रुपए से 34 माध्यमिक विद्यालयों में बनने वाले अतिरिक्त कक्षा कक्ष का वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए 34 माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था,शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा है कि इस योजना के लागू हो जाने से विद्यालय सुंदर व स्वच्छ दिखेंगे जिससे पढ़ाई की व्यवस्था सुविधाजनक होगी तथा छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम का वर्चुअल लोकार्पण एनआईसी रायबरेली में देखा गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मौसम हुआ बेहाल अन्नदाता हताश

बछरावां, रायबरेली। बीते दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं की मार से क्षेत्र का अन्नदाता बेहाल और हताश हो गया है कई महीनो के अथक परिश्रम एवं हजारों रुपए की लागत से उगाई गई फसल जब बेमौसम बारिश के कारण धरासाही हो जाती है, तो तस्वीरों में दिख रहा अन्नदाता ऐसी स्थिति में दिखाई देता है क्षेत्र के अन्नदाताओं की मानी जाए तो उनका कहना है कि लगातार दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से हमारे गेहूं की फसल एवं सरसों की फसल का भारी नुकसान हो रहा है जहां गेहूं की फसल पकने की कगार पर है तो वही सरसों की फसल कटाई की कगार पर खड़ी हुई है, अगर बारिश और हवाये न रुकी तो हम सभी की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

नाले से नवजात का शव बरामद रहस्यमयी परिस्थितियों में हुआ गायब

धरती निगल गई या आसमान खा गया नवजात का शव, जिम्मेदार मौन

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में नाले में नवजात का शव मिलने से मचा हड़कंप, लेकिन रहस्यमयी परिस्थितियों में गायब हुआ नवजात का शव जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे की महाराजगंज रोड पर स्थित नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में एक नाले मे एक नवजात का शव देखे जाने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गयाद्य और देखते ही देखते नवजात का शव रहस्यमयी तरीके से उक्त स्थान से गायब हो गयाद्य स्थानीय लोगों के मुताबिक नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे। मौजूद कर्मचारियों के द्वारा नाले से शव को बाहर निकालने की लोगों ने जानकारी दी। पड़े हुए नवजात शिशु का लोगों के द्वारा वीडियो बनाया गया तथा फोटो भी खींची गई। जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बारे में जब बछरावां कोतवाली प्रभारी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा इस मामले में जानकारी प्राप्त होने पर घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया तो वहां पर किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। वही जब नगर पंचायत के ईओ राम आशीष से बात की गई। तो उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी शव लेकर नहीं गए हैं। ऐसे में शव कौन ले गया, यह भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो जिस स्थान पर शव मिला है, उक्त स्थान से 200 मीटर के आसपास लगभग एक दर्जन निजी अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी मौजूद है। लोगों के द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। आखिर इस नवजात शिशु के दुनिया में आंख खोलने से पहले ही नाले व कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया और इस नवजात को माता एवं पिता की क्रूरता का सामना करना पड़ा।

ग्राम सभा में कारसेवकों का हुआ सम्मान

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

विकासखंड की शेखपुर समोधा ग्राम सभा में स्थित समता इंटर कॉलेज के प्रांगण में ग्राम सभा के वरिष्ठ सेवा निवृत शिक्षक बेचनलाल मिश्रा की अध्यक्षता एवं समाज सेवी डॉक्टर महेंद्र अवस्थी के निर्देशन व भाजपा नेता सत्य प्रकाश पांडे की अगुवाई में राम मंदिर आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारसेवकों एवं देश की सीमा पर 140 करोड़ भारतीयों की रक्षा करने वाले रिटायर्ड फौजियों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा पत्रकार बंधुओ का भी सम्मान किया गया कार्यक्रम के विषय में अधिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक डॉ महेंद्र अवस्थी ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष एवं भारी समयावधि की प्रतिक्षा के पश्चात आज प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार हो गया हैद्य इसी कड़ी में उन्होंने अपने पुराने कार सेवक साथी जो अब इस दुनिया में नहीं है, ओमप्रकाश मिश्रा, रमाकांत त्रिवेदी, अरुण मिश्रा को भी इस सम्मान समारोह के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कीद्य कार्यक्रम के इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, विद्यालय के संस्थापक जगदेव प्रसाद मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्या मिथिलेश शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, सुंदर सिंह भदौरिया, लालजी मिश्रा, सुघर बहादुर सिंह, जय मिश्रा, राजाराम मिश्रा, कृष्णकांत मिश्रा महेंद्र मिश्रा, सुभाष द्विवेदी, गंगा बक्श सिंह, शीतला बक्स सिंह, दिलीप सिंह, विजयकांत त्रिवेदी, चंद्रशेखर, रमाकांत, सहित भारी संख्या में कार सेवक, आर्मी रिटायर्ड ऑफिसर, पत्रकार बंधु एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

ट्रक खड़ा करने को लेकर दो पक्षों मे विवाद, मुकदमा दर्ज

धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की

महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

ट्रक खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में जमकर हुई मारपीट दोनों पक्षों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।

चून्नू का पुरवा नगर पंचायत महराजगंज संतोष कुमार द्वारा मंजू यादव के दरवाजे पर ट्रक खड़ा कर दिया गया इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया वही कोतवाली पुलिस द्वारा संतोष कुमार पुत्र रामनरेश निवासी चून्नू का पुरवा नगर पंचायत महराजगंज की तहरीर पर शिवम पुत्र राजेश प्रियंका पुत्री राजेश मंजू पत्नी राजेश बच्चन पुत्र सुखदेव तो दूसरे पक्ष से मंजू पत्नी राजेश की तहरीर पर संतोष रामनरेश आरती ज्ञानवती के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलेगी अद्भुत ऐतिहासिक व भव्य शिव बारात

रायबरेली। महाशिवरात्रि के अवसर पर अद्भुत ऐतिहासिक व भव्य होगी शिव बारात अबकी बार 8 मार्च को पड़ने वाली महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक शिव बारात डिग्री कॉलेज चौराहा पर स्थित पहलवान पीर बाबा शिव मंदिर से निकाली जाएगी,यह शिव बारात पूरे शहर के प्रमुख चौराहा डिग्री कॉलेज चौराहा घंटाघर सुपर मार्केट बस स्टेशन सिविल लाइन सहित लगभग पूरे शहर का भ्रमण करेगी, महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है।

बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन में मारी टक्कर एक युवक की मौत

शिवगढ़,रायबरेली। निमंत्रण से वापस अपने घर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक शनिवार को हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के लिल्ह्रौरा गांव निवासी वीरू सिंह पुत्र रनबहादुर सिंह उम्र लगभग 26 वर्ष गांव के ही अपने दोस्त सुमित सिंह पुत्र शिवकरन सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष के साथ रायबरेली जिले के गुरबक्श गंज कस्बे के रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होने आए थे यहां से वापस जाते समय शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा बहराइच हाईवे निकट तरौंजा गांव के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें सुमित सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और वीरू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहीं मामले की जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के ईएमओ डॉ प्रेम शरण ने बताया कि शनिवार की देर रात लगभग 11:50 बजे एंबुलेंस की मदद से दो युवक लाए गए थे जिनमे से सुमित सिंह मृत अवस्था में था दूसरा युवक वीरू सिंह गंभीर रूप से घायल था उसका प्राथमिक उपचार कर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

खबरें एक नजर में

पंखे से लटकता मिला युवक का शव

रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में एक 35 वर्षीय युवक का घर के अंदर पंखे से शव लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना रविवार समय करीब 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। रायबरेली जनपद के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुल्लूपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अभिषेक सिंह ;उम्र 35 वर्षद्ध नाम के एक युवक का शव घर के अंदर छत में लगे पंखे से लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची हरचंदपुर थाने की पुलिस टीम ने मृतक अभिषेक सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है हरचंदपुर थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का मुख्य कारण पता चल पाएगा घटना को लेकर ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है।

मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रक से टकराया युवक, मौत

लालगंज,रायबरेली। जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवक मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। जिसमें वह घायल अवस्था में सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस के द्वारा नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया।जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।और आगे की जरूरी कार्रवाई पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई। वहीं मृतक के परिवारजनों को सूचना दे दी गई।बताया जा रहा है मृतक सुशील कुमार जो कि पूरे देवकली मजरे ऐहार गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है सुशील कुमार किसी काम से आए हुए थे और अपने घर वापस हो रहे थे तभी हादसे की शिकार हो गए। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त हुए मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर शेष कार्रवाई शुरू कर दी गई।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की तरफ से मनाई गई 88वीं शिव जयंती

महराजगंज,रायबरेली। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण मे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा 88वीं शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। शिव जयंती पर ध्वजारोहण किया गया दीप प्रज्वलन किया गया एवं आध्यात्मिक रहस्य बताया गया। इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी महराजगंज मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की तरफ से ज्योति जाह्नवी आरती प्रीती पिंकी पूजा दीपक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला कारागार में हुआ विधिक साक्षरता

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में शनिवार को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेलर हिमाशुं रौतेला से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल हिमाशुं रौतेला, उपकारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

चोरी की बाइक व शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

गदागंज,रायबरेली। गदागंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक वांछित अभियुक्त को गिरफतार कर पुलिस ने भेजा जेल अभियुक्त के विरुद्ध आम्र्स एक्ट सम्बंधित धाराओं मे स्थानीय थाना में मुकदमा पंजीकृत था वांछित अभियुक्त अमित उम्र 20 वर्ष पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम कुरौली बुधकर थाना गदागंज रायबरेली को जिला कारागार जेल में भेजा गया गदागंज पुलिस ने अभियुक्त से एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है गिरफ्तार करने वाली टीम दरोगा वकील खान, कांस्टेबल प्रेम वीर सिंह,रोहित कुमार,रिशान्त कुमार वहीं गदागंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत था।

शिवरात्रि नजदीक आते ही रुद्राभिषेक का दौर शुरु

महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

क्षेत्र में स्थित झारखण्डेश्वर धाम अमांवा के एक मात्र स्वयं भू शिव मंदिर में वैसे तो पूरे वर्ष ही भक्तों का तांता लगा रहता है किन्तु साल में दो बार सावन तथा फाल्गुन में शिव रात्रि करीब आते ही उत्सवों एवं शिव आराधन तथा रुद्राभिषेक का दौर शुरू हो जाता है इस मंदिर की प्रतिष्ठा इस बात से है कि यह एक पुरातन काल का देव स्थान है जिसके पुनर्निर्माण कराने का उल्लेख मिलता है किन्तु मंदिर में शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का दावा कहीं भी उल्लिखित नहीं मिलता है कोई कोई मंदिर के इतिहास को युगों पुराना बताता है इसी क्रम में आज क्षेत्र के पूरे बिन्दा सिंह निवासी जितेंद्र सिंह ने परिवार एवं समाज के साथ भूत भावन भगवान् भोलेनाथ के पावन विग्रह पर रुद्राभिषेक कर भोले नाथ से देश और समाज के कल्याण की कामना की इस पूजा में मुख्य रुप से यजमान के रुप में जहाँ अभिनव सिंह ने संकल्प लिया वहीं रुद्राभिषेक कराने हेतु पूरोहित के रुप में सुल्तानपुर अमेठी से आये विद्वान पंडितों क्रमशः शुभम् शास्त्री एवं उनके साथियों के द्वारा अनुष्ठान पूरा कराया गया। इस मौके पर अंकित सिंह,राजन सिंह योगेन्द्र,राजू सोनी, सन्तोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, सागर महाराज, रमेश श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र, शिव कुमार सिंह शिव,अंजनी कुमार सिंह, शालिनी सिंह, शकुंतला देवी,रामा देवी, माधुरी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

बारिस-तूफान भी नहीं डिगा पा रहा शिवभक्तों का हौसला

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

महाशिवरात्रि पर्व पर बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित लोधेश्वर बाबा के दर्शनों के लिए बमभोले जयघोष भक्तों का जनसैलाब बारिश में भी निकलता रहा। पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था के साथ आवागमन के लिए लखनऊ-बांगरमऊ रोड पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। परियर घाट से कांवरियों का जत्था गंगा में स्नान कर जल भरकर पैदल रसूलाबाद मुंशीगंज मार्ग से होते हुए बाराबंकी जिले के रामनगर स्थित लोधेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक करते है। हसनगंज क्षेत्र के हसेवां, गजफ्फरनगर, सूबेदारखेड़ा, शिवपुरी, निजामपुर पचगहना, चक्कुशहरी, बरौना न्यामतपुर, पूरा, भानपुर, अमोइया, जगदीशपुर, पमेधिया, मुंशीगंज, सरांय मलकादिम, तेगापुर, रहमलीनगर, मौलाबाकीपुर भरहा समसपुर, न्योतनी, मोहान आदि गांवों से सैकड़ो की संख्या में शिवभक्त पिकप व ट्रैक्टर-टाली में डीजे बांधकर दस वर्ष व बारह वर्ष के बच्चों ने भी पैदल चलकर भोले के दर्शन के लिए वारिश में भी हिम्मत नहीं हारी। युवा एवं बुजुर्ग कावरियो की टोलियां पैदल जाकर परियर घाट में स्नान कर गंगाजल भरकर पैदल ही चलकर 180 से 200 किलोमीटर का सफर तय कर बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित लोधेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करके दर्शन करते हैं। दो-दो भक्तगण मिलकर बारी-बारी कंधों पर कांवर लेकर बमभोले का जयघोष कर लोधेश्वर बाबा के दर्शन करते हैं।

सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान उद्यान मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

रायबरेली। उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान निसगर से अपनी पदयात्रा आरंभ की जो निवि, दुधवन,खड़े सराय, सैदापुर, भूपगंज, रामपुर, रालपुर, बेनी माधवगंज, पूरे पांडे, झामपुर व हथनाशा, सरेनी बाजार तक गई। इसके अतिरिक्त उद्यान मंत्री ने कोटिया, एहतमानी, रानीखेड़ा, बैरुवा में चौपाल लगाई और साहनीपुर, मलके गांव व लखन गांव में जनसभा का आयोजन किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

दलित युवती को पीटने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अगेहरा गांव में रहने वाली दलित युवती को पुरानी रंजिश के चलते वहीं के रहने वाले दबंगों ने मारा पीटा। जाति सूचक गालियां देने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। अगेहरा गांव निवासी मुकेश गौतम की बेटी निशा गौतम ने गंगाघाट कोतवाली को तहरीर देते हुये बताया कि गांव के रहने वाले रज्जन लाल, अन्नू और अयोध्या से पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी को लेकर 22 फरवरी को दबंगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और जातिसूचक गालियां दी। जिस पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों के खिलाफदलित उत्पीड़न और मारपीट की एफआईआर दर्ज की है।

विवाद में समझौता करने पर सभासद से हुई मारपीट

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में एक विवाहिता के घर वाले सभासद को सुलह समझौता कराने के लिए पहुंचे। आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाहिता के ससुरालवालों ने मारपीट की। घटना में पिटाई के दौरान घायल सभासद ने महिला के ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष ने भी विवाहिता के परिवारवालों के खिलाफ मारपीट की बावत थाने पर तहरीर दी है। कंचन नगर निवासी कललेश के भतीजे की दो साल पहले बिंदा नगर में रहने वाली पार्वती के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद विवाद हो गया। जिस पर पार्वती अपने मायके में रहती है। इधर रविवार को आरोप है कि बिंदा नगर निवासी वार्ड 25 के सभासद अशोक सविता विवाहिता के परिजनों के साथ पहुंचे और गाली गलौज करने लगे।

गड्ढे से बचने में कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

उन्नाव। समृद्धि न्यूज

आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर गड्ढे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी जिससे चालक स्टेयरिंग के बीच फंस गया और पीछे बैठे युवक ने शोर मचाया जिसपर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाहर निकाला तब तक वह गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मियागंज निवासी जफर अंसारी 50 पुत्र जलील अंसारी रविवार को कार से एक युवक मुन्ना के साथ कार से आसीवन की ओर जा रहा था। गणपति ढाबे के पास बीच सड़क पर बड़ा सा गढ्ढा है जिससे बचने के लिए बायीं ओर गाड़ी मोड दी। बारिश के कारण मिट्टी गीली होने से दाहिनी ओर गाड़ी काटी तभी उसने नियंत्रण खो दिया और सडक किनारे पेड़ से गाड़ी टकरा गयी जिससे जफर अंसारी फंस गया। हादसा होने पर पीछे बैठे युवक मुन्ना ने मदद की गुहार लगायी जिसपर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाहर निकाला तथा गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि पीछे बैठा युवक मामूली रूप से घायल हो गया।

आरोप — **शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान पर लगाया आरोप कहा,**

इंटरलॉकिंग बनवाने में पैसे का किया गया बंदरबांट

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

प्रदेश सरकार पारदर्शिता को लेकर काम करना चाहती है सुबह के मुखिया महंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की दशा और दिशा को लगातार एक नई रूपरेखा देने का काम कर रहे हैं मगर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही या भ्रष्टाचार रूपी दोनों के आगे नाथ-मत दिखाई दे रहे हैं रही विकासखंड के अंतर्गत आने वाला गांव भाव में सड़क बनाने को लेकर खुल के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। गांव के रहने वाले व्यक्ति ने जब इसकी शिकायत की तो प्रशासनिक अधिकारियों ने एक टीम गठित की जिसमें अनियमित पाई गई। मगर प्रधान का रसूक या धनलक्ष्मी की कृपा से भ्रष्टाचारियों के ऊपर कारवाई होती नहीं नजर आ रही है। शिकायतकर्ता के द्वारा लगातार रही ब्लॉक का चक्कर लगाया जा रहा है और संबंधित शिकायत में क्या कार्रवाई की गई उसकी रिपोर्ट मांगी जा रही है मगर विभागीय अधिकारी पीड़ित को ब्लॉक के चक्कर लगाने को मजबूर कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान के द्वारा इंटरलॉकिंग बनवाने में जमकर अनियमित की गई और सरकारी पैसे का बंदरबांट किया गया जिस पर उसने शिकायत की थी जिसको लेकर डीपीआरओ के द्वारा एक टीम गठित की गई। जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा जो शिकायत की गई वह सही पाया गया।

बड़ा खोल झाल है राही ब्लॉक में: भाव ग्राम सभा में प्रधान और उसके प्रतिनिधि के द्वारा सुबह के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ की मंसूबों पर जिस तरह से पानी फेरने का काम किया किया गया है सरकार की छवि को बदनाम करने का काम किया जा रहा है सरकार की मनसा है कोई भी गांव शहर विकास से अछूता न रहे भारी भरकम बजट भी खर्च किया जाता है उसके बाद भी अगर उसे गांव या शहर का विकास नहीं हो रहा है तो यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां पर दलालों का बोलबाला है। जब इंटरलॉकिंग लगाई जाती है तो उसके कुछ मानक होते हैं भाव प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद फजल के द्वारा मुख्यमंत्री की मनसा पर पानी फेरने का काम किया गया है।

गोलमोल जवाब देकर मामले को दबाने में जुटी वीडियो राही: पूरे मामले पर जब वीडियो राही गौरी सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आप किस शिकायत की बात कर रहे हैं यहां रोज शिकायते आती रहती है। उनको शिकायतकर्ता का नाम बताया गया और कहा गया कि ये शिकायत जनवरी में की गई है, जांच में शिकायत सही पाई गई तो उन्होंने कहा आप कल फोन करिएगा कल आपको बताते हैं।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी अधिकारी महराजगंज के आदेश दिनांक 29.02.2024 के अनुपालन में ग्राम ढोढवापुर वि.क्षे. शिवगढ़ परगना कुम्भरावां तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली स्थित गाटा सं. 852 व 338क दर्ज ग्राम सभा पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ो की नीलामी दिनांक 05.03.2024 सार्वजनिक खुली बोली के द्वारा अपरान्ह 10 बजे पंचायत भवन में सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक व्यक्तिगत नियत तिथि पर समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

तहसीलदार/नीलामी अधिकारी
त. महराजगंज

आसमान में सुराख कैसे करेगी कांग्रेस

सर्वमित्रा सुरजन

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफहुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फ्हराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फ्रि भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफथी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए। दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं।

अमेरिकी थिंक टैंक का दावा-भारत में अत्यधिक गरीबी पूरी तरह खत्म हुई-शहरी

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

सभी रिपोर्ट्स को संज्ञान में लेकर लोकसभा चुनाव 2024 से गठित 18वीं लोकसभा से उदित नई सरकार को अत्यधिक गरीबी समाप्त होने और करोड़ों व्यक्तियों परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर आकर जो सक्षम हुए हैं, इसलिए उनको मिलने वाली सुविधाएं व हित वाली सूची से बाहर करने की जरूरत को रेखांकित करना जरूरी है। चुंकि अमेरिका थिंक टैंक का दावा है कि भारत अति गरीबी से पूरी तरह मुक्त हो चुका है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा भारत में भारी मात्रा में गरीब कम होने के दावों को अब अमली जामा पहना कर अपडेट सूची जारी करना समय की मांग है। साथियों बातें कर हम अमेरिकी थिंक टैंक द्वारा लिखे एक लेख की करें तो, अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत ने अब आधिकारिक तौर पर अत्यंत गरीबी का सफाया कर दिया है।

वैश्विक स्तरपर आज हर देश जानता है कि भारत कितनी तेजी से विकास कर रहा है।यही कारण है कि अनेक देश भारत से नजदीकियां बढ़ाने, मुक्त व्यापार समझौता करने और संबंधों को आगे बढ़ने व अनेक क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी बनाने को आतुर है, क्योंकि भारतीय उत्पादों की प्रतिष्ठा से दुनियां वकिब हो चुकी है। अब हर क्षेत्र में भारत के परफॉर्मेंस की ब्रेकिंग का डंका बज रहा है। यही कारण है के जहां एक और अमेरिका की प्रमुख थिंक टैंक के दो अर्थशास्त्रियों ने एक लेख में कहा है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नीति आयोग और स्टेट बैंक रिसर्च रिपोर्ट भी इसी की तरफ कई सकारात्मक आंकड़ों सहित अपनी बात कर रहे हैं इसलिए अब मेरा मानना है कि इन सभी रिपोट्र्स को संज्ञान में लेकर लोकसभा चुनाव 2024 से गठित 18वीं लोकसभा से उदित नई सरकार को अत्यधिक गरीबी समाप्त होने और करोड़ों व्यक्तियों परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर आकर जो सक्षम हुए हैं, इसलिए उनको मिलने वाली सुविधाएं व हित वाली सूची से बाहर करने की जरूरत को रेखांकित करना जरूरी है। चुंकि अमेरिका थिंक टैंक का दावा है कि भारत अति गरीबी से पूरी तरह मुक्त हो चुका है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा भारत में भारी मात्रा में गरीब कम होने के दावों को अब अमली जामा पहना कर अपडेट सूची जारी करना समय की मांग है।

साथियों बातें कर हम अमेरिकी थिंक टैंक द्वारा लिखे एक लेख की करें तो, अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत ने अब आधिकारिक तौर पर अत्यंत गरीबी का सफाया कर दिया है। थिंक टैंक के अनुसार भारत में गरीबी अनुपात में तेज गिरावट आई है और इसे घरेलू खपत में वृद्धि को देखते हुए महसूस किया जा सकता है। सुरजीत भल्ला और करण भसीन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुनर्वितरण पर सरकार की मजबूत नीति का परिणाम है, जिससे पिछले एक दशक में भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है। भारत ने अभी 2022-23 के लिए अपना आधिकारिक उपभोग व्यय डेटा जारी किया है, जो दस वर्षों में भारत के लिए पहला आधिकारिक सर्वेक्षण-आधारित गरीबी अनुमान प्रदान करता है। ब्रुकिंग्स के अनुसार उच्च वृद्धि और असमानता में बड़ी गिरावट की मदद से भारत में गरीबी उन्मूलन में मदद मिली है और गरीबी रेखा के नीचे के लोगों में क्रय शक्ति समानता 1.9 डॉलर प्रति व्यक्ति तक पहुंच गई है। भारत ने अभी 2022-23 के लिए अपना आधिकारिक उपभोग व्यय डेटा जारी किया है, जो दस वर्षों में भारत के लिए पहला आधिकारिक सर्वेक्षण-आधारित गरीबी अनुमान प्रदान करता है। ब्रुकिंग्स के अनुसार उच्च वृद्धि और असमानता में बड़ी गिरावट की मदद से भारत में गरीबी उन्मूलन में मदद मिली है और गरीबी रेखा के नीचे के लोगों में क्रय शक्ति समानता 1.9 डॉलर प्रति व्यक्ति तक पहुंच गई है। साथियों बातें अगर हम एसबीआई थिंक रिसर्च रिपोर्ट की करें तो, एसबीआई ने कंज्यूमर एक्सपेंडिचर सर्वे के रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि देश में शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच खाई कम हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 में ग्रामीण इलाकों में गरीबी घटकर 7.2 फीसदी पर आ गई है जो 2011-12 में 25.7 फीसदी रही थी. जबकि शहरी इलाकों में गरीबी घटकर 4.6 फीसदी रही है जो 2011-12 में 13.7 फीसदी रही थी. एसबीआई के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में गरीबी घटने के चलते इस बात के आसार हैं कि देश में गरीबी दर घटकर 4.5 से 5 फीसदी पर आ चुकी है।

एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट ने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का जमीनी स्तर पर बड़ा प्रभाव देखने को मिल रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक नए घरेलू उपभोग व्यय को कंज्यूमर प्राइस इंफ्लेशन में शामिल करने से वित्त वर्ष 2023-24 में देश का रियल जीडीपी 7.5 फीसदी के लेवल तक रह सकता है। एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर सौम्या कांति घोष के नेतृत्व में तैयार किए रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक एक दशक के बाद जारी किए गए घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण ने शहरों और ग्रामीण घरेलू उपभोग के तौर तरीकों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। शहरी ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति खपत और एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एसबीआई ने अपने रिपोर्ट में बताया कि कोरोना महामारी के बाद ग्रामीण इलाकों में गरीबी में 2018-19 के बाद 440 प्वाइंट की कमी आई है जबकि शहरी गरीबी में 170 बेसिस प्वाइंट की कमी आई है. इससे स्पष्ट है कि सरकार की योजनाओं का ग्रामीण इलाकों में लोगों की जीविका पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण इलाकों में गरीबी 7.2 फीसदी पर आ गया है जबकि शहरी गरीबी घटकर 4.6 फीसदी पर आ गई है जो 2011-12 में 25.7 फीसदी और 13.7 फीसदी हुआ करता था।एसबीआई के रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक नए घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण डेटा इस ओर इशारा कर रहा है कि असमानता की खाई कम हुई है। शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में औसतन एकसमान रूप से खपत बढ़ी है. ग्रामीण और शहरी इलाकों में खपत में असमानता भी घटी है।एसबीआई रिसर्च के मुताबिक 2011-12 में ग्रामीण इलाकों में 816 रुपये से कम आय और शहरी इलाकों में 1000 रुपये से कम आय वालों को गरीबी रेखा के नीचे माना गया था।लेकिन एनएसएसओ के नए डेटा के मुताबिक नई गरीबी रेखा या उपभोग का मूल स्तर ग्रामीण इलाकों में बढ़कर 1622 रुपये और शहरी इलाकों में बढ़कर 1922 रुपये हो गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे राज्य जिन्हें पिछड़ा समझा जाता था, जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश वहां तेजी के साथ सुधार हुआ है। साथियों बात अगर हम नीति आयोग की रिपोर्ट की करें तो, नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में लोग अधिक समृद्ध हो रहे हैं और ताजा घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे गिर गया है। दरअसल राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा शनिवार देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।

विचार

चुनाव आयोग की 'विमर्शिका'

मुकुंद

जाति या धर्म अथवा समुदाय या वर्ग के नाम पर कोई भी नेता नागरिकों से वोट नहीं मांग सकता है परन्तु हम देखते हैं कि भारत में चुनाव आते ही साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण व जातिगत गोलबन्दी शुरू हो जाती है। हद तो यह है कि भारत में जातिगत आधार पर पार्टियां तक बताई जाती हैं और अल्पसंख्यकों व बहुसंख्यकों की पार्टियां तक गिनाई जाती हैं। चुनाव प्रचार में किसी न किसी बहाने सम्प्रदाय या जाति को केन्द्र में लाने के बहाने ढूंढे जाते हैं।

बाबा साहेब अम्बेडकर जो संविधान हमें सौंप कर गये हैं उसमें चुनावों की व्यवस्था के लिए पृथक चुनाव आयोग का गठन इस प्रकार किया गया कि यह पूरी प्रजातान्त्रिक प्रणाली की आधारभूत जमीन तैयार करे और प्रत्येक वयस्क नागरिक को मिले एक वोट के संवैधानिक अधिकार के उपयोग की गारंटी करते हुए नागरिकों की मनपसन्द सरकार का गठन करने में मदद करे। चुंकि भारत में राजनैतिक आधार पर प्रशासनिक व्यवस्था चलती है अतः चुनाव आयोग को ही सभी राजनैतिक दलों की नियामक संस्था बनाया गया और तय किया गया कि चुनाव घोषित होने के बाद सत्ता पर काबिज किसी भी राजनैतिक दल की सरकार की भूमिका अन्य राजनैतिक दलों के समकक्ष ही हो। चुनाव आयोग को चुनाव घोषित होने के बाद समूची प्रशासन प्रणाली का संरक्षक बनाते हुए संविधान में यह व्यवस्था की गई कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी सत्ता व विपक्ष के दलों के लिए नियम एक समान होंगे और सभी की स्थिति चुनाव आयोग के समक्ष एक समान होगी।चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी होगी कि वह सत्ता पर काबिज दल की सरकार से निरपेक्ष रहते हुए अपना कार्य पूरी निष्पक्षता व स्वतन्त्रता के साथ करे और सत्तारूढ़ दल के प्रधानमन्त्री से लेकर मन्त्रियों तक के लिए चुनावी नियम एक समान बनाये। इसे सभी दलों के लिए एक जैसी जमीन या 'लेवल प्लेयिंग फील्ड' का नाम दिया गया। अतः जब प्रधानमन्त्री से लेकर मन्त्री तक चुनाव प्रचार में उतरते हैं तो उनकी मुख्य हैसियत अपने दल के एक राजनैतिक कार्यकर्ता की होती है और उनके चुनाव प्रचार पर किया गया खर्चा उनकी पार्टी को वहन करना पड़ता है। बेशक उनका औहदा मन्त्री या प्रधानमन्त्री का रहता है परन्तु वह प्रचार के दौरान अपनी सरकार की तरफ से कोई नीतिगत घोषणा नहीं कर सकते उन्हें केवल पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों तक ही सीमित रहना होता है। ऐसा इसीलिए होता है कि क्योंकि विपक्षी दलों के हाथ में केवल अपनी पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को ही लोगों को बताने की ताकत होती है। इसे ही 'लेवल प्लेयिंग फील्ड' कहा जाता है जिसे चुनाव आयोग सुनिश्चित करता है और ऐसा वह सीधे संविधान से शक्ति लेकर करता है। वह किसी भी सरकार के रहमो-करम पर निर्भर संस्था नहीं होती। मगर चुनाव प्रचार के दौरान हम देखते हैं कि राजनैतिक दलों में भयानक तौर पर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार चलती है। एक-दूसरे पर अनर्गल आरोप लगाना आम बात होती है। चुनाव प्रचार का एक स्तर बनाये रखने के लिए ही चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता को लागू करता है जिससे प्रत्येक दल का नेता मर्यादा में रह कर अपने विरोधी के खिलाफ आरोप लगा सके और संविधान की आत्मा के अनुरूप भारत की सामाजिक एकता को बनाये रख सके। मगर चुनाव आते ही साम्प्रदायिक आधार पर हिन्दू-मुस्लिम वोटों की गिनती शुरू हो जाती है और हिन्दू समुदाय में जातिगत आधार पर वोटों को गिनवाने की परंपरा जैसी शुरू हो जाती है। संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है और प्रत्येक वयस्क मतदाता को केवल नागरिक मानता है जिसके पास एक वोट का अधिकार होता है।

जाति या धर्म अथवा समुदाय या वर्ग के नाम पर कोई भी नेता नागरिकों से वोट नहीं मांग सकता है परन्तु हम देखते हैं कि भारत में चुनाव आते ही साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण व जातिगत गोलबन्दी शुरू हो जाती है। हद तो यह है कि भारत में जातिगत आधार पर पार्टियां तक बताई जाती हैं और अल्पसंख्यकों व बहुसंख्यकों की पार्टियां तक गिनाई जाती हैं। चुनाव प्रचार में किसी न किसी बहाने सम्प्रदाय या जाति को केन्द्र में लाने के बहाने ढूंढे जाते हैं। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों की घोषणा करने से पहले सभी राजनैतिक दलों के लिए एक विमर्शिका (एडवाइजरी) जारी की है जिसमें कहा है कि अगर कोई स्टार प्रचारक या नेता या प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ यथोचित कार्रवाई की जायेगी। हम जानते हैं कि पिछले वर्ष पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पूर्व भी आयोग ने ऐसी ही विमर्शिका जारी की थी मगर उसका कोई खास असर हमें दिखाई नहीं दिया। आदर्श आचार संहिता कोई चुनावी औपचारिकता नहीं होती बल्कि यह कानूनी प्रक्रिया होती है जिससे किसी भी दल का नेता ऊपर नहीं होता। अतः चुनाव आयोग को ही सोचना होगा कि वह इसके लागू करने में कैसी लापरवाही बरतता है और क्यों बरतता है। चुनावों के समय यदि चुनाव आयोग के रुतबे में गिरावट आती है तो इसका सीधा असर पूरी चुनाव प्रणाली की गुणवत्ता पर पड़ता है । हम जानते हैं कि पहले ही देश में ईवीएम मशीनों से मतदान कराये जाने को लेकर भयंकर विवाद छिड़ा हुआ है। चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साधे बैठा है और शकांओं के निवारण से कन्नी काटता हुआ लग रहा है। हालांकि ईवीएम को जितना तूल दिया जा रहा है उसका निवारण भी इसी मशीन के साथ लगी दूसरी वीवीपैट या वोट रसीदी मशीन में है जिसकी सभी पर्चियों को गिनकर मामले को सुलझाया जा सकता है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने अब 85 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए डाकमतपत्रों या पोस्टल बैलेट की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है।

गाजा में मानवता की हत्या

आदित्य नारायण

गाजा पट्टी के लोग रोटी के टुकड़े-टुकड़े को तरस रहे हैं। भूख, सब्र, मौत और कयामत का दूसरा नाम बन चुका है गाजा। इजराइल और हमास का हिंसक संघर्ष साढ़े चार महीने से पूरी तरह मानवता के लिए चुनौती बना हुआ है। गाजा में रोज मानवता की हत्या हो रही है। गाजा में मदद की बाट जोह रहे लोगों पर इजराइली डिफेंस फोर्स की कार्रवाई में 104 लोगों की मौत ने युद्ध के कारण अभूतपूर्व मानवीय संकट के स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अस्पतालों में डीहाइड्रेशन और कुपोषण के कारण बच्चे दम तोड़ रहे हैं। महिलाओं की हालत बहुत दयनीय है। लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। इजराइली हमले में हर 10 मिनट में एक बच्चा दम तोड़ग्रहा है। निर्दोष फिलीघ्स्तीनियों की मौत मानवता का सबसे काला अध्याय है। हालात कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र ने भी गाजा की दयनीय स्थिति को रेखांकित किया है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम ने चेतावनी दी है कि उत्तरी गाजा में इन दिनों अकाल के हालात हैं। गाजा के लोग भुखमरी से कुछ ही कदम दूर हैं, क्योंकि यहां खाने के लाले पड़ने लगे हैं। उधर, गाजा में कोई भी मदद पहुंचते ही लोग उसे लूटने में जुट जाते हैं, इस कारण 23 जनवरी से यहां कोई सहायता भी नहीं पहुंच रही है। गाजा पट्टी में गंभीर मानवीय आपातकाल सामने आने के बाद से वहां की मुख्य संयुक्त राष्ट्र सहायता एजेंसी इससे निपटने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। संयुक्त राष्ट्र ने अन्य देशों से भी सख्त जरूरत वाले हजारों फिलीस्तीनियों तक मदद पहुंचाने का आह्वान किया। लगातार फिलीस्तीनियों की मौत को लेकर यद्यपि इजराइल पर दबाव बन रहा है लेकिन अभी तक युद्ध विराम के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के आसार नजर नहीं आ रहे। हमास के नेताओं का भी किसी समझौते को लेकर कोई स्पष्ट रुख सामने नहीं आया है। गाजा में सुरक्षा के डगमगाते हालात के बीच अकाल का खतरा पैदा हो गया है। इजराइल गाजा पट्टी में युद्ध अपराध कर रहा है लेकिन हैरानी की बात यह है कि पूरी दुनिया कोरी बयानबाजी कर दूर से तमाशा देख रही है। अमेरिका, घ्ब्रिटेन और अन्य घ्पश्चिमी देश तो खुद को मानवाधिकारों का अलम्बरदार मानते हैं और समय-समय पर उनके यहां की मानवाधिकार परिषदें अन्य देशों में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन की पूर्वाग्रह से ग्रसित रिपोर्टें जारी करती रहती हैं। आज सभी खामोशी धारण किए हुए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिका और उसके मित्र देश दोहरा रवैया अपना रहे हैं। दुनिया भर में मानवाधिकारों को ढिंढोरा पीटने वाले देश स्वयं मानवीय मूल्यों को हाशिये पर धकेल रहे हैं। इजराइल-हमास जंग का असर अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों पर भी पड़ रहा है। यह आरोप लगाया जा रहा है कि अमेरिका चुनावी लाभ के लिए पश्चिम एशिया में आक्रामकता दिखा रहा है। अमेरिका दुनिया में अपने वर्चस्व को बचाने तथा देश में चुनावों से पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की छवि चमकाने के लिए इराक और सीरिया के खिलाफ भी आक्रामकता दिखा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने अमेरिका पर अन्तर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने और पश्चिम एशिया में अराजकता और विनाश के बीज बोने÷ का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की हिंसा फिलीस्तीनी क्षेत्रों से लेकर लेबनान, लाल सागर और यमन तक बढ़ गई है और यह पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को विफ्ल कर रही है। उन्होंने सभी देशों से इन संवेदनहीन कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा करने का आह्वान किया जो इराक और सीरियाई अरब गणराज्य की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। रूसी राजदूत ने दावा किया कि अमेरिका मौजूदा अमेरिकी प्रशासन की छवि को सही ठहराने के लिए आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर रहा है।'

राशिफल

मेष-मन असहज रहेगा और कुछ बुरे विचार मन में आएंगे. ऐसे में मन को शांत करने के लिए कम से कम आधा घंटा ध्यान लगाने का प्रयास करेंगे तो बहुत सहायता मिलेगी बकाया वसूली समय पर होगी।

वृष-आज के दिन आप भाग्यशाली हैं कॉलेज में हैं तो आपके अध्यापक आपसे प्रसन्न होंगे और परीक्षा में भी सफलता मिलेगी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

मिथुन-अपने काम में स्थिरता लाने का प्रयास रहेगा और बहुत हद्द तक इसमें सफल भी होंगे कुछ लोगों के साथ आपसी द्वेष सामने आ सकता है.कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में अनुकूलता रहेगी लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

कर्क- व्यक्तित्व में सुधार आएगा और परिवार की जिम्मेदारियों को समझेंगे. अपने पिता के साथ किसी बात को लेकर विचार-विमर्श संभव हैं पुराना रोग परेशानी का कारण रहेगा। सेहत पर विशेष ध्यान दें।

सिंह- नए शत्रु बन सकते है कृषि के क्षेत्र में सफलता मिलेगी व्यापार में घाटा तो होगा लेकिन वह अस्थायी होगा मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा।

कन्या-आवश्यकता से अधिक किसी चीज़ के बारे में सोचना आपके लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकता है ऐसे में किसी अपने के साथ उस बात को साँझा करेंगे तो बेहतर रहेगा।

तुला- अपनी प्रेमिका से अच्छे संबंध स्थापित करने की कोशिश करेंगे घरवालो को किसी बात से समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आशान्वित रहेंगे.आशा व निराशा के बीच समय गुजरेगा आर्थिक परेशानी रहेगी।

वृश्चिक- नौकरी की राह आसान होगी और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे घर में किसी के साथ मतभेद उभर कर सामने आएंगे लेकिन समझदारी से वह सुलझ भी जाएंगे।

धनु-आज के दिन मंगल थोड़ा भारी हैं जिस कारण छोटी-मोटी परेशानियों से आमना-सामना हो सकता है। ऐसे में हनुमान मंदिर होकर आए कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

मकर- किसी योजना पर कुछ दिनों से काम कर रहे हैं तो आज उसमे सफलता मिलेगी जिससे मन खुश होगा पड़ोस में किसी का व्यवहार पसंद आएगा पुराने संगी-साथी तथा रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

कुंभ- किसी जानकार पर आपका आकर्षण आ सकता हैं लेकिन आप उससे कह नहीं पाएंगे। ऐसे में उत्तेजित होने से बचे और उन्हें पूरा समय दे प्रयास सफल रहेंगे

मीन-आज के दिन आपको अपने जीवनसाथी से कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जो आपको परेशान करेगा। रिश्तो को सँभालने के चक्कर में आप कुछ गलती कर सकते है।

न्याय और गारंटी का मुकाबला

प्रेम शर्मा

ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार है। लोकसभा 2024 में 400 का दावे की हवा बनाने के पीछे भाजपा कई रणनीति पर कार्य कर रही है। कांग्रेस को तीन राज्यों तक समेटने चुकी भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ 2024 में ही राज्यसभा में पूर्ण बहुमत की योजना पर काम कर रही है। लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफकांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है। विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है।

लोकसभा 2024 की उल्टी शुरूआत हो चुकी है। अगले 15 दिनों में सभी दलों के प्रत्याशियों की सूची लगभग सर्वाजनिक हो जाएगी। शनिवार के दिन भाजपा ने एक मुश्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 195 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी कर प्रत्याशी चयन में प्राथमिकता दर्ज करा दी है। चुनाव को लेकर पक्ष एवं विपक्ष के भारी जीत के दावें के बीच कही ना कही कुछ असमंजस दिख रहा है। इसके बावजूद लोगों को इस चुनाव से पूर्व 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर पर दसवी बार ध्वाजारोहण के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मैंने परिवर्तन लाने का वादा किया था। आप देशवासियों ने मुझपर भरोसा किया। मैंने आपसे किए वादे को विश्वास में बदल दिया 2019 में परफोर्मेंस के आधार पर आपने फ्रि मुझे आर्शीवाद दिया। परिवर्तन ने मुझे दोबारा मौका दिया। मैं आपका हर सपना पूरा करुंगा. अगली 15 अगस्त को मैं फ्रि आऊंगा। पीएम ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा श्चलता-चलाता काल चक्र, अमृत काल का भाल चक्र, सबके सपने अपने सपने, पनपे सपने सारे, धीर चले वीर चले, चले युवा हमारे, नीति सही रीति नई, गति सही राह नई, चुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम। दिल्ली में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में अतिविश्वास चुनाव से छह माह पहले व्यक्त किया जाना अपने आप में कही ना कही इस बॉत का इशारा करता है कि मोदी की नजर में विपक्ष का बिखराव संजीवनी की तरह है। इसके अलावा 12 राज्यों में भाजपा की सरकार होने के साथ एनडीए के वर्तमान में 333 सांसदों का बहुमत, हालियॉ में सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में 30 सीटों को हासिल करने के साथ राज्यसभा में 117 सांसद यानि की राज्य सभा में बहुमत के आकड़े के करीब पहुच रही भाजपा 2024 में सात राज्यों सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी उत्साहित है। अभी हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है। ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार है। लोकसभा 2024 में 400 का दावे की हवा बनाने के पीछे भाजपा कई रणनीति पर कार्य कर रही है। कांग्रेस को तीन राज्यों तक समेटने चुकी भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ 2024 में ही राज्यसभा में पूर्ण बहुमत की योजना पर काम कर रही है। लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफकांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है। विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है। हालिया 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न हुए राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन से देश में जो राममय माहौल बना, भाजपा को उससे भी अपना चुनावी बेड़ा पार होने की उम्मीद है।हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सपा व कांग्रेस में हुई क्रॉस वोटिंग से भाजपा ने जिस तरह अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को जिताया है वह उसकी आक्रामक और जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने की रणनीति की ही एक बानगी है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में बिखराव और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार वापस भाजपा के साथ चले गए और उन्होंने एक ही विधानसभा में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद और कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड बना डाला है, उसने बिहार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन 2024 में भी 2019 जैसी कामयाबी हासिल करेगा। इंडिया गठबंधन को दूसरा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने दिया, जब उन्होंने अपने दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद इंडिया गठबंधन को नमस्ते करके एनडीए का दामन थाम लिया। भाजपा से दो सीटें लेकर भी जयंत खुश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भाजपा के समर्थन से वह ये दोनों सीटें बिजनौर और बागपत जीत लेंगे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

कुदरती मार से किसान हुआ तबाह

खराब फसल व ओले लेकर किया चक्का जाम

ओला वृष्टि से अन्नदाताओ की फसलें हुई बर्बाद



महोबा। रविवार को हुई बे मौसम की बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, 26 फरवरी को हुई बारिश से किसान अभी उबर भी नहीं पाया था कि 1 मार्च एवं 2 मार्च की रात हुई झमाझम बारिश एवं ओलावृष्टि ने किसानों के सामाने मुसीबत खड़ी कर दी है तथा खेतों में खड़ी व कटी पड़ी हुई फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गयीं है। चरखारी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 26 फरवरी को तेज बारिश के चलते किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था। 26 फरवरी की बारिश के बाद किसानों ने फसलो को सुखाने के लिए खेतों पर ही छोड़ दिया था और अब खेत में रखी हुई फसलें सूखी ही थीं और थ्रेसिंग का काम शुरु ही हुआ था कि पुन: बेमौसम बारिश ने बची खुची किसानों की उम्मीद पर पानी फैर दिया। तहसील क्षेत्र के अलावा आस पास के क्षेत्र में एक मार्च की रात करीब 9 बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ जो 2 मार्च की रात तक चलता रहा, वर्षा कभी धीमी तो कभी तेज होती रही , 1 ओर 2 मार्च की रात हुई बारिश से किसानों के खेतों में पानी भर गया है तथा सूखने के लिए डली फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। फसल की कटाई व थ्रेसिंग से पूर्व आए दिन हो रही बारिश से किसान पूरी तरह से मायूस हो चुका है तथा फसल का एक दाना भी किसान के घरों में पहुंचने की उम्मीद अब समाप्त हो चुकी है। ग्राम पंचायत नरैनी के ग्राम प्रधान मंगल सिंह कुशवाहा बतातें हैं कि मटर की फसल के अलावा गेहूँ, चना, लाही आदि की खेत में खड़ी हुई फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है, खेत में खड़ी हुई फसलें बारिश एवं ओलावृष्टि से खेत में गिर कर खराब हो गई हैं सरकार को चाहिए कि बेमोसम वारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों की बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा दिलवाया जाये।

फसलों की क्षति पूर्ति का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

महोबा। शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दिनांक 2-3 मार्च को जनपद महोबा में बेसौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि से कृषि फसलों में हुई क्षति के सम्बन्ध में जनपद की तीनों तहसीलों के राजस्व अधिकारी उपजिलाधिकारी / तहसीलदार / नायब तहसीलदार/राजस्व निरीक्षक / क्षेत्रीय लेखपाल को सर्वे के लिये क्षेत्रों में भेजा गया है, साथ ही सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को यह निर्देश दिये गये कि कृषि फसल क्षति के सम्बन्ध में क्षति का उदारतापूर्वक आंकलन किया जाये। सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होते ही क्षति के सम्बन्ध में पीड़ित कृषकों को फसल क्षति हेतु कृषि निवेश अनुदान की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जायेगी।

- उपजिलाधिकारी किसानों की बातों को सुनकर दिया आश्वासन कहा, फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जायेगा

बेलाताल,महोबा। समृद्धि न्यूज

बेमौसम वारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मायूस अन्नदाता के अरमानों पर फेरा पानी आपदा का बुंदेलखंड से गहरा रिश्ता सा हो गया है।साल दर साल पड़ने वाली आपदा के कारण यहां का किसान पूरी तरह से टूट चुका है।

कभी सूखा तो कभी ओलावृष्टि तो कभी अतिवृष्टि कारण किसानों के जख्म नासूर बनते चले जा रहे हैं। कुदरती मार से किसान पूरी तरह तबाह हो चुका है जिससे आज उन्होंने जैतपुर नौगांव मार्ग पर इंद्राहटा, पसानाबाद में रोड जाम कर अपनी खराब फसलें और ओले लेकर बैठ गए किसान अपनी उम्मीदें लेकर बैठे थे कि इस बार उनकी फसल अच्छी होगी और अधिक पैदावार होगी और उनका घर खुश हाल होगा लेकिन शायद किस्मत में कुछ और ही लिखा था। दो दिन से हो रही विन मौसम बारिश से किसानों के अरमानों पर पानी सा फिर गया है जिससे वह बुरी तरह से टूट चुका है। आसमान से गिरी बारिश की आफत किसानों को दर्द दे गई है जिससे किसानों की आंखों में सिवाय आसुओं के कुछ नही बचा है।विगत रात्रि हुई अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम इन्द्रटा, पसानावाद,अजनर विजौरी, भगारी, नगारा, आरी सहित तमाम गावों में ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। जिससे किसानों के सामने अब अपनी किस्मत को कोसने के अलावा कुछ नही बचा है फसलों के बर्बाद होने के कारण किसान पूरी तरह से टूट चुका है। जिससे उन्हें अब चिंता सताने लगी है कि अब कैसे वो बैंको का कर्जा चुकाएंगे तथा कैसे वो बेटियों के हाथ पीले कर पाएंगे उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा कैसे उनके परिवार की परवरिश होगी।

ठीक इसी तरह क्षेत्र के कुर्डई, बसरिया ,हसला, थुरट, छतरवारा सहित अन्य कई गांव में हुई सूखी अति ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरे तरह से नस्ट हो चुकी है जिससे उन्हें चिंता सताने लगी है और उन्होंने कुलपहाड़ नौगांव मार्ग पर जाम लगा दिया किसानों का कहना है कि उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गईं है उन्हें उनका मुआवजा दिलाया जाए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद अपने अमले के साथ मौके पर पहुंचकर किसानों की बातों को सुनकर उन्हें आश्वासन दिलाया की शीघ्र ही उनकी फसलों का सर्वे कराकर डाटा फीड कर आपको मुआवजा दिलाया जायेगा।

बारिश को देखकर किसान चिंतित

इटावा। दो दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है वहीं किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें साफ दिखती नजर आ रही हैं। बारिश ने जहां आम जनमानस का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। तो वहीं रोजमर्रा के काम भी लोगों द्वारा नहीं कर पा रहे हैं। मजदूर अपनी मजदूरी पर नहीं जा पा रहे हैं। बीते दिवस व उसकी मध्य रात्रि हुई तेज बारिश से जहां आलू,सरसों,चना व हरी सब्जियों के किसानों के माथे पर नुकसान होने का डर की चिन्ता सता रही है। तो किसानों को इस वेमौसम बारिश के होने के कारण अपनी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इस बारिश से लोगों को भारी परेशानी हुई वहीं सहालग होने के कारण वर वधू पक्ष के लोगों को भी भोजन कराने में कड़ी मश्कक्त करनी पड़ी।

शिक्षक संघ ने सांसद, एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

महोबा। समृद्धि न्यूज

सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी को ज्ञापन देते शिक्षक।

जूनियर हाई स्कूल संघ, महोबा के द्वारा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर व भाजपा जिलाध्यक्ष को प्रदेश कार्यकारणी के निर्देशानुसार ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का मुख्य विषय डिजिटलायिजेशन व ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करना था। संगठन ने कहा कि सभी अध्यापक शिक्षण कार्य पूर्ण मनोयोग से कर रहे है लेकिन डिजिटिलायिजेशन के नाम पर अध्यापक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति के लिए पहले सभी आवश्यक संसाधनों को मुहैया करवाया जाये व टेबलेट सभी विद्यालयों को उपलब्ध करवाए जाये।सबसे बड़ी समस्या विद्यालयों तक नेटवर्क की उपस्थिति ओर उसका पूर्णरूप से सुचारु रूप से संचालन है। जनप्रतिनिधियों ने इसे लेकर बीएसए से उक्त विषय पर बात कर शिक्षकों को परेशान न करने की बात कहीं वहीं दूसरी ओर शासन स्तर तक ज्ञापन में अंकित विषयो को भेजने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी अध्यापक के खिलाफ जबरन दबाव की नीति नहीं चलेगी और ज़ब तक सभी प्रकार के आवश्यक संसाधनों उपलब्ध नहीं हो जाते तब तक कोई कार्यवाही नहीं होगी। जिला सयोजक ओम प्रकाश दीक्षित, बालकिशुन अनुरागी, राजीव तिवारी, सुनील पाठक, पंकज बिंदुआ, पंकज द्विवेदी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, इंद्रेश मोहन दत्त तिवारी जगदीश,राजेंद्र, पुष्पेंद्र कुमार, राजेंद्र सोनी, फरीद अहमद, मुख्तार, गौरव, आकाश तिवारी, शिवम गुप्ता, विवेक गुप्ता, सुशील आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सपा नेताओं ने किया राकेश यादव का स्वागत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राकेश यादव को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता और रामसेवक यादव पूर्व राज्य मंत्री मुख्यअथिति तथा विशिष्ट अथिति पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, महामंत्री वीरू भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र दोहरे, सपा प्रदेश सचिव के पी शाक्य, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मो अल्ताफ, के के यादव, बिट्टू यादव, ब्रजेन्द्र यादव,आशीष पटेल, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता,आशीष दीक्षित, कमलेश यादव, किशन यादव, नरेंद्र पाल, राजकिशोर भोजवाल, दिपी सिंह, मंजू यादव, सीमा यादव, उपदेश मिश्रा आदि उपस्थिति रहे।

भासपा ने एनडीए प्रत्याशी को दिया समर्थन

महोबा। बुंदेलखंड के महोबा जिले में आगामी लोकसभा चुनाव का डंका बजाते ही प्रत्याशियों का एक दूसरे की पार्टी में आने जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है और अधिकांश पार्टी प्रत्याशी घोषित हो गए हैं वहीं भाजपा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल फिर तीसरी बार मैदान में उतर रहे हैं वही एनडीए की नीतियों से प्रभावित होकर जितेंद्र शुक्ला जिला अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने एनडीए के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को अपना समर्थन पत्र देते हुए एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने के लिए समर्थन दिया है वही जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने जितेंद्र शुक्ला जिला अध्यक्ष को गले लगा कर अपना आभार व्यक्त किया है।

खबरें एक नजर में

डबल इंजन की सरकार में हो रहे विकास कार्य

इटावा। डबल इंजन की सरकार जनपद में बढ़ा रही सड़कों का जाल जनपद इटावा में नुमाइश चौराहे से 22 ख्वाजा होते हुए दक्षिणी बाइपास तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य की स्वीकृति लोक निर्माण अनुभाग एक से मिलने के उपरांत मार्ग चौड़ीकरण का शुभारंभ फीता काटने के उपरांत सदर विधायक सरिता भदौरिया ने व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि गांव व शहर में अच्छी व सुंदर सड़के होने से ही विकास संभव है इसीलिए हमारी सरकार की प्राथमिकता में सड़के हैं इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान विकास भदोरिया सागर दुबे ओम रतन कश्यप विनीत कुमार पांडे चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आरक्षी हत्याकांड से ग्रामीण अभी भी भयभीत

इटावा। जनपद मथुरा में तैनात मुख्य आरक्षी अनिल कुमार यादव अवकाश लेकर अपने गांव गौवेपुरा आया था। वह खाना खाकर सोने के लिये खेतो में ट्यूबवेल पर गया था। ट्यूबवेल पर साथ मे लेटे ताऊ दर्शन सिंह यादव, ओमपाल सिंह व अभिषेक यादव द्वारा पुरानी रंजिश के चलते एकराय होकर अनिल कुमार यादव की फावडा, खुर्पी व डंडे से वीभत्स तरीके से निर्मम हत्या कर दी गयी। मृतक के शव को देखकर महिला आरक्षी तक उल्टी करने लगी । उक्त घटना को देखकर गौवेपुरा के रास्ते में पडने वाले गांव ललखोर एवं अन्य गांवों के लोगों में दहशत फैल गयी और भगदड मच गयी आम लोग अपने कामकाज पर भी नही गये और न ही अपने बच्चों को स्कूल भेजा। लोग अपने घरों के दरवाजे- खिडकी बन्द करकर अपने घरों में दुबक गये तथा आम रास्ते से आना जाना छोड दिया उक्त घटना को देखकर लोगों में अभी भी भय का माहौल बना हुआ है। मौके की नजाकत को देखते हुए गांव में सुरक्षा के दृष्टिगत फोर्स तैनात कर दिया गया है।

सांसद जी इकदिल विकास खण्ड की घोषणा कराइये

इटावा। सांसद डॉ.राम शंकर कठेरिया को पुनः प्रत्याशी घोषित होने पर भविष्य में नवीन विकासखंड इकदिल क्षेत्र की जनता की ओर से मिशन संयोजक दीपक राज ने कहा है कि श्री कठेरिया को पुनः प्रत्याशी बनने पर क्षेत्र की जनता का यह विश्वास मजबूत हुआ है कि अब नवीन विकासखंड इकदिल की शीघ्र घोषणा होगी और अस्थाई तौर पर ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक कार्यवाहियां स्थाई भवन निर्माण तक किसी जगह कार्यालय खोलकर पूर्ण की जाएंगी। दीपक राज ने आगे बताया कि सांसद ने 20 जुलाई 2020 को ग्राम पंचायत शेखूपुर जखोली में आयोजित कोविड 19 महामारी जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान भी नवीन विकासखंड इकदिल को शीघ्र बनवाने का वादा किया था इसके बाद भाजपा सरकार द्वारा आयोजित जन सुनवाई व टिफिन कार्यक्रम सहकारी संघ इकदिल पर भी सांसद ने नवीन विकासखंड के निर्माण को लेकर इकदिल की जनता को आश्वस्त किया था फिर चितवन नहर पुल निर्माण उद्घाटन के दौरान भी ब्लॉक निर्माण की शीघ्र घोषणा के लिए कहा था। कुल मिलाकर सांसद जी कई बार नवीन विकासखंड इकदिल के शीघ्र निर्माण की घोषणा के लिए जनता को आश्वासन देते आ रहे हैं ।सह संयोजक डॉ. सुशील सम्राट ने कहा है कि श्री कठेरिया जी को इटावा लोकसभा का पुनः प्रत्याशी घोषित होने पर यहां की जनता के अंदर विकासखंड निर्माण की नई आशा की ज्योति जागृत हुई है। क्षेत्र की जनता को विश्वास हो गया है कि सांसद जी अब शीघ्र ही नवीन विकासखंड की घोषणा करायेंगे।

फरहान शकील सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

इटावा। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने इटावा शहर से अल्पसंख्यक सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील नदवी ने शहर के पचराहा निवासी फरहान शकील को अल्पसंख्यक सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनको यह मनोनयन पत्र सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सौंपा है। सबसे पहले सपा कार्यालय पर नेताओं ने उनका स्वागत जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरू भदौरिया, मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की, अनवार हुसैन, रामवीर यादव, अंकुर यादव आदि नेताओं ने किया। इसी क्रम में घटिया अजमत अली में भी उनका स्वागत आसिफ खान के द्वारा किया गया। फरहान शकील ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान ने मुझे अल्पंख्यक सभा की जिम्मेदारी सौंपी है मैं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ पद का निर्वाहन करूंगा और साथ ही पार्टी की विचारधारा को आम जनमानस तक पहुंचाऊंगा। 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव की सरकार में हुए विकास कार्यों की जानकारी को जिले को लोगो तक पहुंचाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समाज अहम भूमिका निभाने का काम करेगा। बधाई देने वालों में हाशिम मिर्जा, ईशान मिर्जा, इमरान मिर्जा, सतीक मंसूरी, मो. आमिर, मलिक कुरैशी, अमन खान, शहवाज, हसनैन खान रहे।

एएसपी ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

महोबा। समृद्धि न्यूज

आगामी प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस द्वारा तैयारिया शुरु कर दी गई हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् द्वारा थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार गुप्ता की मौजूदगी में महोबा को चुनाव के दृष्टिगत प्राप्त होने वाले अर्धसैनिक बल एवं बाह्य जनपदों के पुलिस बल के ठहरने हेतु चिंहित स्थल थाना चरखारी क्षेत्रांतर्गत स्थित लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर में जवानों के ठहरने के दौरान उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था, भवन के सभी खिड़की दरवाजे सही हालत में हों, संचार व्यवस्था इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण कर निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के निस्तारण के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश थानाध्यक्ष चरखारी को दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि आगामी प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन के दौरान केन्द्रीय/बाह्य जनपदों से प्राप्त पुलिस बल को जनपद के विभिन्न कालेजों/संस्थानों में ठहराया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत एसपी के निर्देशन पर जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भी भ्रमण कर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की कंपनियों का व्यवस्थापन व उनको मूलभूत सुविधाओं के लिए कई विद्यालयों तथा संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का भी भ्रमण किया जा रहा है तथा पाई गई कमियों को समय से दुरुस्त कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

आचार संहिता से पहले हो ट्रामा सेंटर का शिलान्यास

- 110 करोड़ धनराशि से महोबा में 200 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर बनाने के लिए टेंडर निकाला था

महोबा। बुंदेली समाज ने क्षेत्र के सांसद, विधायकों से अपील की है कि महोबा की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत 200 बेड के अस्पताल व ट्रामा सेंटर का शिलान्यास लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले कराएं। इसके लिए योगी सरकार ने जनवरी में 47 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी। क्षेत्र की मरणासन्न स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ पिछले नौ साल से लगातार संघर्ष कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा

पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि योगी सरकार के योजना विभाग के मुख्य अभियंता (तकनीकी सेल) ने 23 जनवरी, 2024 को 110 करोड़ धनराशि से महोबा में 200 बेड का अस्पताल व ट्रामा सेंटर बनाने के लिए टेंडर निकाला था जिसके तहत 21 फरवरी तक निविदाएं आमंत्रित की गई थी। हमारे सांसद और विधायकों को महोबा की इस बहुप्रतीक्षित योजना को जल्दी से जल्दी अमल में लाने के लिए प्रयास करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है और कभी भी आचार संहिता लग सकती है। अगर आचार संहिता लगने से पहले शिलान्यास नहीं हो पाता तो स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी पूरी परियोजना खटाई में पड़ जाएगी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार से 10 साल के कार्यकाल में बुंदेलखंड को बहुत कुछ मिला लेकिन यहां की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की दिशा में कुछ नहीं हुआ। बुंदेलखंड को न एम्स मिला और न किसी जिले में कोई नया मेडिकल कालेज बना। इतना ही नहीं महोबा में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेशन यूनिट बनकर न जाने कब से तैयार है लेकिन शासन से हरी झंडी न मिल पाने की वजह से अब तक चालू नहीं हो पायी।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत मुख्यमंत्री का लाइव टेलीकास्ट

इटावा। समृद्धि न्यूज

जनपद में स्थित राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लाइव टेलीकास्ट विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदोरिया द्वारा कार्यक्रम का लोकार्पण किया गया । उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ,परियोजना निदेशक सहित जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय विद्यालयो तथा सहायता प्राप्त शासकीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यों के शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक सहित अभिभावक तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्वागत करते हुए योजना का संक्षिप्त परिचय दिया वही गुणवत्ता पर कार्य हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे विधायक सदर ने योजना के द्वारा जनपद के विकास के लिए सरकार तथा मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। शहर के पुलिस लाइन मैदान में रविवार को गोरखपुर जोन के 11वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने किया। बालक और बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में 9 जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए।पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में गोरखपुर जोन की 11वी अंतर्जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला ने शुभारंभ किया। जिसमें गोरखपुर जोन के 11 जिलों में से गोरखपुर, गोंडा, महाराजगंज, देवरिया, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, बहराइच व सिद्धार्थनगर की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया इसके बाद एसपी ने तीरंदाजी में निशान लगाया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद की टीम किसी कारणवश शामिल नहीं हो सकी है।

सम्पत्ति परिवार से मुक्त कराकर समाज को सौंपी जाएः हाजी गुड्डू मंसूरी

इटावा। मंसूरी समाज द्वारा स्थापित रैन बसेरा / मुसाफिर खाना मंसूरी समाज को सुपर्द होने एवं एक परिवार के चंगुल से मुक्त कराने तक मंसूरी समाज वैधानिक तरीके से निरन्तर संघर्ष करता रहेगा। उक्त बात भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी गुड्डू व महासचिव शफी अहमद मंसूरी बालक ने आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने बताया कि 51 सदस्यीय भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन का गठन वर्ष 1996 में हुआ जिसका रजिस्ट्रेशन वर्ष 2001 में 11 सदस्यीय किया गया था, जिसमें मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी सदर एवं शफी अहमद मंसूरी सेक्रेटरी एवं समाज के 9 अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य का चयन किया गया था।

वर्ल्ड हियरिंग डे आज मनाया जाएगा

इटावा। समृद्धि न्यूज

हर साल 3 मार्च को वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है इस दिवस का मनाने का उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के प्रति जागरूक करना इसी उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2007 से वर्ल्ड हियरिंग डे मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष इस दिवस की थीम बदलती मानसिकता- आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाएं पर कल 4 मार्च को मनाया जाएगा।

यह जानकारी यूपीयूएमएस ईएनटी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ .अभय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 3 मार्च को रविवार होने के कारण 4 मार्च को विश्वविद्यालय में संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा और ओपीडी में आए लोगों को बहरेपन से बचाव के संदर्भ में जागरूक किया जाएगा। यूपीयूएमएस ईएनटी विभाग के प्रो. जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बहरेपन की समस्या के कई कारण हो सकते हैं जिसमें बढ़ती उम्र,ध्वनि प्रदूषण,सर में चोट लगना,कान में संक्रमण होना तो है ही लेकिन खराब जीवन शैली और धूम्रपान मादक पदार्थों का प्रयोग भी कान को प्रभावित करता है।

क्योंकि अत्यधिक धूम्रपान व मादक पदार्थों का प्रयोग करने से भी कान का ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है जिससे कान की कोमल कोशिकाएं कमजोर हो जाती हैं और सुनने की क्षमता प्रभावित होती है। इसलिए स्वस्थ जीवन शैली पौष्टिक आहार,योग और व्यायाम और सही से कान की देखरेख की जाए तो कान संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है।

समस्या

गेहूं और सरसों की फसलों को हुआ नुकसान

ओलावृष्टि बनी आफत, फसलें खेत में गिरीं, किसान चिंतित

बहराइच। समृद्धि न्यूज

जिले में रविवार दोपहर बाद बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने से गेहूं की फसल खेतों में गिर गई बारिश से तिलहनी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसान फसल देखकर चिंतित हैं।

जिले में शनिवार से मौसम में तब्दीली आई। शनिवार का पूरे दिन रुक रुक कर बारिश होती रही। वहीं रविवार की सुबह भी बारिश गरज चमक के साथ हुई। रिमझिम बारिश के चलते जहां मौसम में नमी आई। वही कीचड़ और जल भराव से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। शाम चार बजे पुनः तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। लगभग पांच मिनट तक 40 से 50 ग्राम के ओले गिरे।जिले के कैसरगंज, सदर और महसी तहसील क्षेत्र में ओले गिरे। बारिश भी तेज गति से हुई। ओलावृष्टि होने से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गिर गई। बारिश ने सबसे अधिक तिलानी और सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वहीं गेहूं और गन्ने की फसल के लिए बारिश अमृत है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। नुकसान के लिए सर्वे करवाया जायेगा। इसके बाद नुकसान का आंकलन हो सकेगा।

बूथ नम्बर 71 व 72 में विधायक ने किया जन सम्पर्क

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रविवार को उतरौला के शक्ति केंद्र आर्यनगर के बूथ संख्या 71, 72 पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने लोगों से संपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में से 80 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई। इसी कड़ी में शनिवार से लाभार्थी जनसंपर्क अभियान शुरू हो गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारीयों के साथ लाभार्थियों के घर घर जाएंगे। इस दौरान विधायक श्री वर्मा ने लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरित करते हुए सेल्फी ली। साथ ही दीवारों पर भाजपा के नारे लिखे। लाभार्थी से संवाद किया। उन्होंने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से राम राम कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करोड़ों लोग मुफ्त राशन योजना का लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लाखों परिवारों को पक्का मकान मिला है। गरीबों को निशुल्क इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बांटे गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर गरीब को छत, निशुल्क राशन, मुफ्त इलाज, शौचालय, जनधन खाता, पीएम किसान सम्मान, स्वनिधि योजना जैसे तमाम योजनाओं का लाभार्थी घर-घर में है। कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। केन्द्र में मोदी सरकार की योजनाओं के कारण जीवन में आए बदलावों से हर लाभार्थी बहुत खुश है। सभी के होठों पर बस यही बात है कि 'फिर एक बार-मोदी सरकार'।

शिक्षक आज बीईओ को सौंपेंगे समस्याओं का ज्ञापन

जालौन (उरई)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने एक बैठक में कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों में टेबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। जिसके माध्यम से अध्ययनरत छात्रों की उपस्थित व मध्यान्ह भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का शिक्षकों पर दबाब बनाया जा रहा है । इतना ही नहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा ऐसा न करने पर मध्यान्ह भोजन की धनराशि नहीं भेजने का पत्र जारी किया जा रहा है एवं वेतन रोकने की कार्यवाही की भी बात कही जा रही है। बताया कि टेबलेट तो उपलब्ध कराए गए हैं लेकिन सिम उपलब्ध नही कराई गई। शिक्षकों पर व्यक्तिगत आईडी से सिम खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है जो नियमाकूल नही है। इसके अलावा अन्य समस्याओं को लेकर चार मार्च को ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा पर शाम तीन बजे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के माध्यम से ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को सम्बोधित एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे।

दुद्धी में विकसित भारत संकल्प पत्र का हुआ विमोचन

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

स्थानीय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यजक्ष नंदलाल गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प पत्र का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी पार्टी संकल्प पत्र बनाने के लिए आमजनों का सुझाव ले रही है जबकि अन्य पार्टियां वातानुकूलित कमरों से घोषणा पत्र तैयार करती है, उन्होंने बताया कि लोग नमों एप के माध्यम से सुझाव दे सकते हैं। हो सकता है आपका दिया हुआ सुझाव पूरे देश के लिए बीजेपी द्वारा जारी संकल्प पत्र में सम्मलित किया जाए इसलिए प्रत्येक व्यक्ति समाज व देश के उत्थान के लिए अपना सुझाव संकल्प पेटी में लिखकर दे सकते है। पार्टी संगठन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोग कैसे पूरी ईमानदारी से संगठन का काम करते है यह देखने को मिलता है आज इसी की देन है पार्टी पूरे देश मे मजबूत हुई है ,उन्होंने कहा कि बीजेपी का सरकार परिवार वाद से ऊपर की सोच रखती है इस पार्टी ने लोगों को निचले पायदान से शीर्ष तक पहुँचाने का कार्य किया है कभी राजनाथ सिंह जिले के जिलाध्यजक्ष होते थे जो आज केंद्र में कैबिनेट मिनिस्टर हैं। कार्यक्रम संयोजक सोनाबच्चा अग्रहरी ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी योजना 15 मार्च तक चलनी है ,मोदी की गारंटी आप जानते है चाहे राम मंदिर हो या धारा 370 को समाप्त किया ,तीन तलाक का मामला भी गारंटी के साथ समाप्त हुआ ,बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का भी निर्माण कराया। कहा कि अन्य पार्टियां घोषणा पत्र जारी करती है लेकिन बीजेपी पार्टी संकल्प लेती है। यह पहली बार हो रहा है विकसित भारत मोदी की गारंटी के तहत लोगों के सुझाव बीजेपी ले रही है। इसी के आधार पर संकल्प पत्र तैयार कराया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है। इसलिये हमें भी मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेना है। एससीएसटी मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा नेत्री शारदा खरवार ने कहा कि विकसित भारत तब बनेगा जब देश की आम जनता को रोजी रोजगार आसानी से मिल सकेगा ,मोदी सरकार में ही यह संभव है क्योंकि बीजेपी सरकार सबका साथ सबके विकास के तर्ज पर करती है। आज हमारे देश विश्व गुरु बनने की तरफ है। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र अग्रहरी ने किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक, लाभार्थी संपर्क अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर बनी रणनीति

चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

रविवार को भारतीय जनता पार्टी ओबरा विधानसभा की बैठक चोपन मंडल अंतर्गत ब्लाक सभागार में मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ओबरा विधानसभा प्रभारी मधुकर पांडे तथा विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी अशोक मौर्या उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मधुकर पाण्डेय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़नी है प्रत्येक बुथ एवं शक्ति केंद्रों पर जाकर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे लगन से लग कर काम करें साथ ही केंद्र और प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को सभी को बतायें मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है जो कि अबकी बार चार सौ पार जायेगी जनता केंद्र सरकार की और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरी तरह से संतुष्ट है ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे मजबूती से अपने अपने बुथ एवं शक्ति केंद्रों पर लगकर कार्य करे। इस मौके पर उमेश पटेल, संजीव तिवारी, तेजवंत पाण्डेय, प्रदीप अग्रवाल, सत्येंद्र आर्य, धर्मेंद्र जायसवाल, शबनम मिश्रा, विकास चौबे, संदीप पाण्डेय,मनीष तिवारी, अमित सिंह, विकास सिंह छोटकू, रामदुलारे खरवार, सुरेन्द्र मौर्या सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

आयुष्मान भवः मेले में 84 रोगियों का उपचार किया, 13 की हुई जांच

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

शासन के निर्देशों पर स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कार्यक्रम के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉक्टर रुबी सिंह के द्वारा 84 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। सीएचसी परिसर में आयोजित सासाहिक मेले में आए मरीजों को जागरुक करते हुए डॉक्टर दिनेश गुप्ता तथा डॉक्टर शेख शहरयार ने कहा कि बेमौसम बारिश से बचाव करते हुए सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें।

25 राजकीय विद्यालयों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

उरई (जालौन)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ''प्रोजेक्ट अलंकार'' के अंतर्गत ?1,735 लाख से 26 राजकीय, अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक, बालिका शौचालय, प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास तथा ?7.58 करोड़ से 141 राजकीय, अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 330 स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना व स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 4,500 छात्र-छात्राओं को टैबलेट, स्मार्टफोन का वितरण कर सुभारम्भ किया। इसी क्रम में विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष डा.घनश्याम अनुरागी, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय व जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना। जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने समस्त विधानसभा में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत के अंतर्गत 28 राजकीय विद्यालयों में से 25 राजकीय विद्यालयों हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यो का राजकीय, अशासकीय, माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बालक बालिका शौचालय, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष, मल्टीपरपज हाल आदि का फीता काटकर शिलान्यास किया।

खबरें एक नजर में

निःशुल्क परामर्श केंद्र के लिए खोला गया शिविर कार्यालय

अयोध्या। आगामी 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में श्री अयोध्या जी सेवा न्यास अयोध्याधाम, अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट, काशी, प्रयागराज धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अयोध्या/मथुरा तथा भारत सेवक संघ परोपकारी न्यास लखनऊ के अध्यक्ष डा. मुरली धर सिंह शास्त्री द्वारा रविवार को अयोध्या में आध्यात्मिक, विधिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक आदि विषयक हेतु निःशुल्क परामर्श केंद्र का शिविर कार्यालय खोला गया।लोक अदालत के प्रचार प्रसार तथा जागरूकता के लिए आज एक साथ अयोध्या,लखनऊ एवं गोवर्धन वृंदावन में निःशुल्क विधिक परामर्श केंद्र पूज्य महंत जयराम दास व डा0 मुरली धर सिंह शास्त्री द्वारा शुभारंभ किया गया।डा0 शास्त्री ने बताया कि केन्द्रों के संचालन के लिए अयोध्या में अमित दास (7703901045), लखनऊ में ऋषि दास (7518077816, 8384848733) तथा गोवर्धन के लिए ए0के0 दास (6397525322) को कार्यालय संस्थापक बनाया गया है।इस निःशुल्क परामर्श केंद्र के माध्यम से महात्माओं,माताओं,गरीबों एवं पीड़ित आदि व्यक्तियों के लिए समर्पित रहेगा।कोई भी व्यक्ति विधिक क्षेत्रों में निःशुल्क सहायता हेतु उक्त नंबरों पर तथा अयोध्या में साधनाश्रम (श्री राम आश्रम) श्री राम जन्मभूमि कनक मार्ग रामकोट अयोध्याधाम में तथा लखनऊ में गोमती नगर विराट खंड स्थित बैकुंठधाम भवन में एवं जनपद मथुरा के परिक्रमा मार्ग गोवर्धन वृंदावन में कैम्प कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

कोन। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा जाँच पत्र चेकिंग के दौरान शांति भंग करने की दृष्टिगत रखते हुए छः नफर अभियुक्त रामदुलारे पुत्र मेघनाथ विनय कुमार पुत्र रामजीत उत्तम कुमार पुत्र नागेंद्र गोड़ रामकुमार पुत्र महेश अखिलेश कुमार पुत्र राम सुन्दर शत्रुधन पुत्र राम सुन्दर समस्त निवासीगण पड़रछ टोला पिपरहवा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत सहित उप निरीक्षक धर्मदेव यादव हेड कांस्टेबल संजय चौहान हेड कांस्टेबल रजवान यादव कांस्टेबल रूपेश कुमार कांस्टेबल चंदन सरोज मौजूद रहे।

लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर खिंची चिंता की लकीरें

जालौन (उरई)। तीन दिन से रुक रुक हो रही बारिश के कारण खेत में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण खेत में खड़ी फसल व आसमान में छाये काले बादलों को देखकर किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है। शुक्रवार की शाम से लगातार रूक रुक कर क्षेत्र में बारिश का सिलसिला चल रहा है। शनिवार को पूरे दिन थोड़ी थोड़ी देर पर बारिश होती रही। रविवार को भी कई चक्रों में हवा के साथ बारिश जारी रही। बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खेत में कटी पड़ी मटर की फसल को हुआ है। कटी पड़ी मटर की फसल की पत्ती खराब हो गयी है। पानी के साथ हवा चलने के कारण सरसों व गेहूं की फसल जमीन पर गिर गयी है। जमीन पर गिरने के कारण गेहूं की उपज पर खराब प्रभाव पड़ने आशंका बनी हुई है। गेहूं, सरसों व मटर की फसल को खराब होता देख किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखने लगी। बेमौसम बारिश के कारण परेशान अन्नदाता भगवान से मौसम को साफ करने की विनती कर रहा है। धूप निकलने से जमीन पर पड़ी गेहूं व सरसों की फसल को होने वाले नुकसान को कम हो सकता है। मौसम विभाग की आगे भी मौसम खराब रहने की भविष्यवाणी किसानों को परेशान कर रही है।

टूरिस्ट परमिट की स्लीपर बसों का नगर से धड़ल्ले से हो रहा संचालन

जालौन (उरई)। टूरिस्ट परमिट पर चल रही स्लीपर बसों का नगर से होकर संचालन हो रहा है। बस संचालक नियमों की अनदेखी कर मनमर्जी से बसों का संचालन कर रहे हैं। जगह-जगह की सवारी बैठाकर बगैर टिकट के यात्रा करा रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा बसों के संचालन के लिए नियम निर्धारित किये गये। बस संचालक परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी कर बसों का संचालन कर रहे हैं। टूरिस्ट परमिट से चलने वाली लग्जरी स्लीपर बसों के नियम अलग बनाये गये। नगर से निकलने वाली बसें परिवहन विभाग की बसों की अनदेखी करने में लगी हुई है। देवनगर चौराहे पर अवैध रूप से टिकट बुकिंग सेंटर चलाये जा रहे। सवारियों को यात्रा के दौरान टिकट भी नहीं दिया जाता है। मजे की बात यह है कि टूरिस्ट परमिट की बस संचालक जगह जगह की सवारी बैठा रहे हैं। सवारियों के साथ माल ढुलाई का काम भी कर रही है। सवारी परमिट पर चल रही बसें माल ढुलाई कर रही है। परिवहन विभाग के नियमों के तहत बस संचालक को सवारियों की बुकिंग करना आवश्यक है तथा सवारियों को जी एस टी सहित टिकट देना अनिवार्य है। इसके साथ ही सीटों की संख्या के आधार पर ही सवारियों को टिकट बुकिंग संभव है। टूरिस्ट परमिट बस संचालक सवारियों को गैलरी में स्टूल व जमीन पर भी सवारियों पर टिकट बना रहे हैं। बस संचालकों की लम्बे समय से मनमर्जी चला रहे हैं। इसके बाद भी परिवहन विभाग इन बसों व संचालित बुकिंग काउंटरों की चेकिंग करने की जहमत नहीं उठाई। परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने बताया कि टूरिस्ट परमिट पर जगह जगह की सवारी बैठाने व ओवर सवारी बैठाने के साथ सामान ढोना गैर कानूनी है। इनके खिलाफभी कार्रवाई की जाएगी।

23 वर्षों से काम न मिलने के कारण सीजनल संग्रह अमीन घर पर बैठे

जालौन (उरई)। बीते 23 वर्षों से काम न मिलने के कारण सीजनल संग्रह अमीन घर पर बैठे हैं। काम न मिलने से सीजनल संग्रह अमीनों के परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। नौकरी से बंचित सीजनल संग्रह अमीनों ने उप जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर सीआर की हठधर्मिता की शिकायत की है। राजस्व विभाग ने राजस्व वसूली के लिए 1989 में सीजनल अमीनों की नियुक्ति की थी। इन अमीनों ने मेहनत करके सरकार का राजस्व वसूल कर खजाने को भरा था। सरकार ने अधिकांश सीजनल अमीनों को स्थाई कर दिया है। किंतु तहसील में अभी भी आधा दर्जन से अधिक सीजनल अमीन ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक सरकार द्वारा स्थाई नियुक्त नहीं दी गई है। स्थाई नियुक्ति न होने व अन्य कोई काम न होने के चलते सरकारी अमीन रहे सीजनल अमीनों के परिवार आज भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। सीजनल राजस्व संग्रह अमीनों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रशासनिक अधिकारी शासन को गुमराह कर रहे हैं। उन्हें नौकरी से वंचित किया जा रहा है। नौकरी से वंचित होने के कारण वह भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं।

डीएम ने खेतों पर पहुंच फसलों के नुकसान को आंखों से देखा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

असमय हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों की हुई क्षति को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय आज खुद जायजा लेने किसानों के खेत तक पहुंच गए और इस हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिए। असमय बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों में संभावित नुकसान का आंकलन करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील उरई के ग्राम कुकरगांव, बोहदपुरा सातमील आदि गांवों का भ्रमण कर असमय बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुई फसल नुकसान का अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से चर्चा भी की तथा अस्वस्थ किया की फसल नुकसान का पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ सर्वेकार्य कर आकलन किया जाएगा तथा शासन के नियमानुसार राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान भाई अपनी समस्याओं से राजस्व अधिकारियों को अवगत करा सकते हैं, राजस्व अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को त्वरित निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार तहसील कोंच, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव तहसील कालपी, अपर जिला अधिकारी न्यायक जुबेर बेग माधौगढ़ व नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने तहसील उरई में असमय बारिश एवं ओलावृष्टि हुई जिसका आकलन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का अधिकारियों ने भ्रमण किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, तहसीलदार, नायब तहसीलदार संबंधित लेखपाल आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

तटबन्ध न बनने से सैकड़ों गांव बाढ़ के चपेट में

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

नही बना राप्ती नदी पर तटबंध, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में डर का माहौल, वादा करने के पश्चात भी नहीं कराया गया कार्य।

बलरामपुर भड़रिया तटबंध का गैप भरने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्योंकि दो वर्ष पूर्व अक्टूबर महीने में आई भीषड बाढ़ से समूचे क्षेत्र में कोहराम मच गया था, लोगों के घरों में दो से तीन फिट पानी भर गया था, कितनी मवेशी, कितने लोग पानी में डूबकर अपनी जान गंवा दिए, उस वक्त को याद करते ही रोंगटे खड़े हो जाते है। मोहन जोत के मनीराम यादव ने बताया कि बीते 50 वर्षो में ऐसी दुर्दसा पहली बार अपनी आंखो से देखा था। अर्जुन भारती, गोपाल चौधरी, वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, माधव शरन श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, दीना नाथ, अब्दुल मन्नान, नूर अहमद, ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बरसात के पूर्व राप्ती तटबंध का गैप भरने की मांग की है। हर वर्ष बलरामपुर भड़रिया तटबंध सही कराने की बात जिम्मेदारों से सुनी जाती है किंतू पहल आज तक नही हुआ।

माधव शरन श्रीवास्तव, मनीराम यादव ने कहा कि इस सरकार से बहुत उम्मीदें हैं लोगों को पिछले वर्ष महुआ धनी श्रृंगार जोत चौराहे पर कार्यकर्ता मीटिंग के दौरान गोण्डा लोकसभा के सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया और क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा ने वादा किया था कि अति शीघ्र तटबंध को बलरामपुर से भडा रिया तक तटबंध को पुरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा किंतू अभी तक कोई कार्य प्रारंभ नही हुआ।

आज भी लोग बाढ़ की विनाशकारी लीला को याद कर इस वर्ष मे आने वाली बरसात होने से पूर्व ही पलायन के बारे में चर्चा किया जा रहा है।

राम धीरज जो बाढ़ मे अपनी आशियाना ढहते हुए अपनी आंखो देख चुके हैं स्थिति को याद कर भाऊक हो गए। यही हाल पूरे क्षेत्र में रहने वाले लोगों की है। यह डर कब खत्म होगा?? कब इस क्षेत्र के लोग अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे? यह एक यक्ष प्रश्न है जिसका जबाव हर क्षेत्र वाशी अपने नेताओं से चाहता है।

प्रतियोगिता तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन

खेल हराने की नहीं,आगे बढ़ने की स्पर्धा होती है: मौर्या

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया।समापन समारोह की मुख्य अतिथि बाल विकास एवं महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या थी जिनके कार्यक्रम में पहुंचने पर महिला मोर्चा द्वारा तिलक,माला तथा रामनामा पहना कर उनका स्वागत किया गया।कार्यक्रम में विजयी खिलाडियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान महिला कल्याण मंत्री ने कहा कि खेल किसी हराने की नही अपितु आगे बढ़ने की स्पधा होती है।पीएम मोदी को धन्यवाद दे रहें है कि उन्होंने महिलाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान किया है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम,स्वंय सहायता समूह जैसी योजनाओं के माध्यम से नारी के जीवन स्तर में सुधार आया है।खेलों इण्डिया से युवाओं का रूझान खेलों की ओर बढा है।खेल जीवन में बहुत आवश्यक है इससे शरीर स्वथ्य रहता है।स्वथ्य शरीर के साथ ही जीवन लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेल की सुंदरता न केवल जीतने की आदत विकसित करने में है,बल्कि आत्म सुधार की निरंतर खोज करने में भी है।खेल हमें सिखाते हैं कि उत्कृष्टता की कोई सीमा नहीं है और हमें अपनी पूरी ताकत से प्रयास करते रहना चाहिए।इसी प्रयास के साथ हम जीवन लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं।इस दौरान जि.पं.अ.रोली सिंह, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय,ओम प्रकाश सिंह,आशा गौड़,डा सरोज मिश्र,आरटीओ ऋतु सिंह, चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल,राकेश राना,ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा,पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता,उपसभापति जयनारायण सिंह रिंकू,कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह,अशोका द्विवेदी, बसंती सिंह, प्रतिमा शुक्ला, नीलम जायसवाल, यमुनोत्री केसरवानी, लक्ष्मी सिंह, स्वाती सिंह, मंजू गुप्ता, शैलेन्द्र कोरी,राघवेन्द्र पाण्डेय, परमानंद मिश्र, डा राकेश मणि, तिलकराम मौर्या,रवि सोनकर, इंद्रभान सिंह, इं रणवीर सिंह, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, चंद्रभान सिंह, मिंटू दूबे, लक्ष्मण वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कबड्डी में पानी संस्थान व खो-खो में मांझगांव की टीम रही विजयी

अयोध्या। प्रतियोगिता के परिणामों में कबड्डी में पानी संस्थान की टीम ने मैथोडिस्ट इंटर कालेज को हराया।खो-खो में माझगांव की टीम विजयी रही।रस्साकसी में मेथोडिस्ट गर्ल्स इं कालेज अयोध्या विजयी रहा। 100 मी. दौड़ में पलक तिवारी पूरा बाजार प्रथम,इशिका वर्मा नगर विद्यालय क्रीडा समिति द्वितीय,रेनू हैरिंग्टनगंज तृतीय, 200 मी. में पलक तिवारी पूरा बाजार प्रथम, शिवानी हैरिंग्टनगंज द्वितीय, इशिका वर्मा नगर विद्यालय क्रीडा समिति तृतीय, 400 मी में शिवानी प्रथम, आयूषी सिंह द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय व 800 मी में नेहा प्रथम, शशी पाल द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रहीं। लम्बी कूद में नेहा हैरिंग्टनगंज प्रथम,दीपा बनीकोडर द्वितीय तथा शालू तारून तृतीय स्थान पर रहीं। शील्ड,मेडल तथा नगद पुरूस्कार देकर विजेताओं तथा विजयी टीमों को सम्मानित किया किया। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय खिलाडियों को किया गया सम्मानित। खेल प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रर्दशन करने वाली महिला खिलाडियों को सम्मानित किया गया जिसमें एशियन जूनियर हैण्डवाल चैम्पियनशिप उज्बेकिस्तान तथा यूथ एशियन जूनियर हैण्डबाल चैम्पियनशिप कजाकिस्तान में स्वर्ण पदक जीतने वाली आराधना त्रिपाठी को नकद पुरूस्कार व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीनियर राष्ट्रीय हैण्डबॉल चैम्पियन शिप में कांस्य पदक जीतने वाली खिलाडियों निक्की, राजपति तथा सुवि को सम्मानित किया गया।टेनिस बॉल क्रिकेट इण्डो भूटान इण्डो नेपाल सीरीज के खिलाडियों ऋषिका तिवारी, मुस्कान जायसवाल, तृसी, दिव्यानी सिंह,नीलम निषाद, शालनी सिंह, विधि यादव,नेहा वर्मा अदबिया बानो तथा सेन्टल जोन सब जूनियर ताइक्वाडों चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता आराध्या मिश्रा,राष्ट्रीय जूनियर ताईक्वाडो चैम्पियनशि में कास्य पदक विजेता पूजा यादव,आल इण्डिया विश्व विद्यालय ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक विजेता पूजा यादव,राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में आरटीओ ऋतु सिंह व नीलू शर्मा को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह व नकद पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

दुर्घटनाग्रस्त घायलों को तुरंत मिल सकेगी ऑपरेशन की सुविधाः असीम अरूण

- राज्यमंत्री ने सांसद व विधायक के साथ मेडिकल कॉलेज की ओटी का फीता काटकर किया उद्घाटन

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

जीआईसी उमर्दा में डीआईओएस व प्रभारी प्रधानाचार्य को फटकार लगाते राज्यमंत्री असीम अरूण

मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में नवनिर्मित ओटी का फीता काटकर उद्घाटन करते राज्यमंत्री व अन्य

प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण ने सांसद सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत के साथ रविवार को डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड में नवनिर्मित ओटी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि इस ओटी के जरिए दुर्घटनाग्रस्त होकर आने वाले मरीजों को तुरंत आपरेशन की सुविधा मिल सकेगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन पिछले एक माह से इमरजेंसी वार्ड में बंद पड़ी ओटी को शुरू करने के लिए तैयारियां कर रहा था। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल व सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह लगातार ओटी की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। रविवार को इस ओटी का उद्घाटन करने के लिए प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण, कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक व तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। राज्यमंत्री ने फीता काटकर ओटी का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि अभी तक सड़क दुर्घटनाओं में घायल होकर आने वाले मरीजों को तत्काल ऑपरेशन की सुविधा नहीं मिल पाती थी। जिस बजह से मेडिकल कॉलेज प्रशासन को मजबूरन कानपुर अथवा लखनऊ को रेफर करना पड़ता था। इस ओटी के शुरू हो जाने के बाद मरीजों को तत्काल ही ऑपरेशन की सुविधा मिल सकेगी। जिससे उनका जीवन बचाया जा सकेगा। राज्यमंत्री ने इसके लिए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के प्रयासों की भी सराहना की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, ब्लाक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा, भाजपा नेता शिवानन्द राजपूत, हरिबक्श सिंह, सुभाष वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने डीआईओएस व प्रभारी प्रधानाचार्य को लताड़ा

उमर्दा। राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अंलकार योजनान्तर्गत स्वच्छ पाइप पेयजल सम्बन्धित कार्यों का शिलान्यास करने पहुंचे समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण वहां की अवस्थाओं को देख भड़क गए। उन्होने मौजूद डीआईओएस व प्रभारी प्रधानाचार्य को जमकर लताड़ते हुए कहा कि एक कार्यक्रम की सही ढ़ंग से व्यवस्था तक नहीं हो पाई। इसके लिए मौजूद डीआईओएस व प्रभारी प्रधानाचार्य सीधे जिम्मेदार है। वह इन दोनो के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजेगें। इन पर विभागीय कार्यवाही की अनुसंशा की जाएगी। इस मौके पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत भी मौजूद थे। राज्यमंत्री के इस रूख को देख वहां मौजूद शिक्षकों में हड़कम्प मच गया।

बोर्ड क्षतिग्रस्त करने के लिए माफी मांगे अखिलेश

तिर्वा। ओटी के उद्घाटन के बाद राज्यमंत्री ने शैक्षणिक भवन के एलटी-3 सभागार में एक गोष्ठी की। इस दौरान उन्होने कहा कि बसपा शासन के दौरान मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ.भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखा गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद सपाईयों ने इस बोर्ड को अपने पैरों तले रौंद डाला। मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रख दिया। अब चुनाव आते ही अखिलेश पीडीए की बात करते हैं। जबकि उन्होने पीडीए में ही शामिल दलित समाज व समाज के मसीहा डॉ.भीमराव अम्बेडकर का घोर अपमान किया। इसके लिए उन्हे दलित समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होने फिर से मेडिकल कॉलेज का नाम बदले जाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी।

खबरें चलते-चलते

टाफी का लालच देकर आठ बर्षीय बालिका से किया दुष्कर्म

- कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की घटना
- पीड़िता की मां ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र, मामले की हो रही जांच

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक 08 बर्षीय बालिका के साथ 14 बर्षीय किशोर द्वारा बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता की मां ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पीड़ित बालिका की मां ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस के ही एक किशोर उसे टाफी दिलाने का लालच देकर उसे ले गया। एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुत्री ने घर आकर उसको घटना के बारे में बताया। मामले में कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। आरोपी किशोरी को थाने बुलाकर उससे पूछताछ की जा रही है। मामले सही पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में महिला को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। जमीनी विवाद को लेकर महिला के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अलीपुर जलेसर निवासी पूजा देवी पत्नी राजेश बाथम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 24 फरवरी की मध्य रात्रि घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही गोरेलाल, अमित, पिंटू, अंजलि आए और जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने अश्लील हरकतें कर रहे दो युवकों को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें व छींटाकशी कर रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। रविवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे उपनिरीक्षक देवी चरण साहू ने दो युवकों को उस समय हिरासत में ले लिया जब वह टीवी अस्पताल तिराहा से पीछे समधन की ओर जाने वाले मार्ग पर कोचिंग आने जाने वाली छात्राओं को देखकर अश्लील हरकतें व छींटाकशी कर रहे थे। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम आकाश कुशवाहा पुत्र किशन निवासी तिराहा, जबकि दूसरे युवक ने अपना नाम रिंकू बाथम पुत्र भैया लाल निवासी ग्राम लाडपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

महिला को घर में घुसकर पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही चार लोगों ने घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अलीपुर जलेसर निवासी रजनी देवी पत्नी आशीष द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की दोपहर वह अपने घर में थी तभी गांव के ही राजीव, रंजीत, गौरव, रितु आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

'परिश्रम से ही व्यापार में मिलती है सफलता '

- समाजसेवी ने फीता काटकर किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन करते वरिष्ठ व्यवसाई राजेश मिश्रा व अन्य समृद्धि न्यूज

वरिष्ठ व्यापारी राजेश मिश्रा ने फीता काटकर ई रिक्शा प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से ही व्यापार में सफलता मिलती है। रविवार को बाईपास स्थित ई रिक्शा एजेंसी का हवन पूजन एवं फीता काटकर उदघाटन करने के उपरांत वरिष्ठ व्यापारी राजेश मिश्रा ने कहा की व्यापार के क्षेत्र में हमारा गुरसहायगंज धीरे धीरे केंद्र बन चुका है। इसलिए व्यापार के क्षेत्र में बहुत जल्द हमारा क्षेत्र भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि व्यापारियों को पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करते हुए ग्राहकों को विश्वास में लेना होता है। जब व्यापार के क्षेत्र में कोई दुकानदार या व्यापारी अपनी स्वच्छ छवि बना लेता है तो उसका व्यापार उन्नति के शिखर पर पहुंचने लगता है। इससे पूर्व आयोजकों के साथ पंडित राकेश चंद द्विवेदी ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान संचालक आदेश मिश्रा, राकेश चंद्र वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य पी डी विश्वकर्मा, संदीप त्रिवेदी, एडवोकेट पीयूष चतुर्वेदी, विनय मिश्रा, दिलीप शुक्ला, महेश चंद्र त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता, लव मिश्रा, अखिलेश दुबे, रणधीर सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हुसेपुर दुष्कर्म पीड़िता के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने किया प्रदर्शन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

सौरिख थाना हुसेपुर दुष्कर्म पीड़िता के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नवाब सिंह यादव ने पीड़िता के परिवार के साथ थाने का घेराव किया। उच्च अधिकारियों के वार्ता के बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया 4 से 5 दिन के अंदर गिरफ्तारी हो जाएगी बड़े भाई नवाब सिंह यादव ने कहा सरकार झूठे जुमलेबाजी कर रही है बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा बिल्कुल झूठ है महिलाओं की सुरक्षा का नारा बिलकुल झूठा साबित हो रहा है उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है दबंग लोग पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे हैं आज दिन तक पुलिस प्रशासन उन लोगों को गिरफ्तार नहीं कर सका नवाब सिंह यादव ने कहा पीड़िता को सरकार 20 लख रुपए की आर्थिक मदद करें नरेंद्र सिंह यादव आलोक प्रधान पदम सिंह यादव गोलू जीतू यादव नूर अहमद प्रधान लालता सविता विपिन यादव मनोज दिवाकर विनोद बाथम सुमन निगम फरमान अहमद अली प्रधान वीरपाल यादव प्रधान केशव यादव प्रधान आज लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बेमौसम बरसात और ओले गिरने से किसानों की बढ़ी मुश्किलें

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

शनिवार को मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की मुसीबतों को बड़ा दिया है। जिले में बारिश के साथ ओले गिरे। तेज हवा के साथ पानी बरसते ही ओले गिरने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई। जहां एक सप्ताह पहले ओलावृष्टि होने से फसलों में भारी नुकसान हुआ था, जिसके बाद रविवार की सुबह ही ओले गिरने से फसलों में काफी नुकसान देखा जा सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में एक बार फिर करवट ली है। आसमान में बादलों का घेरा बना हुआ है। शनिवार और रविवार को पूरे दिन धीरे-धीरे बूंदाबांदी होती रही, जिससे किसानों की फसलों पर काफी प्रभाव देखने को मिल रहा है। बारिश और ओले गिरने से सरसों, गेहूं, आलू, टमाटर, मटर आदि फसलों को नुकसान है। ऐसे में मौसम का मिजाज देख कर किसानों की चिंता बढ़ गई है। जहां एक तरफकिसान अपना पैसा लगाकर फसलों पर भरोसा कर रहा है। वही कुदरत उसके सपनों को तार तार करने में लगी हुई है। बारिश और ओले गिरने से जिले के किसानों के माथो पर चिन्ता की लकीरें साफ देखी जा सकतीं है।

बारिश से सब्जी और आलू पर बड़ा संकट, सरसों को बड़ा नुकसान

छिबरामऊ कन्नौज। इस बार मौसम किसानों को परेशान करने में लगा है आए दिनआसमान में बादलों की ढेर और कभी तेज पानी तो कभी अनावादी से फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है शुक्रवार शनिवार को ही सुबह से ही बादल छाए रहे और शाम से रात्रि में रुक-रुक कर तथा शनिवार कोसुबह से ही क्षेत्र में बारिश खेतों में खड़ी फसलों के लिए नुकसान दे हो रही है आलू की फसल पर बारिश का असर पढ़ने से अब महंगा होने के आसार नजर आ रहे हैं भाई सरसों पक्की फसल जमीन पर गिरती जा रही है सब्जियों के राजा आलू की भी अच्छी पैदावार जिले में नहीं हुई है आलू एक करतैयार हो गया कई जगह पर खुदाई भी शुरू हो गई मौसम परिवर्तन के कारण किसान आलू को लेकर भी परेशान है किसानों ने बताया कि फल खत्म होने के बाद आलू पर हवा पानी भरने से आलू के कद पर हरापन आने से आलू की क्वालिटी गिरती है जिससे किसानों को आलू का अच्छा भाव नहीं मिलता है।

वन्यजीव जलवायु को संतुलित रखने में भी सहायता करते हैंः पवन कटियार

- विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर वन प्रभाग के तत्वाधान में प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी के नेतृत्व में महादेवी घाट पर जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा गांव के युवक, युवतियों व गंगा प्रहरी ने बढ़ चढ़कर कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय वन्य जीव संस्थान के प्रोजेक्ट एसोसिएट पवन कटियार ने सम्बोधित करते हुए बताया कि वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा भी अनेक प्रकार के फायदे मिलते हैं। इसके अलावा वन्यजीव जलवायु को संतुलित रखने में भी सहायता करते हैं। दुनियाभर से लुप्त हो रहे वनस्पतियों और जंगली जीव-जंतुओं की प्रजातियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। फील्ड असिस्टेंट शाबान खान ने बताया कि वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। ये मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। श्री खान ने पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व बड़े ही विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमार एवं वन विभाग कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सरकार ने जनता को दिया धोखाः प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी अधिक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को पश्चिमी बाईपास स्थित लोहिया भवन मे प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पूरे प्रदेश के अधिक्ताओ का समर्थन समाजवादी पार्टी को मिल रहा है।और हमरी जीत हासिल करना प्रथम वरीयता होगी क्यो कि भाजपा सरकार ने जनता के साथ धोका दिया है इसके बावजूद कुछ नही।प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश के अधिक्ताओ के लिए ने चैम्बर बनवाये जायेगे। अधिक्ताओ से अपील करते हुए कहा लोक सभा चुनाव मे पार्टी के प्रत्याशियो के लिए समर्थन भी मांगा।उन्होने कहा कि अगर गठबंधन की सरकार बनेगी तो अधिक्ताओ को सरकार द्वारा नई योजनाए लाई जायेगी।समाजवादी पार्टी की ही सरकार मे अधिवक्ताओ का सम्मान सुरक्षित रहता है। देश व प्रदेश सरकार ने अधिक्ताओ के लिए कुछ नही किया।कोविड-19 के दौरान कई अधिक्ताओ को सहायता की अवशयकता थी लेकिन भाजपा सरकार ने किसी की भी मदद नही की।समाजवादी पार्टी जाति धर्म की राजनीति नही करती और हर धर्म को सम्मान करती है।वह सभी वर्ग के लिए कार्य करती है इस दौरान प्रदेश महासचिव सर्वेश सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष व बार एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव चन्दजीत यादव,प्रदेश सचिव सुनील कुमार सिंह, रविपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव शोएब, अजय यादव, मोहित यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

शिविर सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन, बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रागिनी को मिला प्रथम स्थान

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर की ओर से ग्राम गुगरापुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति के संरक्षण में एवं कार्यक्रम अधिकारी (कार्यवाहक) प्रो. मोहिनी शर्मा के निर्देशन में प्रथम सत्र में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीतू सिंह ग्राम प्रधान गुगरापुर व प्रधान पति अविनाश दोहरे ने किया। महाविद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि नीतू सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति ने स्वयं सेवकों को जागरूक करते हुए कहा कि आप घर के बाहर हों तो जहां हों वहां से आप न हिलें। तथापि बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/ टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें। यदि आप किसी खुली जगह पर हों तो वहां तब तक रुके रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। सबसे बड़ा खतरा बिल्डिंग के बाहर, निकास द्वारों तथा इसकी बाहरी दीवारों के पास होता है। कहा कि ऐसे सभी उपाय किए जाने चाहिए जिससे खतरा आपदा का रूप न ले सके। चूंकि, हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके हानिकारक प्रभावों को कम कर सकते हैं। द्वितीय सत्र में शिविर समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन प्रतिभाग व बेहतर प्रदर्शन करने बाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नीतू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त रागिनी यादव, द्वितीय स्थान सौम्या शर्मा, तृतीय स्थान स्वाति को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर शिक्षक गण रहे।

सरसों व तम्बाकू की फसल पर तेजाब बनकर गिरी बारिश व ओले

खेतों में खुदे पड़े आलू को भी हुआ नुकसान, अन्नदाता हुआ परेशान

कंपिल, समृद्धि न्यूज

बारिश से खेतों में बिछी गेहूँ की फसल समृद्धि न्यूज

ओलों से खराब हुई तम्बाकू की फसल समृद्धि न्यूज

हाड़ तोड़ मेहनत और गाढ़ी कमाई की लागत से तैयार फसल बर्बाद होने का दर्द कोई किसान ही समझ सकता है, हालांकि साल दर साल घाटा सहकर भी उसी निष्ठा और विश्वास से फिर खेतों में उतरने की हिम्मत के लिए भी किसान का बेटा होना जरूरी है। विगत लगभग दो सप्ताह से चल रही मौसम की बदमिजाजी से किसान बदहाल है। तेज हवाओं पर सवार बारिश और ओलों की बौछारों ने गेहूं, सरसों, आलू और तंबाकू किसानों की कमर तोड़कर रख दी है।

क्षेत्र के गांव सवितापुर, बिहारीपुर, पुरौरी, सिंकदरपुर, कटिया आदि के आसपास गांवों में तंबाकू की फसल में पानी भर जाने और ओलावृष्टि से पत्ती में छेद हो जाने से किसान बहुत दुःखी है। ओलावृष्टि से सरसों की फसल खेत में ही झड़ गई है। कई जगह खेतों में लगे आलू के ढेरों में भी पानी भर गया है। पुरौरी निवासी चंद्रपाल की कटी पड़ी एक बीघा सरसों की फसल खेत में ही झड़ गई। इसी गांव के अखिलेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र की लगभग 50 फीसदी फसल खेत में ही झड़ गई। तेज बारिश में आम के जिन बागों में छिड़काव हुआ था उनकी दवा भी धुल गई है। उन्हें फिर से छिड़काव कराना होगा। ओलों से काफी बौर झड़ गया है। किसान व बागवानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई पड़ रही हैं। कटिया के किसान अदील खां का कहना है कि पहले हुई बरसात से काफी नुकसान हो चुका है। बची हुई फसलों से किसानों को उम्मीद है। यदि मौसम ने साथ न दिया तो किसान बर्बाद हो जाएगा। गांव सिकंदरपुर के किसान मोरपाल सिंह का कहना है कि गेहूं व सरसों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। साथ ही खुदे पड़े आलू में भी नुकसान है। तंबाकू के लिए पानी जहर का काम कर रहा है।

अवैध संबंध का आरोप लगाकर महिला को पीटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ज्योना निवासी श्री देवी ने बताया कि उसका विवाह रक्षपाल के साथ लगभग 15 वर्ष पूर्व हुआ था जिससे चार बच्चे है। पत्नी ने बताया की एक माह पूर्व उसके पति रक्षपाल ने उसके ऊपर जीजा श्यामपाल से अवैध सम्बन्ध का आरोप लगा कर उसके साथ मारपीट की थी। श्री देवी ने फोन द्वारा मायके अपनी मम्मी कलावती पत्नी शिवचरन निवासी समोचीपुर थाना शमसाबाद को सूचना दी थी। मम्मी उसको अपने साथ बुलाकर ले गईष चार दिन पूर्व श्री देवी को बुलाकर लाया और आज शराब पीकर हमारे ऊपर उपलक्ष्य लगाकर लात, घूसे, ईट पत्थर से उसकी जमकर पिटाई कर घायल कर दिया। जीजा ने सूचना उसके मयके पक्ष को दी। मौके पर उसकी मम्मी, पिता सहित आदि परिजन उसके घर ज्योना आये और श्रीदेवी से पति के विरुद्ध लिखित शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता का मेडीकल परीक्षण करवाया।

भीषण ओलावृष्टि से खेतों में झड़ गयी सरसों

खेतों में झड़ी सरसों को दिखाता किसान समृद्धि न्यूज

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

तहसील क्षेत्र अमृतपुर में रविवार को हुए भीषण ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। इस मौसम में किसानों की फैसले जैसे आलू, सरसों लगभग पककर तैयार हो जाती हैं। गेहूँ की फसल में बाली निकलकर दाना पड़ने लगता है। ऐसे में हुई इस ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। अमृतपुर क्षेत्र सर्वाधिक आलू की पैदावार वाला क्षेत्र है। यहां के किसान अपनी आलू की फसल को तैयार करने में अपने घर का जेवर इत्यादि सेठ के यहां गिरवीं यह सोंचकर रख देते हैं कि जब फसल तैयार होगी तो घर में घूम रही जवान बेटी का विवाह किसी अच्छे घर में कर सकेंगे कई किसान अपना आशियाना बनाने के बारे में सोचते रहते हैं और ईश्वर कुछ ही देर में उन मजबूर किसानों के मंसूबों पर पानी फेर देता है और ऐसे में ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो जाता है। आलू की फसल में ओले पड़ने से आलू फूट गया है। जिससे वह धूप लगने पर सड़ जाएगा। सरसों की खड़ी फसल ओला पड़ने से झड़ गई है। जिससे खेतों में सिर्फ सरसों की डंडी ही दिखाई दे रही है। गेहूं की खड़ी फसल बिल्कुल जमीन में मिल जाने से इसकी पैदावार खत्म हो गई। अब उसमें आधे से भी कम गेहूं निकालने की उम्मीद है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ साफ देखी जा सकती हैं। ऐसे में अगर सरकार ने किसानों की ओर ध्यान नहीं दिया तो सैकड़ों किसानों की आत्महत्या की खबरें सुर्खियों में होगी।

इस बार किसान नहीं दे पायेंगे दवाओं व बीज के उधार पैसेः मनोज बाजपेयी

दवा व बीज विक्रेता मनोज बाजपेई का कहना है कि इस भीषण ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। जिन किसानों ने अपनी फसलों में लगाने के लिए दवाइयां और बीज लिए हैं उसके पैसे इस बार वह हम दुकानदारों को नहीं दे पाएंगे।

सरकार किसानों को दे मुआवजाः अशोक यादव

कुशल किसान व किसान नेता अशोक कुमार यादव का कहना है

धूप निकलने पर आलू के सड़ने की पूरी सम्भावनाः रामबाबू

आलू किसान पंडित रामबाबू अग्निहोत्री का कहना है इस भीषण ओलावृष्टि व बारिश से आलू की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आलू की फसल में पानी भरने से धूप निकलने पर उसके नष्ट होने की संभावना अधिक है। जिसको लेकर किसान ज्यादा परेशान है।

ओलों व बारिश ने सभी फसलों को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। आलू की पक्की फसल पर ओले पड़ने से वह पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। हम सरकार से मांग करते हैं यह हमारे किसानों का जो भी नुकसान हुआ है उसका राजस्व टीम द्वारा आंकलन कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

लागत के दाम निकलने होंगे मुश्किलः शिवम अवस्थी

किसान शिवम अवस्थी बताते हैं कि इस ओलावृष्टि से सरसों की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे कि सरसों की पैदावार बिल्कुल खत्म हो गई है। आलू की फसल में भी काफी मात्रा में नुकसान हुआ है। इस बार किसानों की लागत निकलना मुश्किल हो जायेगा। किसान कर्ज को बोझ तले और तब जायेगा।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

पुलिस ने कंटेनर को लिया कब्जे में, चालक फरार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

मृतक का फाइल फोटो

अस्पताल में जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक घायल को लोहिया रेफर कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव कुइयांधीर निवासी रजत गंगवार उर्फ मोनू की कस्बा फैजबाग में इलेक्ट्रानिक की दुकान है। रविवार को वह अपने दोस्त अजीत गंगवार के साथ बाइक से नवाबगंज जा रहा था। जैसे ही वह गांव सोना जानकीपुर के पास पहुंचा, तभी नवाबगंज की ओर से आ रहे कंटेनर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही रजत गंगवार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी अजीत उर्फ सीटू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर दरोगा संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने रजत गंगवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके साथी अजीत उर्फ सीटू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मृतक की पत्नी आकांक्षा व चार वर्षीय पुत्री प्रीत, पिता राजेन्द्र सिंह गंगवार, मां स्नेहलता, भाई अमन व दीपक आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान चालक मौका पाकर फरार हो गया।

शाम से आने लगेंगे कावड़िये अभी तक नहीं हुई व्यवस्था

मौके पर जायजा लेते एसडीएम, सीओ व अन्य समृद्धि न्यूज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। महाशिवरात्रि पर श्रृंगिरामपुर घाट पर हर वर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। तीन दिन चलने वाले इस मेले में लगभग सात से आठ लाख श्रद्धालु पहुंचते है। आज शाम से मध्य प्रदेश के भिंड, ग्वालियर, मुरैना से कावड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। ऐसे में मेले में अव्यवस्थाओ का बोलबाला है। दुकानदारों ने बताया की प्रशासन की तरफसे अभी तक न ही रास्ता सही करवाया गया है और न ही पानी आदि की व्यवस्था करवाई गई है। दोपहर बाद सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय, एसडीएम सदर, थानाध्यक्ष राजेश राय सहित आला अधिकारियों ने मौके पर जाकर व्यवस्था देखी।

डीजे संचालक का गेस्ट हाउस के गड्ढे में पड़ा मिला शव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो समृद्धि न्यूज

डीजे संचालक का शव पड़ा मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के ग्राम दीनदयाल बाग निवासी 38 वर्षीय रतन दीप सक्सेना पुत्र जगदीश डीजे संचालक है। वह बीती रात गांव के धर्मेन्द्र उर्फधम्मो पुत्र हरवीर सिंह यादव के साथ गया था। वापस न आने पर परिजनों काफी खोजबीन की तो उसका शव मोहल्ले के निकट एक गेस्ट हाउस में खड्ढ के अंदर पड़ा मिला। शव देखते ही परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुच गये और जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि मृतक डीजे का कार्य करता था और वह शराब पीने का आदी था।

ई-रिक्शा पलटने से चालक सहित तीन घायल

घायल महिला को अस्पताल ले जाती एंबूलेंस

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

नाना के देहांत की सूचना पर पहुंचे लोग वापिस आ रहे थे। कमालगंज थाना क्षेत्र के तरा नगला के निकट ई रिक्शा पलट गया। जिससे ई-रिक्शा चालक योगेश पुत्र होरीलाल निवासी कंधरापुर, रामकली पत्नी रामसिंह, नन्हीं देवी पत्नी अमरपाल, राधा पुत्री बृजपाल घायल हो गए।आनन-फानन में सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के द्वारा कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें हालत गंभीर होने पर डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने एक महिला को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

जीने से गिरकर महिला की मौत

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

जीने पर चढ़ रही महिला का पैर फिसल जाने से वह नीचे आ गिरी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी सन्जू जाटव उम्र 45 वर्षीय पत्नी वीरेन्द सिंह जाटव जीने पर चढ़ रही थी, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरी। आनन-फानन में परिजन नगर के सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, महिला कांस्टेबिल पूनम ने मौके पर पहुँचकर जॉच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार पड़ोसी मनीश व रवि से मृतका के बेटे सूरज से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो रहा था। बीच बचाव के लिए आई सन्जू के धक्का लग गया और वह नीचे गिर गई। परिजन उसे सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका का पहला विवाह जगदीश के साथ हुआ था। जिससे तीन बच्चे दो लड़की, एक लड़का है। जगदीश की मौत हो जाने पर उसके छोटे भाई वीरेन्द्र के साथ विवाह कर लिया था।

आरोप | **गौरक्षक दल के जिलाध्यक्ष ने कंपिल-बदायूं मार्ग किया जाम**

पुलिस ने प्रतिबंधित मांस सहित एक को किया गिरफ्तार

कम्पिल, समृद्धि न्यूज

जाम लगाये लोगों को समझाती पुलिस समृद्धि न्यूज

प्रतिबंधित मांस सहित पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपित व मांस को थाने ले आयी। मौके पर पहुंचे गौरक्षक दल के जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ कंपिल-बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गांव इकलहरा में रविवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार कंचन ने पुलिस बल के साथ एक घर में छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस बरामद कर लिया। पुलिस आरोपित व मांस को थाने ले आयी। दो घण्टे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने किसी ग्रामीण को पास नहीं भटकने दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने चार आरोपितों को गौवंश काटते समय दबोच लिया। एक घायल गौवंश को भी बरामद किया। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने लगभग सात बोरियों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया, लेकिन पुलिस ने मामले को रफा-दफा कर दिया। कुछ समय बाद गांव पहुंचे गौरक्षक दल के जिलाध्यक्ष दानवीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ आरोपितों की झोपड़ियों से गौवंश की खाल, हड्डियां, मांस आदि को निकाल कर पुलिस को सूचना दी। एक झोपड़ी में कुछ प्रतिबंधित मांस चूल्हे पर पक रहा था। एक घण्टा बीतने के बाद भी पुलिस के मौके पर न पहुंचने पर ग्रामीणों ने कंपिल-बदायूं मार्ग पर जाम लगा दिया। आधा घण्टे तक लगे जाम से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दानवीर सिंह व ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। दोपहर बाद थाने पहुंचे सीओ सतेन्द्र सिंह व उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी की। पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखदेव ने मांस का नमूना लिया। पुलिस ने जांच के लिए नमूने को लैब भेज दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। नमूने की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की फसलें हुई नष्ट

किसान हुआ कर्जीला, पहुंचा भुखमरी की कगार पर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

बेमौसम हुई बरसात व ओलावृष्टि से किसानों का खेल बिगड़ गया। मायूस अन्नदाता निराश है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। नवाबगंज क्षेत्र के दर्जनों गांव में बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की फसल नष्ट हो गई है। जिससे अन्नदाता कर्जीला हो गया है। जो लोग शाहूकारों तथा दुकानदारों से उधार पैसा लेकर लागत लगाते हैं, हजारों रुपए की जुताई, बुअबाई कर फसल तैयार करना, खाद बीज डालकर दिन रात एक कर अन्नदाता

खेत में भरा बरसात का पानी — समृद्धि न्यूज

फसल को तैयार करते हैं। वहीं बेमौसम हुई बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया है। जिससे मायूस अन्नदाता भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। बीते दो दिन से हो रही लगातार बरसात व ओलावृष्टि से अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें छा गई हैं। एक और कर्ज वाले कर्ज मांग रहे हैं, जबकि अन्नदाता अपनी फसलों के सहारे कर्ज देने की बात कर रहे हैं। वहीं रुक-रुककर हो रही बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की सारी फैसले चौपट हो गई है। जिसमें सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल, सरसों की फसल, तंबाकू की फसल, आलू की फसल को नुकसान हुआ है। गांव दुनाया निवासी ग्राम प्रधान राजवीर सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों का काफी नुकसान हुआ है। जिसमें आलू तथा गेहूं की फसल बिल्कुल चौपट हो गई है। वहीं सरसों और तंबाकू की फसल भी चौपट हो गई है। ऐसे में अब अन्नदाता क्या करें, सरकार को हुए नुकसान से किसानों को मुआवजा देना चाहिए। क्षेत्र के गांव जाफर नगर, डबुआ, जोधा नगला, बरतल, जोगपुर, नगला हीरा सिंह, जानकीपुर, हुसैनपुर बेग, चांदपुर, रायपुर आदि गांव में खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

कांग्रेस छोड़ रोहित शाक्य फिर लौटे सपा में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

रोहित शाक्य ने भाजपा छोड़ने के बाद सपा में ज्वाइनिंग की थी। अपने उपेक्षित देखकर वह कांग्रेस में चले गये। फिर उपेक्षित होने के चलते सपा में पुनः वापसी की है। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना के सहयोग से वह पुनः अपने साथियों के साथ पार्टी में लौट आये है। रविवार को कांग्रेस यूथ बिग के जिला उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र देने के बाद आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व इलियास मंसूरी की मौजूदगी में अपने एक दर्जन साथियों के साथ सपा में शामिल हुए है। रोहित शाक्य ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी की नीतियों और अखिलेश यादव से काफी

सपा में शामिल होते रोहित शाक्य मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य

प्रभावित हैं। इसलिए उन्होंने यह कदम उनके पुराने साथी शशांक सक्सेना के सहयोग उठाया है। फूल माला पहनकर जिलाध्यक्ष ने उनका स्वागत किया और उनसे अपेक्षा की आने वाले लोकसभा चुनाव में वह पूरी दमदारी के साथ अपने समाज का वोट गठबंधन के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के पक्ष में डलवाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

हैवतपुर गढ़िया में देव सिंह यादव का स्वागत

देव सिंह यादव का स्वागत करते शिवशंकर शर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देव सिंह यादव का हैवतपुर गढ़िया में सपा नेता शिवशंकर शर्मा ने अपने निवास पर जोरदार स्वागत किया। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन में पदाधिकारी बनाने के लिए हैवतपुर गढ़िया पहुंचकर पदाधिकारियों को चिन्हित किया गया। जिन्हे कमेटी में दायित्व सौंपा जायेगा। जिसके लिए देव सिंह यादव ने अपनी कमेटी के लिए मंथन किया। वहां के लोगों ने देव सिंह यादव का शाल ओढ़ाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देव सिंह यादव ने बताया कि पीडीए प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को इस बार जिताकर लोकसभा भेजना है। इसके लिए कार्यकर्ता अभी से घर-घर जाकर जन सम्पर्क करें और पार्टी की रीतियों व नीतियों के बारे में जानकारी दें। स्वागत करने के दौरान शिवशंकर शर्मा, समीर वर्मा, फरहान अली, कासिम अहमद, अनीता अग्रवाल, सुनीता बाथम, इरावती राजपूत, मुन्ना अली, चंदन शर्मा, आरजू खान, कैफ खान, रोहित राजपूत, मोहित राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

यूथ फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर कोचिंग का शुभारंभ

कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में स्थिति बाबू सिंह बालिका डिग्री कॉलेज में यूथ फाउंडेशन व एमएसएमई के द्वारा बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर कोचिंग का शुभारंभ किया गया। जिसमें कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क और डाटा एंट्री ऑपरेटर कोर्स बच्चों को निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय प्रताप ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा इस तरह के निःशुल्क कोर्सो को फाउंडेशन द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिससे बच्चों में कौशल क्षमता का विकास हो व उन्हें रोजगार मिल सकें। इस मौके पर एमएसएमई के डिप्टी डायरेक्टर डॉ0 योगेश, प्राचार्य रजनेश शाक्य, जे0एस0 इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव, प्रो यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, मृदुल, नीरेश पाल आदि लोग उपस्थित रहे

मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ खण्ड शिक्षाधिकारियों को सौंपेगे ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के सभी ब्लांक संसाधन केंद्रों पर खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर कायमगंज, कमालगंज, मोहम्मदाबाद, बढ़पुर, राजेपुर और शमशाबाद बीआरसी कार्यालय पर खंड शिक्षाधिकारी के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन की दूसरी प्रति स्पीड पोस्ट से प्रदेश मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि शासन की दमनकारी नीतियों का ब्लॉक, जनपद और प्रदेश स्तरीय व्यापक विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक शिक्षकों की न्यायोचित मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपने मान सम्मान के लिए तीन बजे बीआरसी पहुंचने का आह्वान किया।

विश्व वन्य जीव दिवस पर आर्य समाज द्वारा किया गया यज्ञ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में ग्राम फतेपुर रावसाहब में जागरूकता कार्यक्रम व वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। क्षेत्रवासियों ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां देते हुए वन्य जीवों और वनस्पतियों के संरक्षण व संवर्द्धन का संकल्प लिया। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर रोक लगाने और इसके लिए आमजनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से सर्वप्रथम थाइलैंड ने 1973 में विश्व वन्य जीव दिवस मनाने का निर्णय लिया, जो स्वागत योग्य था, पर भारत में सृष्टि के आदि काल से ही

हवन में आहूतियां देते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

जीवों के संरक्षण और समृद्धि के लिए ऋषियों ने यज्ञीय जीवन प्रणाली को अपनाने का संदेश दिया है।

आचार्य ने बताया कि ऋषियों ने पंच महायज्ञों में देवयज्ञ और बलिवैश्वदेव यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण और जीवों के संरक्षण का सुझाव दिया है। जीवन में पंच महायज्ञों को धारण करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। आर्य समाज का प्रत्येक कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। आज आवश्यकता है कि सभी सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों को आर्य समाज का साथ देकर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को मजबूती प्रदान करनी चाहिए। कार्यक्रम में मुकेश राठौर, रवि राठौर, प्रदीप आर्य, अमित आर्य, महेश्वर दयाल आर्य, रजत आर्य, प्रांशु राठौर, विवेक, नीतीश राठौर, शोभा, छाया आदि उपस्थित रहे।

डा0 नवल किशोर शाक्य ने सलमान खुर्शीद से की मुलाकात

सलमान खुर्शीद गठबंधन प्रत्याशी डा0 नवल किशोर के लिए करेंगे प्रचार-प्रसार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सरल स्वभाव व अपनी मृदुभाषा से जाने जाने वाले सर्जन डा0 नवल किशोर शाक्य को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनने पर चारों ओर समर्थन मिल रहा है। डा0 नवल किशोर शाक्य ने अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचकर पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद से मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सलमान खुर्शीद ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र वह जनपद आकर

सलमान खुर्शीद को गुलदस्ता भेंट करते डा0 नवल किशोर शाक्य व उनकी पत्नी

गठबंधन प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करेंगे। डा0 नवल किशोर शाक्य ने बताया कि सलमान खुर्शीद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। उनसे मुलाकात करने के बाद पूर्ण रुप से आश्वासन मिला है। शीघ्र वह जनपद में आकर प्रचार प्रसार कर गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे।

पुनः प्रत्याशी बनने पर मुकेश राजपूत को बधाई देने वालों का लगा तांता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसद मुकेश राजपूत को तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनकी लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा के बाद उनके आईटीआई स्थित निवास पर सुबह से ही समर्थकों का

मुकेश राजपूत का स्वागत करते समर्थक

बधाई देने का तांता लगा हुआ है। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि पार्टी ने पुराने लोगों पर विश्वास जताया है। पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रभावित है। उनके नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनेगी। सुबह से ही समर्थकों ने उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से स्वागत किया।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत पैरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह में खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अंतर्गत विकासखंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के आगे अभिभावकों के लिए पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम चलाया गया। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को कई अहम जानकारियां दी गई तथा क्षेत्र के 11 आंगनबाड़ी केंद्र के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी कार्यक्रम के तहत अहम जानकारियां दी गई। पैरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम में आरपी पंकज यादव, बलवीर सिंह, सुरेश चंद्र, बृजेश, पुष्कर ने लोगों को जागरूक किया तथा काउंसलिंग

अभिभावकों को जानकारी देते खण्ड शिक्षाधिकारी — समृद्धि न्यूज

कार्यक्रम की जानकारियां दी। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा, आरपी पंकज यादव, बलवीर सिंह, बृजेश, पुष्कर, सुरेश चंद्र, शिक्षक प्रशांत कटियार, शालिग्राम गंगवार, आसिफ अली आदि लोग मौजूद रहे।

प्रियंका शाक्य ने फीता काटकर किया वाइब्रेट डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य ने वाइब्रेट डिजिटल लाइब्रेरी की ग्रैंड ओपनिंग में पहुंचकर फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की लाइब्रेरी से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में विकास होगा। उन्होंने लाइब्रेरी संचालक अभिषेक यादव को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्य से शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डॉ0 हरिओम यादव, उमेश चंद्र, आशीष यादव, मयंक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

लाइब्रेरी का उद्घाटन करती प्रियंका शाक्य

अम्बेडकर जयंती समारोह समिति का हुआ गठन

नरेन्द्र सिंह जाटव अध्यक्ष, महामंत्री सुरेन्द्र कुमार राणा बने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

डा0 भीमराव अम्बेडर जयंती समारोह समिति की बैठक फतेहगढ़ के मोहल्ला प्रीतम नगला में दिनेश कुमार मास्टर साहब के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में बाबा साहब अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को भव्यता को बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसके लिए कमेटी का गठन हुआ। अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण गौतम, उपाध्यक्ष संतोष दिवाकर, अशोक कुमार कठेरिया, रमेश चन्द्र कनौजिया, वीर सिंह अम्बेडकर, महामंत्री सुरेन्द्र कुमार राणा, कोषाध्यक्ष प्रमोद

बैठक में मौजूद समिति के लोग — समृद्धि न्यूज

कुमार, सचिव प्रभाकर वर्धन, संयुक्त सचिव इं0 वेदप्रकाश, आडिटर जितेन्द्र कुमार गौतम बनाये गये है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु दयाल ने की। इस मौके पर आरसी गौतम, रामरतन गौतम, चन्द्रशेखर, अमित गौतम, रामगोपाल, रवीश गौतम, रविन्द्र, रमन, दिनेश, गिरीजा शंकर, आरडी बौद्ध मौजूद रहे।

पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला में शिक्षकों ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ब्लाक संसाधन केंद्र कायमगंज में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण हेतु जेंडर इक्विटी की कार्यशाला के द्वितीय दिवस में ट्रेनर भारती मिश्रा व पूनम ओझा के द्वारा समस्त प्रतिभागियों के छह समूह बनाकर आधा फुल कॉमिक्स कहानियों पर चर्चा व मंथन किया गया। इनके माध्यम से समाज में स्टीरियो टाइप व्याप्त सोंच को बदलने के प्रयास पर चर्चा की गई। ट्रेनर सुधा वर्मा व सुनीता चौहान के द्वारा समावेशी शिक्षा तथा प्रेरणादायी गीतों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने

कार्यशाला में मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उदय यादव, अनुराग पाठक, जितेन्द्र सिंह द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कार्यशाला में आकांक्षा, लक्ष्मी देवी, अंजली, हरिशंकर, पवन, जावेद अख्तर, नीरज द्विवेदी, अनुपमा सक्सेना, ज्योति, प्रियंका, सुमन सिंह, प्रभात द्विवेदी, रिपु मर्दन सिंह, विनोद पाठक, अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट अलंकार सहयोग योजना के तहत चयनित तीन विद्यालयों को प्रदान की गई पहली किश्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्रोजेक्ट अलंकार सहयोग धनराशि योजना जिसमें अशासकीस सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार हेतु सहयोग धनराशि प्रदान किये जाने का प्राविधान है। जिसके अन्तर्गत जनपद में चयनित 3 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय भारतीय विद्यालय इण्टर कालेज महेशनगर, राजेन्द्र सिंह इण्टर कालेज नवाबगंज तथा पुरूषोत्तम सिंह इण्टर कालेज राजेन्द्र नगर में आगणित धनराशि के सापेक्ष प्रथम किश्त की धनराशि प्रदान की गई है। विद्यालयों के चयनित कार्यक्रमों का शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल रूप से किये जाने हेतु भारतीय विद्यालय इण्टर कालेज महेशनगर में कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, मुख्य

कार्यक्रम में मौजूद सीडीओ व डीआईओएस आदि — समृद्धि न्यूज

विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, प्रबन्धक भारतीय विद्यालय इ0का0 महेशनगर राजेन्द्र नारायण मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय को अतिसुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने की अपेक्षा की एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा योजना के विस्तृत लाभों को अवगत कराया गया। प्रबन्धक ने आये हुये समस्त अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन अनुसार ही विद्यालय में समस्त कार्यो निष्पादन किया जाता है और भविष्य में भी इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य रतीराम, अवधोश कुमार तथा ज्ञानेन्द्र कटियार एवं अन्य शिक्षक के साथ जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा मनेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। संचालन आकाश कुमार मिश्रा ने किया।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 172 रनों हराया

कंगारुओं ने घर में घुस कर न्यूजीलैंड को दी पटखनी

एजेंसी।

वेलिंग्टन। नाथन लायन के विकेटों के सिक्सर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट मैच में चौथे दिन न्यूजीलैंड को 196 रन पर समेट कर 172 रन से जीत दर्ज की है।

आठ साल के बाद घर में मुकाबला हारी कीवी टीम

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने कल स्पिन गेंदबाज ग्लेन फिलिप्स के पांच विकटों की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को 164 रन पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बना लिये थे। आज सुबह बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने केवल 70 रन के अंदर ही अपने सात विकेट गंवाकर 196 रन पर ढेर हो गई। टेस्ट क्रिकेट में 14 साल बाद ऐसा हुआ है जब न्यूजीलैंड की टीम अपने घर में दोनों पारियों में 200 से कम के स्कोर पर ऑल आउट हुई है। इससे पहले वर्ष 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हेमिल्टन में न्यूजीलैंड दोनों टेस्ट पारियों में 200 से कम के स्कोर ढेर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया के 36 वर्षीय गेंदबाज नाथन लियोन ने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में छह विकेट लेकर मैच जीतने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दोनों पारियों में कुल 10 विकेट चटाये। न्यूजीलैंड के लिए दूसरी पारी में केवल रचिन रवींद्र ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा डेरिल मिचेल ने 38 रन और स्कॉट कुग्गेलिन ने 26 रन, विल यंग 15 रन और मैट हेनरी 14 रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में कैमरून ग्रीन के 174 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की पहली पारी में शुरुआत बेहद खराब रही उसने मात्र 29 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। टॉम लेथम पांच रन, विल यंग नौ रन, केन विलियमसन शून्य और रचिन रविंद्र शून्य पर आउट हुये।

ग्लेन फिलिप्स सर्वाधिक 71 रन बनाये उसके बाद मैट हेनरी ने 34 गेंदों में 42 रनों की पारी खेली। मैट हेनरी 42 रन और टॉम ब्लंडल 33 रन बनाकर आउट हुये। नेथन लायन और जॉश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यूजीलैंड को पहली पारी में 41.1 ओवर में मात्र 179 रनों पर ही सिमट दिया था।

ऑस्ट्रेलिया की ओर नेथन लायन ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 204 रन की बढ़त मिली थी। हालांकि ग्लेन फिलिप्स की फिरकी में फंस कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 164 रन सिमट गई थी और न्यूजीलैंड को जीत के लिए 369 रन का लक्ष्य मिला था। न्यूजीलैंड चौथी पारी में 369 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और उसने कल दिन का खेल समाप्त होने तक अपने तीन विकेट 111 के स्कोर पर गंवा दिये थे। हालांकि चौथे विकेट के लिए रचिन रवीन्द्र और डरिल मिचेल के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई लेकिन उसके बाद शेष बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के एक पवेलियन लौटते चले गये और पूरी टीम दूसरी पारी में 196 रन ही बना सकी और 172 रन से मुकाबला हार गई। ग्रीन को 174 रनों की शानदारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर नाथन लायन ने छह विकेट लिये। जॉश हेजलवुड को दो विकेट मिले। ट्रविस और कैमरून ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी, दुबई। वेलिंगटन टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के दो पायदान नीचे खिसकने से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड चार मैचों में 36 अंकों और 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर था।

आज न्यूजीलैंड ने 172 रन की भारी हार के बाद 2021 डब्ल्यूटीसी चैंपियन ने शीर्ष स्थान गंवा दिया और 60 प्रतिशत अंक के साथ नंबर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को मिली जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है और वह तालिका में 64.58 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत ने आठ टेस्ट मैचों में पांच में जीत हासिल की है और एक मैच ड्रा रहा। ऑस्ट्रेलिया तालिका में तीसरे स्थान पर है, उसका अंक प्रतिशत 59.09 है तथा 78 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 11 टेस्ट से सात में जीत हासिल की है। तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। वहीं बंगलादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की है। पांच मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का शून्य अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है। भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को हरा देता है तो वह टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष बरकरार रहेगा। यदि पांचवां टेस्ट ड्रॉ रहता या इंग्लैंड को जीत मिलती है तो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकते। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

गाजा में पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में 90 लोग मारे गए

एजेंसी।

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में करीब 90 लोग मारे गए हैं और 177 से अधिक घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले 24 घंटों में इजरायल हमलों से गाजा पट्टी में 90 लोग मारे गए, 177 घायल हुए। मंत्रालय ने कहा कि इससे गाजा में युद्ध में मरने वालों की संख्या 30,410 हो गई है और घायलों की संख्या 71,700 हो गयी है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि कतर ने 24 नवंबर को इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की।

युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और एक दिसंबर को समाप्त हो गया।

यह समय जीत प्राप्त करने का है : भागवत

एजेंसी।

- नुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता
- स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं

पटना (बिहार)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है।

पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातः काल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं।

भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना। तीसरा कार्य जैसा समाज चाहिए उस अनुरूप अनुशासन के साथ प्रामाणिकता से आचरण और चौथा कार्य भोग नहीं, बल्कि त्याग का सिद्धांत व्यवहार में उतरना।

शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच करणीय कार्य निश्चित किए गए हैं। पहला कार्य सामाजिक समरसता, दूसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन, तीसरा स्वदेशी, चौथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और पांचवां कार्य नागरिक कर्तव्य बोध का जागरण है।

कार्यक्रम में मंच पर दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा और महानगर के संघचालक डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

अमेरिकी सीहॉक्स एमएच-60आर छह मार्च को भारतीय नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

एजेंसी।

नौसेना की आंख, कान बनकर यह हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का करेगा सफाया

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में उड़ता फ्रिगेट कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीद रही है, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुई थी। सौदे के तहत अब तक छह एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। पहली खेप की आपूर्ति के दौरान भारतीय नौसेना के 18 कर्मियों की एक टीम अमेरिका में हेलीकॉप्टरों के उड़ान का प्रशिक्षण लेने के लिए गई थी। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल एयर क्रू और तकनीकी चालक दल के पहले भारतीय बैच को अमेरिका के पेंसाकोला, फ्लोरिडा और सैन डिएगो में प्रशिक्षण देने के लिए किया गया।

रियासी में भूस्खलन की चपेट में आने से तीन बच्चों सहित चार की मौत

एजेंसी, रियासी। जम्मू संभाग के रियासी जिले के चसाना बेल्ट में कच्चा घर भूस्खलन की चपेट में आने से तीन नाबालिग बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में हुई लगातार बारिश के कारण कुंदरधन चसाना में एक कच्चे घर में भारी भूस्खलन के कारण चार लोगों का परिवार जिंदा मलबे में दम गया। उन्होंने कहा कि शनिवार देर रात को जब भूस्खलन हुआ तब परिवार के सभी लोग सो रहे थे। भूस्खलन से माँ और उसके तीन बच्चों की मृत्यु हो गई दो अन्य घायल हुए है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि बचाव दलों ने सभी शव बरामद कर लिए हैं और अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं।

हवाई सफर का सपना दिखाने वाले मोदी ने गरीब से रेल भी छीनी : राहुल

एजेंसी।

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब को हवाई जहाज से यात्रा का सपना दिखाते रहे हैं लेकिन सच यह है कि उनकी सरकार की नीतियों ने गरीब से रेल की सवारी भी छीन ली है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज की यात्रा का सपना दिखा श्री मोदी 'गरीबों की सवारी' रेलवे को भी उनसे दूर करते जा रहे हैं। हर साल 10 प्रतिशत बढ़ता किराया, डायनामिक फेयर के नाम पर लूट, बढ़ते कैंसलेशन चार्जेस और महंगे प्लेटफार्म टिकट के बीच लोगों को एक ऐसी 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर बहलाया जा रहा है जिस पर गरीब पांव तक नहीं रख सकता। वरिष्ठ नागरिकों तक से उन्हें मिलने वाली छूट छीन कर पिछले तीन वर्षों में सरकार उनसे 3,700 करोड़ की वसूली कर चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन के लिए आम आदमी की ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा कर दिया जाता है। गरीब और मध्यमवर्गीय यात्री रेलवे की प्राथमिकता से बाहर कर दिए गए हैं। ऐसी डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिये जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है जिसमें मज़दूर और किसान ही नहीं छात्र और नौकरीपेशा भी यात्रा करते हैं। सामान्य डिब्बों के मुकाबले एसी डिब्बों का निर्माण भी तीन गुना कर दिया गया है। दरअसल रेल बजट को अलग से पेश करने की परंपरा खत्म करना इन्हीं 'कारनामों' को छिपाने की साजिश थी। श्री गांधी ने मोदी सरकार की नीतियों को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा,÷सिर्फ अमीरों को ध्यान में रख कर बनाई जा रही रेलवे की नीतियां रेल पर निर्भर भारत की 80 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। मोदी पर भरोसा 'विश्वासघात की गारंटी' है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ग्वालियर से प्रारंभ होकर मोहना पहुंची

ग्वालियर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सुबह मध्यप्रदेश के ग्वालियर से रवाना होकर ग्वालियर जिले के मोहना पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत किया गया। आज की यात्रा मोहना में ही समाप्त हो गयी। कल यह यात्रा शिवपुरी जिले के लिए रवाना होगी। श्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज 50 वां दिन था। यह यात्रा सुबह ग्वालियर से रवाना हुयी। यात्रा में श्री गांधी के साथ वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। यात्रा का रास्ते में जगह जगह स्वागत किया गया। आज की यात्रा मोहना पहुंचने के बाद समाप्त कर दी गयी। हालांकि यात्रा को आगे जाना था, लेकिन श्री गांधी के पटना दौरे के चलते यात्रा को मोहना में ही रोक दिया गया। अब यह यात्रा कल शिवपुरी जिले के लिए रवाना होगी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा ने बताया कि श्री गांधी की यात्रा ग्वालियर जिले के मोहन कस्बे तक आई। उसके बाद श्री गांधी वहां से ग्वालियर होते हुए पटना चले गए। उन्हें पटना में इंडिया महागठबंधन की बैठक में शामिल होना था। इसलिए शिवपुरी की श्री गांधी की न्याय यात्रा आज स्थगित कर दी गयी।

सनातन धर्म के संरक्षण में साधु-संतों का विशेष योगदान-भजनलाल

एजेंसी, जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन धर्म के संरक्षण में साधु-संतों का विशेष योगदान बताते हुए कहा है कि इनके कारण भारतीय संस्कृति का संवर्द्धन एवं संरक्षण हुआ है और उनके विशेष योगदान से आज भारतीय संस्कृति के मूल्य विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखते हैं। श्री शर्मा रविवार को गोविंद देव जी मंदिर परिसर में बाबा बालकनाथ आश्रम द्वारा महामृत्युजंय महायज्ञ के उपलक्ष्य पर आयोजित कलश यात्रा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि यज्ञ का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है।

अग्रोहा को पुरातत्व स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा

एजेंसी।

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के अग्रोहा में स्थित महाराजा अग्रसेन ने मेडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की है।

श्री मनोहर लाल ने रविवार को यहां हरियाणा भवन में अग्रोहा स्थित पुरातत्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर ये घोषणाएं की। इस समझौता ज्ञापन पर एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत और हरियाणा पर्यटन एवं विरासत विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में किए। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यह प्रतिमा समाज के सहयोग से निर्मित होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि किसी के अनुरोध किए बिना भी उन्होंने हिसार में बनाए गए विश्व के सबसे बड़े हवाई अड्डे का नामकरण महाराजा अग्रसेन के नाम पर किया है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यताएं मुख्य रूप से नदियों के किनारे विकसित हुई और ऐसे प्रमाण मिले है कि सरस्वती नदी जो आदिबदरी (यमुनानगर) से निकलती है उसका प्रवाह हरियाणा से ही होकर जाता था। पहाडो में उत्खनन होने की वजह से नदी का प्रवाह दूसरी नदियों में चला गया होगा, लेकिन सैटेलाइट से ऐसे प्रमाण मिले है कि सरस्वती नदी हरियाणा के आदिबदरी से शुरू होकर राजस्थान, गुजरात होते हुए समुद्र में जाती है। इसी नदी के किनारे कई शहर बसे हुए थे, जिनमे से एक अग्रोहा शहर भी था। वह शहर आज दब गया है और यह शहर व्यापार का केन्द्र होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि फतेहाबाद का कुनाल, भिरढाना, बनावाली तथा हिसार के राखीगढ़ी भी सरस्वती के किनारे बसे स्थल रहे है। अग्रोहा पुरातत्व की दृष्टि से हमारे लिए महत्वपूर्ण स्थल है, जो दर्शाता है कि हमारी संस्कृति समृद्ध रही है और समाज को ऊंचा उठाने का काम तब भी हुआ है।

ओलावृष्टि : ट्रालियों में ओले भरकर सड़क पर उतरे किसान

समृद्धि न्यूज।

झांसी। जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की खेत में खड़ी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। खेतों में गिरे ढाई सौ ग्राम तक के ओलों को ट्रालियों में भरकर सैकड़ों किसान मऊरानीपुर टीकमगढ़ मार्ग के खदियन चौराहे पर उतर आए और मार्ग को जाम कर दिया।

किसानों ने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द किसानों के खेतों का सर्वे कराएं और उनके नुकसान की भरपाई कराई जाए। वहीं, मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी किसानों को समझाने में जुटे रहे। इसी दौरान एक किसान आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर जा चढ़ा, जिसे किसी तरह समझा-बुझाकर नीचे उतारा गया।

उल्लेखनीय है कि दो दिनों से जिले के दर्जनों गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचा रखी है। इसके चलते खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। इसी प्राकृतिक आपदा से त्रस्त रविवार की सुबह सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्राली में खेतों में गिरे ओले लेकर मऊरानीपुर-टीकमगढ़ मार्ग के खदियन चौराहे पर जा पहुंचे और मार्ग को जाम कर दिया। किसानों ने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द किसानों के खेतो का प्लॉट टू प्लॉट सर्वे कराए जाने और उनके नुकसान की उचित भरपाई करायी जाए। किसानों द्वारा सड़क जाम करने की सूचना पर पुलिस व प्रशासन में खलबली मच गई। अब झांसी में जगह-जगह किसानों का प्रदर्शन जारी है।

प्लॉट टू प्लॉट सर्वे को लेखपालों की टीम रवाना

आनन-फानन मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी गोपेश तिवारी ने बताया कि किसानों के खेतों में हुई ओलावृष्टि का प्लॉट टू प्लॉट सर्वे कराए जाने के लिए कृषि व राजस्व विभाग के लेखपालों की टीम रवाना हो गई है। किसानों की बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा दिलवाया जायेगा। हालांकि इसके बावजूद किसानों का प्रदर्शन जारी था।

बीमा कंपनियों का टोल फ्री नम्बर जा रहा बंद

किसान नेता शिवनारायण सिंह परिहार ने बताया कि पिछले दो दिनों से भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है। इसके चलते ग्रामीण अंचल के सैकड़ों गांव में फसलें तबाह हो गई। किसान बर्बाद और तबाह हो गया है। बीमा कंपनियों द्वारा किसानों को उचित बीमा दिया जाना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके लिए प्लांट टू प्लांट सर्वे भी हो। उन्होंने कहा कि जब से ओलावृष्टि हुई है बीमा कंपनियों का टोल फ्री नंबर बंद जा रहा है। यह उचित नहीं है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर किसान सड़क पर हैं।

इन क्षेत्रों के सैकड़ों गांवों की फसल हुई चौपट

ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो बबीना, रक्सा, मोठ, गुरसरांय, गरोठा, एरच, टकटौली,टोडी फतेहपुर, मऊरानीपुर में तेज बारिश के साथ भारी ओला वृष्टि हुई। जिससे खेत में खड़ी फसल खेत में ही बर्बाद हो गई। किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हो गया है।

फांसी लगाने पेड़ पर चढ़ा किसान बोला, आठ लड़की है साहब क्या खिलाएं?

मऊरानीपुर तहसील क्षेत्र में नेशनल हाईवे झांसी खजुराहों पर ग्राम अटारन के पास सैकडों की संख्या में मौजूद किसानों ने मार्ग को जाम कर दिया। इसी दौरान एक किसान पेड़ पर चढ़ गया और देखते ही देखते उसने प्रशासन और किसानों के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों के आश्वासन के बाद उसे नीचे उतारा गया। किसान ने बताया कि ओला वृष्टि से उसकी पूरी फसल बर्बाद हो गई है। जिसके बाद उसके पास अपने परिवार के भरण पोषण का संकट मंडरा रहा है। उसने बताया की उसकी आठ बेटियां हैं। उनको क्या खिलाएगे? जब फसल ही बर्बाद हो गई।

पर्सनॉलिटी को बढ़ाना है तो दांतों का रखें ध्यान

साफऔर चमकते दांत पर्सनैलिटी को बढ़ाते हैं।

डेंटिस्ट भी दांतों को साफरखने के लिए रोजाना दो बार ब्रश करने के लिए भी कहते हैं। यदि दांत साफहो तो ओरल हेल्थ भी अच्छी रहती है और इससे जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। लेकिन आपने यह बात नोट कि होगी कि कुछ लोगों के दांत ब्रश करने के बाद भी पीले हो जाते हैं। दांत पीले होने के कई कारण हो सकते हैं और यह बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि किन कारणों से से दांत पीले होते हैं।

ज्यादा माउथवॉश न करें इस्तेमाल :- माउथवॉश का ज्यादा इस्तेमाल करने के कारण मुंह सूख जाता है और लार की कमी हो जाती है। लार में खनिज, एंजाइम और ऑक्सीजन के कंपाउंड पाए जाते हैं जो मुंह में पीएच का स्तर बनाए रखने में मदद करते हैं। यह एसिड को इनेमल को दूर रखने में मदद करते हैं। वहीं लार दांतों में से दाग को कम करने में मदद करती है। लेकिन माउथवॉश में एसिड पाया जाता है जो इनेमल को नुकसान पहुंचाता है और इसके कारण दांत पीले हो सकते हैं।

ज्यादा कॉफी और चाय पीने से करें परहेज

चाय और कॉफी ज्यादा मात्रा में भी पीने के कारण दांत पीले दिखने लगते हैं। जब दिन में 2-3 बार चाय या कॉफी पी जाती है तो दांतों की ऊपरी परत धुंधले एंजेट के सीधे संपर्क में आ जाती है जिसके कारण यदि रोज दांत साफन किए जाएं तो यह पीले होने लगते हैं। यदि फिर भी आप कॉफी और चाय ज्यादा पीते हैं तो इसकी मात्रा कम कर दें और दांतों की देखभाल करें।

एसिड वाले फल और सब्जियां रखें दूरी

ज्यादा मात्रा में एसिड वाले फल और सब्जियां खाने के कारण दांतों का इनेमल पतला हो जाता है। फलों में एसिड पाया जाता है जो दांतों के लिए हानिकारक है। टमाटर, जूस, अनानास में एसिड ज्यादा मात्रा में होता है ऐसे में इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। कम करने का मतलब यह नहीं कि इन फलों को आप अपनी डाइट से नहीं निकाल दें लेकिन इनका सेवन करने के तुरंत बाद पानी पिएं इससे भी दांतों को पीलापन भी दूर होगा।

ज्यादा मीठा खाने से बचें

मीठे का ज्यादा सेवन करने से मुंह में एसिड बढ़ जाता है। यह एसिड दांतों के लिए फायदेमंद नहीं होता। इसके कारण दांत पीले हो जाते हैं इसलिए मीठा खाने के बाद अपने दांतों पर ब्रश करें। इसके अलावा मिठाई खाने के बाद पानी पीना भी न भूलें।

धूम्रपान से रहें दूर

सिगरेट में पाया जाने वाले निकोटीन दांतों को प्रभावित करता है। यह दांतों को जल्दी पीला कर देता है। इसके अलावा धूम्रपान करने के कारण मसूड़ों की समस्या भी होने लगते हैं। ऐसे में धूम्रपान का सेवन न करें ।